आलोक मेहता, 7 सितंबर 1952 उज्जैन (म०प्र०)। शिक्षा–एम०ए०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–पत्रकारिता संप्रति–गवर्नेंस नाउ के संपादक, एडीटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष, भारतीय प्रेस परिषद् के पूर्व सदस्य। कृतियाँ–नामी चेहरे-यादगार मुलाकातें, पत्रकारिता की लक्ष्मणरेखा, भारत में पत्रकारिता, इंडियन जर्नलिज़्म कीपिंग इट क्लीन, सफ़र सुहाना दुनिया का, तब और अब, चिड़िया फिर नहीं चहकी (कहानी-संग्रह), राइन के किनारे, स्मृतियाँ ही स्मृतियाँ, आस्था का आँगन, सिंहासन का न्याय, राव के बाद कौन, अफ़गानिस्तान बदलते चेहरे, नर्मदाशंकर; संपादन–आधुनिक भारत : परंपरा ओर भविष्य, वॉयस ऑफ़ जर्मनी, नवभारत टाइम्स, नवभारत टाइम्स समाचार सेवा, दैनिक हिंदुस्तान, दैनिक भास्कर, आउटलुक साप्ताहिक, नई दुनिया। पुरस्कार-सम्मान–पद्मश्री (भारत सरकार), विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से डी० लिट् की मानद उपाधि 2008, प्रथम गणेशशंकर विद्यार्थी पत्रकारिता सम्मान (माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल) 2007, हल्दी घाटी सम्मान 2007, उत्तरप्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार तथा हिंदी अकादमी द्वारा साहित्यकार पत्रकार सम्मान 2006, दिल्ली हिंदी अकादमी द्वारा श्रेष्ठ लेखन पुरस्कार 1999, इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार तथा सर्वोत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार 1995, राष्ट्रीय तुलसी सम्मान 1994, राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार 1993; पता–ए-16, नवभारत टाइम्स अपार्टमेंट्स, मयूर विहार फेज प्रथम, दिल्ली 110091, दूरभाष : 011-22795260, मो० 09810323298

आलोकरंजन पांडेय (डॉ०), 15 अप्रैल 1976 मोतिहारी (बिहार); शिक्षा–एम०ए०, एम०फिल०, पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, संस्कृत, भोजपुरी, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–रहीम सतसई में बिंब-योजना, भाषा-अनुप्रयोग, लेखन-शैली दक्षता (संयुक्त लेखन); देश की विभिन्न

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पत्र-पत्रिकाओं में समय-समय पर विविध रचनाएँ/ समीक्षाएँ आदि प्रकाशित; संपादन–गद्य प्रबोधकाव्य, गद्य-छाया, काव्य-सुरिभ, गद्य-सुरभि, पल्लव हिंदी पाठशाला भाग 7-8 (संयुक्त लेखन)। पता–डब्लू जेड-241-1, प्रथम तल, इंद्रपुरी, डाकघर के समीप, नई दिल्ली 110012; दूरभाष 011-25832493, मो॰ 09313809165

आलोक शर्मा, दुर्ग (छ॰ग॰); शिक्षा–एम॰ए॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाईनगर में कार्यरत। प्रकाशन–देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, संकलनों एवं विशेषांकों में अनवरत प्रकाशन। पुरस्कार-सम्मान–कादंबिनी साहित्य महोत्सव रायपुर में पुरस्कृत; उत्कल मेल, राऊलकेला सम्मान; गहोई वैश्य समाज द्वारा सम्मान, अगासदिया भिलाईनगर द्वारा सम्मान, हास्य-व्यंग्य कवि के रूप में देश-भर के प्रतिष्ठित मंचों से अनवरत काव्यपाठ एवं ई॰टी॰वी॰, सब टी॰वी॰ व एन॰डी॰टी॰वी॰ से कविता-पाठ। पता– क्वार्टर नं॰ 3 डी, सड़क 29, सेक्टर 1, भिलाईनगर, ज़िला दुर्ग (छ॰ग॰) 490001, दूरभाष : 0788-223917, मो॰ 09993240084

आशमा कौल, 1 जनवरी 1961 श्रीनगर कश्मीर। शिक्षा–बी॰कॉम॰ रूसी भाषा में डिप्लोमा, पत्रकारिता में डिप्लोमा। भाषाज्ञान–हिंदी, कश्मीरी। कृतियाँ–अनुभूति के स्वर, अभिव्यक्ति के पंख, बनाए हैं रास्ते, ज़िंदगी एक पहेली (काव्य-संग्रह)। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कविताएँ प्रकाशित। संपादन–पहचान पत्रिका, नौतरणी-भारत सरकार की पत्रिका। पुरस्कार-सम्मान–राष्ट्रीय राजभाषा पीठ इलाहाबाद द्वारा भारतीरत्न सम्मान, नारी अभिव्यक्ति मंच (पहचान) फरीदाबाद द्वारा सम्मानित, अखिल भारतीय राष्ट्रभाषा विकास संगठन एवं यू॰एस॰एम॰ पत्रिका गाजियाबाद उ॰प्र॰ से राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2006, हरियाणा लेखिका मंच सिरसा द्वारा सम्मानित 2006, साहित्यांचल संस्थान भीलवाड़ा (राजस्थान) द्वारा साहित्यांचल साहित्यकार सम्मान 2007, ग्वालियर साहित्य कला परिषद द्वारा शब्दमाधुरी सम्मान 2008, हिमाक्षरा राष्ट्रीय साहित्य परिषद् द्वारा अर्धशती अलंकरण 2009, अंतरंग कला प्रतिष्ठान कानपुर द्वारा अंतरंग कला सम्मान 2010, अखिल भारतीय अंबिकाप्रसाद दिव्य रजत अलंकरण 2012, इंडो-पाक तनज़ीमे एहसासात द्वारा साहित्यशिल्पी 2013, काव्यरत्न सम्मान 2013, काव्यसरिता सम्मान 2013; पता–कोठी नं॰ 2665, सेक्टर 16 फरीदाबाद 121002 (हरियाणा); दूरभाष : 0129-2281610, मो॰ 98681 09905 ईमेल–ashma.kaul@yahoo.com

आशनारायण शर्मा (डॉ॰), 27 अप्रैल 1934, हरिपुरकृष्ण, सीहो (मुजफ़्फ़रपुर) बिहार। शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), पीएच॰डी॰, बी॰एल॰। कार्यक्षेत्र–पूर्व प्राचार्य। विधाएँ–कविता, समीक्षा, निबंध, संस्मरण, कथासाहित्य। कृतियाँ–काव्य-देवराहा बाबा स्तवन, आओ मेरे पास, कुहरे की झील; समीक्षा–आचार्यकवि श्री जानकीवल्लभ शास्त्री : व्यक्तित्व और कृतित्व। पुरस्कार-सम्मान–दिनकर हिंदी-साहित्य संस्थान चमथा (बेगूसराय) बिहार द्वारा महादेवी वर्मा

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मानक उपाधि से अलंकृत। पता–ग्राम हरिपुर कृष्ण, पो॰ सीहो (मुज़फ़्फ़रपुर)

आशा गुप्त (डॉ॰), 21 सितंबर 1924; कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त प्राध्यापिका, दौलतराम कालेज, दिल्ली। कृतियाँ–खड़ीबोली काव्य में अभिव्यंजना, जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन और बिहारी भाषासाहित्य, मध्ययुगीन हिंदी कवि-अन्वेषक ग्रियर्सन, ग्रियर्सन के साहित्येतिहास, सुभाषचंद्र बोस; सहलेखन–हिंदीगद्य : उद्भव और विकास, कालजयी विविध आयाम; सहसंपादन–महादेवी अभिनंदन ग्रंथ; अनुवाद–मूल अँग्रेज़ी से : शारीरिक स्वास्थ्य योजना; मूल रूसी से अँग्रेज़ी में : नार्म्स फ़ार कोल पल्वराइजेशन प्लांट; हिंदी में-चेखव की कोरस नायिका। मूल बंगला से : सुनील गंगोपाध्याय 'एक दो तीन पक्षी', बिमल मित्र की 'सरबतीबाई', विभूतिभूषण मुखोपाध्याय 'नीलम की अँगूठी', सुशील राय-'सतीदाह'। अँग्रेज़ी से : मोपासाँ, एंटन चेखव की चुनिंदा कहानियाँ, आधी रात का मनुष्य। पता–12, साक्षरा अपार्टमेंट्स, पश्चिम विहार, नई दिल्ली 110063

आशादेवी तोमर, शिक्षा–एम॰ए॰, बी॰एड्॰। कार्यक्षेत्र–सत्साहित्य अध्ययन-मनन, चिंतन एवं सृजन, पत्रकारिता, पत्रलेखन। कृतियाँ–भाव-सुमन (गद्य); विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पता–द्वारा डॉ॰ एन॰एस॰ तोमर, 17 वृंदावन कालोनी, खरगौन 451001 (म॰प्र॰); दूरभाष : 06728-232419

आशा 'मानव' (श्रीमती), 6 सितंबर 1937, जबलपुर (म॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी); कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–मानव-जीवन की आशा (काव्य-संग्रह); विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–काव्यरत्न, साहित्य-प्रभाकर की उपाधि; उत्तम शैक्षणिक सेवा-हेतु राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 1993; अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलन भोपाल द्वारा साहित्यश्री की उपाधि 1996; पता–बूढ़ापारा, रायपुर 492009 (म॰प्र॰); दूरभाष : 07723-222729

आशा मेहता (डॉ॰), 3 जून 1957; शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰ (हिंदी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। विधा–कहानी, काव्य, बालसाहित्य। कृतियाँ–स्वातंत्र्योत्तर हिंदी-उपन्यासों में वैचारिकता, हिंदी गद्य-साहित्य का विकास, विचार प्रधान उपन्यासों में कथ्य और शिल्प, प्रगतिशील व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास, सच्चा सुख (लघुकथा), नानी की सीख (बालसाहित्य) 2005, आत्मदीप (काव्यसंग्रह) 2008, सीखने की कला (संस्मरण) 2011; पता–247, कृष्णार्पितम, मार्ग नं॰ 6, रातीतलाई, बाँसवाड़ा 327001 (राज॰); दूरभाष: 02962-240710, मो॰ 09413306010 ई-मेल–dr.ashamehta@gmail.com

आशाराम त्रिपाठी (डॉ॰), 10 दिसंबर 1941, शिववंशी का पुर, शुक्लपुर, इलाहाबाद (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी, संस्कृत), डी॰फिल॰ (संस्कृत), प्राफ़ेशियन्सी इन जर्मन; कार्यक्षेत्र–आकाशवाणी में क्रमशः संपादक, प्रोड्यूसर, सहायक केंद्र निदेशक के पदों पर

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कार्य। कृतियाँ–चित्रकूट-शतक, तपस्विनी उर्मिला (खंडकाव्य), चतुर्दशी (राष्ट्रगीत-संग्रह), ज़रा-सी धूप, दर्द अपना-अपना (कविता-संग्रह), विचारगंगा (ललित निबंध), हरितवसन धरती रहे (पर्यावरणीय दोहे), गंगा तो जीवन है (गंगा के संबंध में ललित निबंध), अजर अमर गुन निधि सुत होहू (श्री रामचरितमानस के प्रसंगों का संकलन), धरा ये चंदन सदृश शीतल रहे (गीत-संग्रह), विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में निबंधों, संस्मरणों, लेखों, गीतों एवं कविताओं का प्रकाशन। पुरस्कार-सम्मान–निराला पुरस्कार, 'वैदिक यज्ञों के विधान में याज्ञवल्य के योगदान का समालोचनात्मक अध्ययन-अग्निगर्भा' वर्ष 1989 में उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी द्वारा पुरस्कृत, आकाशवाणी में हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा उत्कृष्ट सेवा हेतु उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा 1991 में पुरस्कृत, याज्ञवल्क्य और वैदिक यज्ञ-परंपरा पर गोविंददास पुरस्कार, विचारगंगा हिंदी संस्थान और संस्कृत विद्यापीठ लखनऊ द्वारा वर्ष 1993 में सम्मानित, मानस संगम चित्रकूट शतक तथा तपस्विनी उर्मिला पुरस्कृत, हिंदी भवन द्वारा साहित्यश्री, भारतीय पत्रकार काँग्रेस द्वारा साहित्यश्री, गीतायनम् संस्कृत संस्थान, हिरण्मयेन पात्रेण, उत्तर प्रदेश रत्न, राष्ट्रीय हिंदीसेवी सहस्राब्दी सम्मान, संस्कृत साहित्य पुरस्कार, विद्याभारती, हिंदीभूषण, साहित्यवाचस्पति, कबीर सम्मान, कबीर नामित पुरस्कार, सन् 1984 में भारत सरकार तथा जर्मन जनवादी गणराज्य के सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ाने के लिए जर्मनी भेजे गए शिष्टमंडल में सम्मिलित; पता–सी-2/1-0 विशेषखंड, गोमतीनगर लखनऊ 226010; दूरभाष : 0522-2720287, मो॰ 09616227071

आशाराम त्रिपाठी, 12 अप्रैल 1946, ग्राम पारा (छतरपुर); शिक्षा–एम॰ए॰; भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–वरिष्ठ वित्त प्रबंधक, म॰प्र॰ पाठ्यपुस्तक निगम। विधाएँ–गीत, व्यंग्य, ग़ज़ल। कृतियाँ–अनेक पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पता–एफ 108/12, शिवाजीनगर, भोपाल-16

आशा रावत (डॉ॰), 15 दिसंबर 1954, लखनऊ (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (राजनीति विज्ञान, हिंदी), बी॰एड्॰, पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन, स्वतंत्र लेखन। कृतियाँ–जस की तस, पैसे कहाँ से दें, चाहिए एक भगतसिंह पर... (व्यंग्य-संग्रह), गुरुदक्षिणा (व्यंग्य-उपन्यास); पंछी पाड़ो मा लौटिएन, एक चेहरे की कहानी (उपन्यास); मेरा गाँव होशियारपुर (नाटक); बचे रहें सपने (कविता-संग्रह), एक गुमनाम फौजी की डायरी (संस्मरण); एक सपना मेरा भी था (कहानी-संग्रह) मैत की खुद (गढ़वाली कथा-संग्रह), स्वातंत्र्योत्तर व्यंग्य-निबंधों में सामाजिक चेतना (शोध); कवि तथा व्यंग्यकार : श्री रवींद्रनाथ त्यागी (संपादन); विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित; आकाशवाणी से वार्ताएँ प्रसारित; कविता परिदृश्य (प्रथम तथा द्वितीय) में कविताएँ प्रकाशित; कविता सहयात्रा का संपादन। पुरस्कार- सम्मान–अखिल भारतीय अंबिकाप्रसाद दिव्य रजत अलंकरण; जैमिनी अकादमी द्वारा भाषारत्न सम्मान; भारतीय संस्कृति संस्थान चंडीगढ़ द्वारा मानवमूल्य

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विश्वकोष के सृजन में योगदान हेतु सम्मान; अखिल भारतीय साहित्य संग्रह उदयपुर द्वारा काव्य कुमुदिनी की सम्मानोपाधि; कादंबरी जबलपुर : स्व॰ रामानुजलाल श्रीवास्तव ऊँट सम्मान, शैलवाणी कोटद्वार द्वारा शैलवाणी साहित्य सम्मान, पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी शिलांग द्वारा डॉ॰ महाराजा कृष्ण जैन स्मृति सम्मान। अन्य–पाठ्यपुस्तक अनुपम भारती (भाग-8 में व्यंग्य सम्मिलित, बी॰एड्॰ की पुस्तक वृत्तिक निर्देशन तथा रोजगार सूचना। पता–91/28, मोहिनी रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड); मो॰ 09759649842

आशीष दशोत्तर, 5 अक्टूबर 1972; शिक्षा–एम॰एस-सी॰ (भौतिकशास्त्र), एम॰ए॰ (हिंदी), बी॰जे॰एम॰सी॰, बी॰एड॰, एल-एल॰बी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। विधाएँ–काव्य। कृतियाँ–खुशियाँ क़ैद नहीं होतीं (काव्य-संग्रह); नन्ही बूँदों का समंदर, इंद्रधनुष, दोहे समकालीन आदि में रचना-प्रकाशन; पत्रिकाओं में रचनाओं का प्रकाशन; पुरस्कार-सम्मान–श्रेष्ठ युवा साहित्यकार का डॉ॰ शंकरदयाल सिंह स्मृति सम्मान 1996, म॰प्र॰ शासन नागरिक अधिकार संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अस्पृश्यता निवारण चेतना गीत प्रतियोगिता में पुरस्कृत 2001, साहित्य-गौरव सम्मान 2003, म॰प्र॰ स्थापना स्वर्ण जयंती समारोह में ज़िला प्रशासन रतलाम द्वारा श्रेष्ठ युवा रचनाकार सम्मान 2006, पुष्पगंधा प्रकाशन वर्धा (छ॰ग॰) द्वारा स्व॰ श्री हरि ठाकुर स्मृति सम्मान 2006, साहित्य अमृत व्यंग्य पुरस्कार 2009; पता–39, नागर वास, रतलाम 457001(म॰प्र॰); मो॰ 09827084966

आशीष सिन्हा, 8 नवंबर, 1943, मुंगेर (बिहार); शिक्षा–एम॰ए॰ (राज॰), भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, बंगला, उर्दू, वल्गारियन। कार्यक्षेत्र–प्रकाशन विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली। कृतियाँ–समय बीता हुआ, कई लहरों के बीच, अजनबी इंद्रधनुष, सूर्योदय से पहले, कोई एक सपना, आगामी वसंत में, रोशनी नहीं (उपन्यास); आदमख़ोर, इस शहर में, बादशाह सलामत (कहानी-संग्रह); नायक-खलनायक (नाटक)। पुरस्कार-सम्मान–दिल्ली प्रशासन द्वारा सम्मानित। पता–147, एम॰एम॰टी॰सी॰ कालोनी, नई दिल्ली 110021

आशु जेठी फुल्ल (डॉ॰), 26 नवंबर 1966 रोपड़ (पंजाब); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, पंजाबी, पहाड़ी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–महादेवी वर्मा व्यक्तित्व और कृतित्व, कहानीकार प्रेमचंद, हिमाचल की हिंदी-कविता, युग-पुरुष जवाहरलाल नेहरू व्यक्तित्व एवं कृतित्व। संपादन–साहित्यिक निबंध, हिंदी के सृजनकर्मी। पता–पुष्पांजलि, राजपुर पालमपुर, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश, दूरभाष : 01894-238054, मो॰ 094186 76118

आसिफ़ रोहतासवी (डॉ॰), 1 नवंबर 1960, सकरी (कैमूर), बिहार। शिक्षा–एम॰ए॰, पी-एच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–चटखती दीवारें (काव्य); भोजपुरी कविता-संग्रह, हिंदी-ग़ज़ल : उद्भव और विकास, ग़ज़लकार निराला; पता–साहित्यांजलि कुटीर, सकरी,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पत्रालय–कुदरा (कैमूर) 821108 (बिहार); दूरभाष : 06187-255002

आसिम नजम (मौ॰), 1 जनवरी, 1972, अम्बेहटा पीर ज़ादगान (सहारनुपर) उ॰प्र॰; शिक्षा–एम॰ए॰ (अर्थशास्त्र, अँग्रेज़ी, उर्दू), एम॰कॉम, बी॰एड॰, एम॰एस॰सी॰ (भूगोल) शास्त्री संपूर्णानंद विश्वविद्यालय, वाराणसी। कार्यक्षेत्र–उर्दू ग़ज़ल कहना, हास्य व्यंग्य लिखना। कृतियाँ–जल्वा क़रीब है (ग़ज़ल-संग्रह हिंदीभाषा में), रद्दी की टोकरी (उर्दू भाषा में हास्य-व्यंग्य का संग्रह), अंदाज़ेबयाँ (उर्दू भाषा में हास्य-व्यंग्य), मेरी ग़ज़लें(ग़ज़लों का संकलन उर्दू भाषा में); पता–इस्लामिया इंटर कॉलेज, ईदगाह रोड, सहारनपुर। दूरभाष : 0132-2644789 मो॰ 09997731086

आसी पुरनवी, 31 दिसंबर 1953, इलमासनबार (समस्तीपुर); शिक्षा–बी॰एस॰सी॰। कार्यक्षेत्र–दूरभाष विभाग में सेवारत। कृतियाँ–आसी ग़ज़लें पापी गीत; हिंदी-ग़ज़ल पंचदशी में ग़ज़लें सम्मिलित; गद्य–हलकी-सी चोट; काव्य–दुकूलिनी; पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–साहित्यश्री, साहित्य-शिरोमणि। पता–लरकनिया कटिहार 854105 (बिहार); दूरभाष : 06452-222363

इंदिरा अग्रवाल (डॉ॰), 2 जुलाई 1950, अलीगढ़ (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), पीएच॰डी॰, विद्यावाचस्पति, संगीत प्रभाकर (सितार); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–प्रवक्ता, स्वतंत्र लेखन; विधाएँ–कविता, हाइकु, ग़ज़ल। कृतियाँ– कविता-संग्रह–संचित संवेग, उद्वेलित आवेग, उन्मुक्त स्वर, प्रहार; कालांश (हाइकु-संग्रह); तुम्हारे लिए (ग़ज़ल-संग्रह); संपादन–जर्जर-कश्ती (मासिक), हम सब साथ-साथ (मासिक), घटना कर्म-दर्पण (साप्ताहिक); अन्य–आगरा आकाशवाणी से गीत, ग़ज़ल, और वार्ता प्रसारित; लगभग चार दर्जन सहयोगी संग्रहों में रचनाओं का प्रकाशन; देश की शताधिक पत्र-पत्रिकाओं में रचनाओं का प्रकाशन। पुरस्कार-सम्मान–अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन बेंगलूर द्वारा विशेष पुरस्कार; राष्ट्रीय हिंदी परिषद मेरठ द्वारा हिंदीभूषण सम्मान; अखिल भारतीय हिंदी सम्मेलन ग़ाज़ियाबाद द्वारा सुभद्राकुमारी चौहान सम्मान; अखिल भारतीय हिंदी साहित्य परिषद् (कोटा) द्वारा स्व॰ श्री विजयकृष्णदास स्मृति सम्मान; भारतीय साहित्य एवं पत्र-लेखन अकादमी सहारनपुर द्वारा पद्मश्री कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर साहित्यिक राष्ट्रीय सम्मान; म॰प्र॰ तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा तुलसी सम्मान; अक्षरधाम समिति कैथल हरियाणा द्वारा अक्षरश्री सम्मान; द अनंत शक्ति टाइम्स प्रकाशन समूह ऋषिकेश की ओर से काव्य साहित्यभूषण सम्मान; हिंदी प्रचार समिति ऋषिकेश की ओर से पद्म साहित्य अलंकार; ऑल इंडिया वज़्मे सईद द्वारा 'शाइरे वतन' सम्मान; साहित्यिक, सांस्कृतिक, कला संगम अकादमी परियावाँ प्रतापगढ़ से सुश्री राजकिशोरी सम्मान; प्रतिभा संगम साहित्यिक प्रतिष्ठान भोपाल द्वारा काव्यगिरि; शिवसंकल्प साहित्य परिषद् नर्मदापुरम् से साहित्यसुरभि अलंकरण; ऋतंभरा साहित्यिक मंच कुम्हारी दुर्ग (छ॰ग॰) द्वारा ऋतंभरा सम्मान; प्रतिभा प्रकाश रामपुरा

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

(जालौन) से साहित्यशिरोमणि सम्मान सहित अनेक पुरस्कार व सम्मान। पता–आकर्षण, गली नं. 4, स्टेडियम के पीछे रामबाग कालोनी, रामघाट रोड, अलीगढ़ 202001 (उ०प्र०); दूरभाष : 0571-2741785, मो० 09412176767; ई-मेल–indragrawal@gmail.com

इंदिरा आचार्या डॉ०, बरेली (उ०प्र०); शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, संस्कृत), पीएच०डी० (हिंदी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। विधा–काव्य, कहानी। कृतियाँ–शोधप्रबंध–आधुनिक हिंदी कहानी : मनोवैज्ञानिक विवेचन, यात्रा–चेतना के आरोहों पर; गद्यकाव्य–यात्रा चेतना के आरोहों पर 1989; कहानी संग्रह–ताकि सनद रहे, मुक्तिदंश। पुरस्कार-सम्मान–इनर व्हील क्लब, बरेली द्वारा साहित्य सेवा के लिए सम्मानित 1991-92; विवेक गोयल साहित्य पुरस्कार 1998; पता–श्री आचार्य पी० कुँवरपुर, बरेली (उ०प्र०); दूरभाष : 25542724

इंदिरा गौड़, 19 दिसंबर 1943, सहारनपुर (उ०प्र०); शिक्षा–स्नातक; कृतियाँ–सुधियों का कुंभपर्व (गीत-संकलन), तुलसी सहन की (गीत-संकलन), सात समंदर पार (बालगीत-संकलन), मिट्ठूमियाँ (बालगीत-संकलन), प्राण बाँसुरी (गीत समग्र)। पुरस्कार-सम्मान–'समन्वय' सहारनपुर द्वारा सारस्वत सम्मान 1993, अखिल भारतीय पत्रकार संघ सहारनपुर द्वारा साधना सम्मान 1994, भारतीय बाल-कल्याण संस्थान कानपुर द्वारा बालसाहित्य सम्मान 1997, चित्रा प्रकाशन, अकौला, चित्तौड़गढ़ द्वारा पं० सोहनलाल द्विवेदी बालसाहित्य पुरस्कार 1999, कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' स्मृति सम्मान 2001, 'आसपास राग के' संस्था ग्वालियर द्वारा डॉ० श्यामा सलिला-स्मृति कृतित्व सम्मान 2002, सहारनपुर महोत्सव समिति द्वारा रामधारीसिंह 'दिनकर' सम्मान 2005 आदि। पता–ब्रजविधि, 245-नया आवास विकास, सहारनपुर (उ०प्र०) 247001; दूरभाष : 0132-2760637, मो० 08006008683

इंदिरा जोशी (डॉ०), 17 अप्रैल, 1933 दिल्ली। शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी०, डी०लिट्। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत, मराठी, चीनी भाषा। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–हिंदी उपन्यासों की प्रादेशिक रूप आभा, हिंदी-उपन्यासों में लोकतत्त्व, भारतीय उपन्यासों में वर्णन-कला का तुलनात्मक मूल्यांकन, हिंदी आंचलिक उपन्यास : उद्भव और विकास, हिंदी-उपन्यासों का लोकवार्तापरक अनुशीलन; संपादन–एकांकी सौरभ। पता–ए-3 अरविंद नगर, एयर फोर्स एरिया, गोल्फ लिंक रोड, जोधपुर 342011, दूरभाष : 0291-2433325

इंदिरा दीवान (डॉ०), 13 अक्टूबर 1940; शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, संस्कृत, अँग्रेज़ी, दर्शनशास्त्र), पीएच०डी०, एल-एल०एम०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, मराठी, गुजराती, संस्कृत, रशियन। कार्यक्षेत्र–शासकीय सेवा के बाद अब स्वतंत्र लेखन। विधा–काव्य, उपन्यास, कहानी। कृतियाँ–कथासाहित्य–अनि अनावृत, अंत नहीं, मौन पीड़ा, मत्स्यगंधा, भीष्म पितामह, तनु तारक, प्रश्नों का रेगिस्तान, उर्मिला, अयनहिता, माही, ये क्या हुआ, भावना, गांधारी; लिथुवानिया की एक शाम (यात्रा-साहित्य); दर्द काव्य, मापदंड (दर्शनशास्त्र), ओम; पुरस्कार-सम्मान–माता कुसुमकुमारी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार 1984; उत्तर प्रदेश हिंदी

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

संस्थान का पुरस्कार 1987; केंद्रीय हिंदी संस्थान का पुरस्कार 1988-89; जवाहरलाल नेहरू शताब्दी हिंदीसेवा पुरस्कार 1995; विश्ववल्लभ सर्वोदय संस्थान अस्मिता सम्मान मुंबई 1995; महर्षि पुरुषोत्तम टंडन पुरस्कार हैदराबाद 1996; पं॰ नारायणप्रसाद बेट्टल पुरस्कार अहमदाबाद 1998, महाराष्ट्र दलित साहित्य अकादमी द्वारा सुलोचना लेखिया पुरस्कार 1999; साथिनी सरस्वती सम्मान इलाहाबाद 1999; साहित्य सारस्वत गुजरात 1999; बीसवीं शताब्दी रत्न सम्मान 2000; सहस्राब्दी विश्व हिंदी सम्मेलन पुरस्कार 2000; रामवृक्ष बेनीपुरी शताब्दी सम्मान 2002; सुभद्राकुमारी चौहान जन्मशताब्दी सम्मान 2004; हिंदीसेवा सम्मान पानीपत 2005; भारत ज्योति अवार्ड 2008; विशेष–इंदिरा और उनकी कविता (डॉ॰ रामसजन पांडेय), इंदिरा के उपन्यास (सुषमा जायस), इंदिरा का कृतित्व (नरेंद्र डोडिया), इंदिरा क्षणिक अहसास (दिनेश चौहान), इंदिरा के नारीपात्र (अतुल राकेश), इंदिरा की राष्ट्रीय काव्य रचनाएँ (आशा सिंह); पता–31 सावन सोसायटी, जवाहर चौक ईसानपुर रोड, अहमदाबाद 380050; दूरभाष : 079-65435513; ई-मेल–drindiradiwan2007@yahoo.co.in

इंदिरा परमार, 14 नवंबर 1942, छेलिया (बरमपुर) उड़ीसा। शिक्षा–बी॰ए॰। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–अच्छे बच्चे और स्वास्थ्य, निंदिया रानी। पता–पीटर कालोनी, टिकरा पारा, धमतरी (म॰प्र॰)

इंदिरा पूनावाला (शहदादपुरी), 24 नवंबर, कराँची (सिंध); शिक्षा–बी॰ए॰, बी॰एड्॰, साहित्यरत्न (हिंदी); भाषाज्ञान–सिंधी, उर्दू, हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त अध्यापिका। विधाएँ–कहानी, कविता, ग़ज़ल। कृतियाँ–कहानी-संग्रह–इबादत (हिंदी, सिंधी), जमीर अपना-अपना; कविता-संग्रह–सलण जो सुख, तस्वीरें, सिलसिले, जागियल जमीर, मेरी प्रतिनिधि कविताएँ, मेरी मुन्तिखब नज़्में, शबनमी क़तरा; सरगोशियाँ (हिंदी-ग़ज़लें); पुरस्कार-सम्मान–दिल्ली-सिंधी अकादमी से सिंधी भाषा में 'शबनमी क़तरा' कविता-संग्रह को साहित्यिक योगदान 1997; राष्ट्रीय महिला प्रबोधनी पुणे से हास्यकवि गौरव सम्मान 2000; एन॰सी॰पी॰एस॰ए॰ बड़ौदा (गुजरात) के द्वारा 'इबादत' सिंधी कथा-संग्रह को पुरस्कार 2000; श्रीराम साहित्य एवं नाट्य मंडल नाहन (हि॰प्र॰) से साहित्यरत्न सम्मान 2001; समस्तीपुर (बिहार) में सिलसिले हिंदी कविता-संग्रह को साहित्य शिखर पुरस्कार 2001; कोल्हापुर अखिल भारतीय महिला अधिवेशन द्वारा गार्गी सम्मान 2003; भारतीय दलित साहित्य अकादमी, दिल्ली से वीरांगना सावित्री बाई फुले फैलोशिप 2003; हिंदी प्रसार वितरण साहित्य प्रतिष्ठान खतराना रायबरेली (उ॰प्र॰) से अदबश्री सम्मान 2005; ख़ानक़ाह सूफ़ी दीदार चिश्ती द्वारा 'दस्तक' कविता-संग्रह के लिए साहित्यरत्न सम्मान 2005; साहित्य संगम बालघाट (म॰प्र॰) से साहित्यशशि सम्मान 2005; अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन नासिक में उर्दूकाव्य में विशेष योगदान के लिए सम्मानित 2005; अंतर्राष्ट्रीय पराविद्या शोध संस्था हाजी मलंग वाड़ी कल्याण से हिंदीकाव्य गरिमा सम्मान 2005; सुरभि साहित्य संस्कृति अकादमी खंडवा (म॰प्र॰) से साहित्य शिखर सम्मान 2006; आल इंडिया बज़्मे सईद झाबुआ की तरफ

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

से शाने अदब सम्मान 2006; अंतर्राष्ट्रीय सम्मानोपाधि संस्थान कुशीनगर (उ०प्र०) से राष्ट्रभाषा-रत्न सम्मान 2006; राष्ट्रीय राजभाषा पीठ इलाहाबाद से भारतरत्न पुरस्कार 2008; सृजनदीप कला मंच पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) से साहित्यसेवा सम्मान 2008; प्रतिभा संगम प्रकाशन भोपाल (म०प्र०) से कीर्तिकाव्य अलंकरण 2008; पता–9 बी, मयूरवन अपार्टमेंट्स, 1100 मॉडल कालोनी, शिवाजी नगर, पुणे 411016; दूरभाष : 020-25652825, मो० 09422001711; ई-मेल–indira_shabnam@hotmail.com

इंदिरा मोहन, 22 मार्च 1946 बदायूँ (उ०प्र०); शिक्षा–एम०ए० (समाजशास्त्र); भाषाज्ञान–हिंदी। कार्यक्षेत्र–कवयित्री, लेखिका, समाजसेवा। कृतियाँ–गीत-संकलन–पेड़ छनी परछाइयाँ, पीछे खड़ी सुहानी भोर, कहाँ है कैलास। संपादन–गीत-संकलन, मासिक पत्रिका-सेवा समर्पण। पुरस्कार-सम्मान–मीरा मंडल हिंदी साहित्य सम्मेलन दिल्ली, भारतीय साहित्य परिषद, दिल्ली प्रदेश। पता–12 लखनऊ रोड, दिल्ली 110054, दूरभाष : 011-23816416, मो० 09811504364

इंदु अग्रवाल, 8 जुलाई 1950, लखनऊ (उ०प्र०); कृतियाँ–विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पता–35 जी/15, रामपुरबाग, बरेली 243001 (उ०प्र०), मो० 09219138641

इंदु बाली (डॉ०), 15 अप्रैल 1932, लाहौर (अब पाकिस्तान); शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, पंजाबी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–पूर्व प्राचार्या, शासकीय महाविद्यालय, मोहाली तथा चंडीगढ़। कृतियाँ–उपन्यास–बाँसुरिया बाज उठी, सोये प्यार की अनुभूति, अमरबेलि स्पर्श; कहानी–मन रो दिया, दो हाथ, टूटती जुड़ती, बिना छत का मकान, बिखरती आकृतियाँ, अँधेरे की लहर, दूसरी औरत होने का सुख कौन दिला दिया जाने, मेरी तीन मौतें, अपना धरातल, चुभन, मैं ख़रगोश होना चाहती हूँ, पाँचवाँ युग, नहीं माँ नहीं, शिव नेत्र, मानो न मानो; एक सोचती हुई औरत; आलोचना–मध्यकालीन हिंदी प्रेमाख्यान। पुरस्कार-सम्मान–पंजाब सरकार द्वारा प्रांतीय साहित्य पुरस्कार 1967, अखिल भारतीय कहानी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हरियाणा सरकार 1970, पंजाब सरकार का साहित्य शिरोमणि पुरस्कार 1983, अदीब इंटरनेशनल आवार्ड 1986, ऑल इंडिया पीपुल्स नेशनल अवार्ड 1986, राष्ट्रीय पुरस्कार भारत सरकार 1993, सर्वश्रेष्ठ पुस्तक पुरस्कार सुदर्शन पुरस्कार 1998 तथा 2007; पता–1541/18-डी, चंडीगढ़ 160018 (पंजाब); दूरभाष : 0172-2724736; मो० 09814748889

इंदु मज़लदान, 23 नवंबर, 1949 दिल्ली। शिक्षा–एम०ए० (अँग्रेज़ी); भाषा-ज्ञान–अँग्रेज़ी, हिंदी, संस्कृत, हंगारी। कार्यक्षेत्र–एसोसिएट प्रोफ़ेसर, अँग्रेज़ी विभाग। कृतियाँ–प्रेमरोग (कविता संग्रह), वित्तमंत्री का नाश्ता (कहानी-संग्रह); उपन्यास–रंग और वर्ष, चकोरी, शमाएँ खाक होने तक सुलगती हैं, दरवाजा, नियतिहीनता आदि; अनुवाद–अब तक दस पुस्तकें (हंगारीसाहित्य का मूल भाषा से सीधा अनुवाद); पुरस्कार-सम्मान–प्रो-कुलतुरा-हुंगारिका (हंगरी का विदेशियों के लिए सर्वोच्च सम्मान); पता–क्यू-7/26, डीएलएफ सिटी, फेस-2, गुड़गाँव,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

हरियाणा; मो॰ 09810236263

इंद्रदेव त्रिवेदी, 12 फरवरी 1954; भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, फरीदपुर (बरेली) उ॰प्र॰। कृतियाँ–साक्षरता गीत; अपनी मंज़िल एक है (आह्वान गीत); पत्रिका प्रणव का वर्ष 1994 से संपादन; बेसिक शिक्षा विभाग उ॰प्र॰ की 20 से अधिक पुस्तकों का लेखन; आकाशवाणी-दूरदर्शन सेवावार्ता, कविता प्रसारित; शताधिक साहित्यिक-सामाजिक कार्यक्रमों का संचालन; 200 से ज़्यादा कार्यक्रम आयोजित; संस्था-संबद्धता–महामंत्री, साहित्यिक संस्था शब्दांगन बरेली; महामंत्री, निरंकारदेव सेवक बालसाहित्य संस्थान बरेली; वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मानवसेवा क्लब बरेली; संरक्षक, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उ॰प्र॰) बरेली; मंत्री, सामाजिक संस्था 'निर्माण' बरेली; महामंत्री, गंगामाता बचाओ अभियान समिति बरेली; संयुक्त मंत्री 'सृजन' बरेली; महामंत्री, विवेक गोयल साहित्य पुरस्कार समिति बरेली; पता–214, बिहारीपुर खत्रियान, बरेली (उ॰प्र॰) 243003; दूरभाष : 0581-2551710, मो॰ 09359106329

इंद्रदेव भारती, 4 नवंबर 1945, नजीबाबाद (बिजनौर); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), साहित्य-रत्न, बी॰एड्॰, आई॰जी॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–शिक्षण। कृतियाँ–सौभाग्य की प्रतीक्षा में। पता–भारतीयम्, ए/3, आदर्शनगर, नजीबाबाद 246763 (बिजनौर); दूरभाष : 01341-231111, 099274 01111; ई-मेल–bharti anurag@gmail.com

इंद्रदेव विद्यार्थी, 8 जनवरी 1946, उदयपुर। शिक्षा–एम॰ए॰। कार्यक्षेत्र–हिंदुस्तान जिंक संस्थान में कार्यरत। कृतियाँ–रथचक्र, किरणों की शाल, हरी दूब पर चलते दिन (काव्य); पता–378, सैक्टर-11, हिरण मगरी, उदयपुर 313001 (राज॰)

इंद्रनाथ चौधरी (डॉ॰), 8 अक्टूबर 1936, बंगाल। शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, संस्कृत, अँग्रेज़ी, बंगाली। कृतियाँ–निराला-काव्य पर रवींद्र का प्रभाव 1963, हिंदी तथा बंगला काव्यशास्त्र का तुलनात्मक अध्ययन 1968, हिंदीकाव्य-परिक्रमा 1965, तुलनात्मक साहित्य की भूमिका 1981, तुलनात्मक साहित्य : भारतीय परिप्रेक्ष्य 2006; अनुवाद–डॉ॰ नगेंद्र का रससिद्धांत (बंगला में) 1984; पुरस्कार-सम्मान–बाबू गंगाशरण सिंह पुरस्कार, प्रवासी बंगला सम्मेलन पुरस्कार। पता–183 टैगोर पार्क, दिल्ली 110009; सस्ता साहित्य मंडल, एन-77, कनाट सर्कस, नई दिल्ली 110001; मो॰ 098184 04130; ई-मेल–indraushac1@rediffmail.com

इंद्रपालसिंह 'इंद्र' (डॉ॰), सरेंधी, आगरा। कृतियाँ–साहित्यिक निबंध-निधि, हिंदी साहित्य-चिंतन, आचार्य चाणक्य कसौटी पर, पच्चीस निबंध, निबंध नवनीत, संस्कृत नाटक समीक्षा, रीतिकाल के प्रमुख प्रबंधकाव्य, साहित्य-पथ, अध्ययन और विचार, तुलसी साहित्य और साधना, अध्ययन और अनुसंधान, शंख और वीणा, एकता की वेदी पर, दुर्गाचरित्र, आरती

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पुष्पांजलि, हिंदी साहित्य : अतीत के झरोखे से, हिंदी साहित्य : वर्तमान के दर्पण में, हिंदी साहित्य-चिंतन, छुटकारा मुश्किल है, जीते-जागते प्रश्न, इंद्रधनुष, ठंडी आग, अँधेरे के घेरे में, द्रोणाचार्य, सती अहिल्या, ये भी भारत है; पता–योगसाधना, गोकुल कालोनी, अकोला 444001 (महाराष्ट्र)

इंद्रपालसिंह परिहार 'अभय' (डॉ॰), 7 जुलाई 1961, नदीगाँव (जालौन) (उ॰प्र॰); शिक्षा–स्नातकोत्तर, साहित्यरत्न, शास्त्री, आचार्य, पीएच॰डी॰, विद्यावाचस्पति। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–प्राध्यापक, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज, ईगुई (जालौन) उ॰प्र॰। विधाएँ–कविता, गीत, ग़ज़ल, समीक्षा, निबंध, नाटक। कृतियाँ–मेरी धरती मेरे गीत, शृंगार-तरंगिणी, किलकारी, शिवपचीसी, काव्यांग चंद्रिका, नागों का जीवन-चक्र, शृंगार-वीथी, गीत तुम्हारे नाम, त्रिधारा, बुंदेली माटी, मातृभूमि, समर्पण। पुरस्कार-सम्मान–विमल साहित्य एवं कला विकास संस्थान झाँसी द्वारा सारस्वत सम्मान; सांस्कृतिक साहित्य खनन शृंखला सावनेर नागपुर द्वारा काव्यवैभवश्री; मनीषा प्रकाशन गढा जबलपुर द्वारा काव्यरत्न; राष्ट्रीय चिंतन साहित्य समिति चकरपुर (टीकमगढ़) द्वारा साहित्यवारिधि; लोकसाहित्य समिति नयागाँव (दतिया) द्वारा काव्यरत्नाकर; विश्वशांति सद्भावना संस्थान बनारस द्वारा हिंदीरत्न, काव्यकुंदन आयड़ उदयपुर द्वारा बुंदेलीरत्न, बुंदेली साहित्य परिषद उरई जालौन (उ॰प्र॰)द्वारा कलारत्न, गीतांजलि कानपुर उ॰प्र॰ द्वारा भाषाभूषण, सरिता लोकसाहित्य संस्थान सुलतानपुर (उ॰प्र॰) द्वारा मानस मृगेश सम्मान, पं॰ सुधाकर शुक्ल सम्मान, तुलसी सम्मान जगनिक सम्मान, मित्र सम्मान, कामताप्रसाद गुरु सम्मान, काव्य महारथी सम्मान, सूर सम्मान, दुष्यंत सम्मान, सौरभ साहित्य सम्मान, कालिदास सम्मान आदि। पता–द्वारा श्रीगोविंदसिंह परिहार, नदीगाँव, जालौन (उ॰प्र॰) 285206; मो॰ 07897049524

इंद्रमणि उपाध्याय, 10 जनवरी 1936; शिक्षा–एम॰ए॰, बी॰टी॰, एम॰एड्॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। विधाएँ–कहानी, उपन्यास। कृतियाँ–सात दिन सात वर्ष, पीतल का घोड़ा। पुरस्कार-सम्मान–मध्यप्रदेश साहित्य परिषद् का वागेश्वरी पुरस्कार 1993; पता–1774 आनंदकुंज, रानी दुर्गावती वार्ड, जबलपुर (म॰प्र॰); दूरभाष : 0761-2426340

इंद्र सेंगर (डॉ॰), 17 फरवरी, 1951, अलीगढ़ (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–हिंदी अधिकारी के रूप में केंद्र सरकार से सेवानिवृत्त, स्वतंत्र लेखन। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत। कृतियाँ–घीसा-पंथ : एक अवलोकन, भारतेंदुपूर्व खड़ीबोली की कविता, काव्यरश्मि, सूरज बिखरा द्वारे-द्वारे, दिवंगत हिंदीसेवी : एक मूल्यांकन, भारतरत्न, प्रशासनिक कार्यालय मंजूषा, यादों की धरोहर, सुनहरा नेवला, मायावी सरोवर, उजाले की ओर, सच्चा जौहरी, जीवन : एक परीक्षा, शिक्षा है अनमोल रतन, हार गए यमराज, अतिथि-सेवा, इतना तो जानो ही, पाँच महान् विभूतियाँ, अल्पना-स्मृति, भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता, राजभाषा ज्ञानकोश, राजभाषा निधि, चिट्ठी की यात्रा, स्वयंवर, गाँव की राधा; दलितों के मसीहा

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अंबेडकर, भारतरत्न विनोबा भावे, लौहपुरुष पटेल, राजभाषा नीति और प्रयोग, कबीर का सच, निर्भीक सेनानी, प्रेरक कर्मयोगी रामचंद्र शर्मा, कुरुप्रदेश का कुसुम; आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्रों से रचनाएँ प्रसारित; अखिल भारतीय हिंदी प्रकाशक संघ दिल्ली के अध्यक्ष रहे। पुरस्कार-सम्मान–साहित्यभूषण, सनेही राजभाषा गौरव सम्मान, राष्ट्रीय हिंदीसेवी सहस्राब्दी सम्मान, कविवर मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, साहित्य-सौरभ, यशपाल जैन सम्मान आदि। पता–30/106, गली नं॰ 7, विश्वासनगर, शाहदरा, दिल्ली 110032; दूरभाष : 011-22381312, मो॰ 09911190634; ई-मेल–drindrasengar@gmail.com

इंद्रसेन शर्मा 'वारिज' (डॉ॰), 2 जनवरी 1935 नांगल, छपरोली, बागपत (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰ (शिक्षाशास्त्र), भाषाविज्ञान एवं भाषाशिक्षण में डिप्लोमा, एसोसिएटशिप-लंदन इंस्टीय्यूट ऑफ़ एजुकेशन। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–शिक्षाविद, निदेशक, सेंटर फ़ॉर टीचर एजुकेशन, आई॰पी॰ई॰एम॰ ग़ाज़ियाबाद। कृतियाँ–लगभग 60-70 पुस्तकें हिंदी तथा अँग्रेज़ी में। मुख्य कुरु प्रदेश की स्वाँग कला, स्वाँग और नौटंकी, शिवाजी बनाम सेवक, युवा वृद्ध, एक दीप बुझा अनेक दीप जले, राठौर वीरदुर्गादास, बाल कविताएँ (दो भाग) आदि पाठ्य पुस्तकें; संपादन–मार्तंड मासिक, बुनियादी तालीम (त्रैमासिक)। पुरस्कार-सम्मान–साहित्य सेवी, रिसर्चर आफ़ दि इअर 93; पता–सी-100 सूर्यनगर, पो॰ चंदरनगर, गाजियाबाद 201001 (उ॰प्र॰); मो॰ 0951202922977, 09818690494

इकबाल मजीद, 12 जुलाई 1934; भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। विधाएँ–कहानी, नाटक। कृतियाँ–दो भीगे हुए लोग (कहानी-संग्रह), एक हलफ़िया बयान। पुरस्कार-सम्मान–मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी भोपाल द्वारा मीर तकी अखिल भारतीय सम्मान; उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ द्वारा 'दो भीगे हुए लोग' तथा 'एक हलफ़िया बयान' पुस्तकें पुरस्कृत। पता–47, श्यामला हिल्स रोड, भोपाल (म॰प्र॰)

इकराम राजस्थानी, 8 जुलाई 1946, चौमू, जयपुर। शिक्षा–एम॰ए॰, बी॰एड्॰। कार्यक्षेत्र–आकाशवाणी सेवा। कृतियाँ–अक्षरों के इर्द-गिर्द (ग़ज़ल-संग्रह), तारों छाई रात, दर्द के रंग, पल्लो लटके, खुले पंख, शर्म आती है मगर, भैंस के आगे बीन, एक है अपना हिंदुस्तान, प्रकाशपथ आदि। पुरस्कार-सम्मान–लोकमान्य उदयपुर एकता परिषद् राजस्थान एवं अमनशांति कमेटी (राज॰), सृजन-मंच साहित्यसेवा संस्था बड़ी द्वारा सम्मानित। पता– डी-36 संजयनगर, हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, जयपुर 302016 (राज॰); दूरभाष : 0141-2305241

इबोहल सिंह काङ्जम् (डॉ॰), 5 दिसंबर, 1946 इंफाल (मणिपुर); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, मणिपुर, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–हिंदी मणिपुरी क्रिया-संरचना। संपादन–मीतै चनु, मणिपुर, विविध संदर्भ, मणिपुर भाषा और संस्कृति, महिप पत्रिका; अनुवाद–फागुन की धूल, आधुनिक मणिपुरी कविताएँ, तीर्थ-यात्रा, प्रतिनिधि मणिपुरी कहानियाँ, भारतीय शिखर कथा कोश: मणिपुरी कहानियाँ, कमल संपूर्ण रचनाएँ

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

(उपन्यास माधवी और कहानी ब्रजेंद्र का विवाह का अनुवाद); पुरस्कार-सम्मान–तेलेम इंदुबाला अनुवाद पुरस्कार, मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार, हिंदीतर भाषी हिंदी लेखक पुरस्कार, साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार, गंगाशरण सिंह लेखक पुरस्कार। पता–नाओरेम्थोङ लौकाक्पम लैकाइ शगोलबंद, इफाल 795001 (मणिपुर)।

इब्बार रब्बी, 2 मार्च 1941 अलीगढ़। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी) पत्रकारिता में डिप्लोमा। भाषाज्ञान–हिंदी। कार्यक्षेत्र–दिल्ली के सरकारी स्कूल में शिक्षक, संप्रति लेखन और अध्ययन। कृतियाँ–कविता संग्रह–खाँसती हुई नदी 1969, घोषणा पत्र 1981, लोगबाग 1985, वर्षा में भीगकर 2000; संपादन–सरिता मासिक, नवभारत टाइम्स, सांध्यटाइम्स, नवभारत टाइम्स का उत्तर प्रदेश संस्करण, पटना नवभारत टाइम्स में समाचार संपादक, हंस मासिक और आउट लुक साप्ताहिक में कार्य। पुरस्कार-सम्मान–हिंदी अकादमी दिल्ली का साहित्यकार सम्मान, 1998-99, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का विजयदेवनारायण साही पुरस्कार 2000, शमशेर सम्मान 2006; पता–डी-3, प्रेस अपार्टमेंट पटपड़गंज, दिल्ली 110092 दूरभाष 22724591, मो० 09899220479

इब्राहीम 'अश्क', 20 जुलाई 1951, बड़नगर (उज्जैन) म०प्र०। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, उर्दू। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। विधा–गीत, ग़ज़ल, कहानी। कृतियाँ–इलहाम, आगही, करबला, अंदाज़े बयां, ग़ालिब के शेरों की व्याख्या (उर्दू में), अलाव, ताज़ा ग़ज़ल (हिंदी में), रामजी का दुख (कहानी); पुरस्कार-सम्मान–उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी अवार्ड, कबीर सम्मान, ग़ालिब अवार्ड, अब्दुल कादिर बेदिल अवार्ड, मजरूह अवार्ड, सर्वश्रेष्ठ गीतकार अवार्ड आदि। पता–सी-3, फ्लैट नं० 302, अलअंसार मिल्लत नगर, अंधेरी (पश्चिम) मुंबई 400053

इला प्रसाद (डॉ०), 21 जून 1960 राँची। शिक्षा–पीएच०डी० (भौतिकी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, बंगला। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–धूप का टुकड़ा (कविता-संग्रह), इस कहानी का अंत नहीं (कहानी-संग्रह), उस स्त्री का नाम (कहानी-संग्रह); संपादन–कनाडा की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका हिंदी-चेतना के कामिल–बुल्के विशेषांक में संपादन-सहयोग, अमेरिका की त्रैमासिक हिंदी-पत्रिका, हिंदी जगत के संपादन मंडल में। अनुवाद–विश्व हिंदी न्यास, अमेरिका की पत्रिका विज्ञान-प्रकाश के लिए विज्ञान-संबंधी लेखों का हिंदी अनुवाद। पता–12934 Meadow Run Houston, TX 77066 USA ; दूरभाष : 1281-5867399

इसाक 'अश्क' (डा०), 1 जनवरी 1945; शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, इतिहास एवं संस्कृत), पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। विधाएँ–गीत एवं व्यंग्य। कृतियाँ–कंठ पर दस्तक, सूने पड़े सिवान, फिर गुलाब चटके, काश! हम भी पेड़ होते, लहरों का सर्पदंश, हरे दिन लौट आए। पता–संपादक, 'समांतर' (त्रैमासिक), तोतला मार्ग, तराना 456001 (उज्जैन) म०प्र०; दूरभाष : 07369-236282

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

ईमनि दयानंद, 15 जुलाई 1932 ओंगोल, प्रकाशम। शिक्षा–राष्ट्रभाषा प्रवीण, साहित्यरत्न, तेलुगु भाषाप्रवीण। कार्यक्षेत्र–प्रधानाचार्य, हिंदी महाविद्यालय, ओंगोल। कृतियाँ–पर्जन्यम, कबीर सुभाषितालु, अभिनव भुवन विजय, ध्वनि प्रतिध्वनि (हिंदी में) पत्थर भी गाते हैं, वेमन्ना के विचार। संपादन–द०भा०हि० सभा द्वारा प्रकाशित स्रवंती पत्रिका। पुरस्कार-सम्मान–प्रसिद्ध भावकवि नायनि सुब्बाराव पुरस्कार, कविवर पद्मभूषण जाषुवा पुरस्कार, आंध्रप्रदेश अधिकार भाषा संघम् द्वारा पुरस्कार, आंध्र की कई साहित्य संस्थाओं द्वारा सम्मान तथा पुरस्कार। पता–ओंगोल, प्रकाशम जिला तूर्पुपालेम, ओंगोल 523001 (आंध्रप्रदेश) दूरभाष : 08592-235567, मो० 095503 92525

ई० विजयलक्ष्मी (डॉ०), 1 मई 1971 इंफाल। शिक्षा–एम०ए०, बी०एड०, पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, मणिपुरी। कार्यक्षेत्र–प्रवक्ता, हिंदी विभाग, मणिपुर विश्वविद्यालय। कृतियाँ–समीक्षात्मक समकालीन हिंदी उपन्यास समय से साक्षात्कार। अनुवाद–पर्वत के पार धरती। पुरस्कार-सम्मान–तुका म्हाने साहित्य पुरस्कार 2005, महाराष्ट्र अनुवाद परिषद-बुलडाना। पता–मोइराङखोम बोकुलमखोङ इंफाल 795001 (मणिपुर), मो० 09856138333

ईश्वरदयाल माथुर, फाल्गुन कृष्णा चतुर्थी सं० 1993 (5 अप्रैल 1937) जयपुर (राज०); शिक्षा–इंटर, साहित्यरत्न, सिद्धांत भास्कर। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, राजस्थानी। कार्यक्षेत्र–मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जयपुर से सेवानिवृत्त। विधा–लेखन। कृतियाँ–देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित; अन्य–सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद (राज०) जयपुर एवं आर्यसमाज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं समारोहों में मंच संयोजन एवं रिपोर्टिंग। संपादन–बालसाहित्य रचनाकारों की संस्था 'बाल-चेतना' की स्मारिकाएँ, अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2006 (नई दिल्ली) की स्मारिका 'मंथन' के संपादक मंडल में सदस्य, हिंदी साहित्य सम्मेलन इलाहाबाद के 60वें (जयपुर) अधिवेशन में राष्ट्रभाषा सत्र में पत्रवाचन। पता–157, संतोषनगर, न्यू सांगानेर रोड जयपुर 302019; दूरभाष : 0141-2393492, मो० 09351219348; ई-मेल–ishwardayalmathur@yahoo.com

ईश्वर शर्मा, 2 जुलाई 1949, महासमुंद (म०प्र०); शिक्षा–बी०ए०। भाषाज्ञान (बिहार) हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–निजी संस्थान में सेवारत। विधा–हास्य-व्यंग्य। कृतियाँ–भिखमंगों की पेंशनकथा, व्यंग्य की जुगलबंदी, अपनी-अपनी ईमानदारी। पता–अजय निवास, महाविद्यालय मार्ग, महासमुंद 493445 (छ०ग०)

उग्रसेन गोस्वामी, 18 जनवरी, 1936 मकवल कला, जिला डेरा गाज़ी खाँ (अब पाकिस्तान में) शिक्षा–एम०ए०जे०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, पंजाबी, उर्दू एवं अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त मुख्य संपादक, राज्यसभा सचिवालय, संसद भवन, नई दिल्ली। कृतियाँ–तुंगभद्रा के तीर विश्वसागर, कवित्त, दुविधा, युमेन इन मैंस वर्ल्ड। हिंदी/अँग्रेज़ी पत्र-पत्रिकाओं में लेखों आदि का प्रकाशन। पता–168/14, सी 4 सी जनकपुरी, नई दिल्ली 110058, दूरभाष : 011-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

25500477

उत्तमकुमार पीयूष, 2 मार्च 1963, बाँका, भागलपुर, बिहार। शिक्षा–एम०ए०, (पत्रकारिता); कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–उदित अंगिका साहित्य परिषद् देवघर द्वारा 'साहित्यश्री'। पता–द्वारा श्री रवींद्रनाथ सिन्हा, विट्ठल बाबू, मिलन सदन बाबूटोला, बाँका 813102 (बिहार)

उदयकरण 'सुमन', 5 जनवरी 1931, रायसिंह नगर। शिक्षा–मैट्रिक, प्रभाकर। कार्यक्षेत्र–व्यापार। कृतियाँ–प्रणयगीत, दम तोड़ती सदी, संभावनाओं का सूरज, फिर मिलेंगे गंधवाही फूल (काव्य); विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कविताएँ प्रकाशित। संपादन–जनमार्ग (पाक्षिक), अधिकार (साप्ताहिक), अग्रप्रभा हिंदी मासिक 2004 से 2007 तक; आकाशवाणी व दूरदर्शन पर कविताओं का प्रसारण; मंत्री-सार्वदेशिक सत्यसमाज, वर्धा। पता–सुमन सेवासदन, रायसिंहनगर (श्रीगंगानगर) 305051 राज०; दूरभाष : 01507-220623, 221224

उदय किरौला, 12 मार्च 1960 अल्मोड़ा (उत्तराखंड)। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, समाजशास्त्र), एम० कॉम। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत तथा कुमाउँनी। कार्यक्षेत्र–पत्रकारिता। संपादक बालप्रहरी, ज्ञान विज्ञान बुलेटिन। कृतियाँ–उत्तराखंड अध्ययन, मद्यपान, सामाजिक अभिशाप टंकण लेखन हिंदी थ्योरी, टंकण लेखन हिंदी प्रायोगिक, टंकण लेखन अँग्रेजी प्रायोगिक, जानिए उत्तराखंड को। संपादन–बालप्रहरी पत्रिका, ज्ञान विज्ञान बुलेटिन, कई स्मारिकाओं का संपादन 11 वर्ष तक साप्ताहिक समाचार पत्र द्रोणाचंल टाइम्स का संपादन। पुरस्कार-सम्मान–कई गैरसरकारी संस्थाओं द्वारा सम्मानित। पता–संपादक बालप्रहरी, अल्मोड़ा (उत्तराखंड); दूरभाष : 05962-232029, मो० 09412162950

उदयन वाजपेयी, 4 जनवरी, 1960 सागर (म०प्र०); शिक्षा–एम०बी०बी०एस०, एम०ए० (मनोविज्ञान); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, उर्दू। कार्यक्षेत्र–चिकित्सा महाविद्यालय में अध्यापन। कृतियाँ–कुछ वाक्य, पागल गणितज्ञ की कविताएँ (कविता-संग्रह), सुदेशना, दूर देश की गंध, सातवी बटन (कहानी-संग्रह), चरखे पर बढ़त, पतझर के पाँव की मेंहदी, जनगढ़ कलम (निबंध); संपादन–समास, कविता, एशिया, श्रीकांत वर्मा संचायिका, जगदीश स्वामी नाथन, विभाव आदि। अनुवाद–शुंतारो तानिकावा (जापानी) फ्रेंक आंदे जेम (फ्रांसीसी)। पुरस्कार-सम्मान–रजा फाउंडेशन, कृष्णबलदेव वैद पुरस्कार। पता–एफ 90/45, तुलसीनगर, भेपाल 462003, दूरभाष : 0755-2556940, मो० 09753882343

उदयनारायण सिंह (डॉ०), 23 नवंबर 1951 कोलकाता। शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी० (भाषाविज्ञान)। भाषा-ज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, मैथिली, बंगला, संस्कृत, फ्रांसीसी (कार्य-साधक ज्ञान)। कार्यक्षेत्र–निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान (मैसूर); कृतियाँ–कावयो वर्दति, मैथिली कविता, नायक नामजीवन, अमृतस्य पुत्राः, एक चाल राजा, प्रियंवदा (नाटक); संपादन–मिथ

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

साहित्य संस्कृति (मैथिली); अनुवाद–ईश्वरचंद विद्यासागर, रवींद्रनाथ का बालसाहित्य अनुकृति (बंगला में); पुरस्कार-सम्मान–उग्रसेन स्मृति स्वर्णपदक, दिल्ली विश्वविद्यालय। पता–निदेशक आवास, भारतीय भाषा संस्थान, मानसगंगोत्री, हुनसूर रोड, मैसूर 570006 (कर्नाटक) दूरभाष 0821-2515820

उदयप्रकाश, 1 जनवरी 1951 सीतापुर जिला अनूपपुर (म०प्र०); शिक्षा–एम०ए० (हिंदी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, छत्तीसगढ़ी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन, पत्रकारिता, फ़िल्म लेखन एवं निर्देशन। कृतियाँ–कविता-संग्रह–सुनो कारीगर, अबूतर-कबूतर, रात में हारमोनियम, एक भाषा हुआ करती है; कहानी संग्रह–दरियाई घोड़ा, तिरिछ और अंत में प्रार्थना, पाल गोमरा का स्कूटर, पीली छतरी वाली लड़की, मोहनदास मैगोसिल, अरेबा-परेबा; निबंध संग्रह–ईश्वर की आँख, नई सदी का पंचतंत्र, अपनी उनकी बात; संपादन–पूर्वग्रह-पत्रिका सहसंपादन, दिनमान में उपसंपादक, संडे मेल में वरिष्ठ संपादक, अँग्रेज़ी पत्रिका एमिर्नेस का संपादन; अनुवाद–लाल घास पर नीले घोड़े (मिखायल शात्रोव का नाटक), कला अनुभाव (प्रो० हिरयन्ना की सौंदर्यशास्त्र-संबंधी पुस्तक) इंदिरा गांधी की आखिरी लड़ाई (बी०बी०सी० संवाददाता मार्क टली-सतीश जैकब की किताब) रोम्यां रोलां का भारत। पुरस्कार-सम्मान–भारतभूषण अग्रवाल पुरस्कार 1980, ओमप्रकाश साहित्य सम्मान 1983, श्रीकांत वर्मा स्मृति पुरस्कार 1992, गजानन माधव मुक्तिबोध पुरस्कार 1996, कृति पुरस्कार 1994, पहल सम्मान 2003 पेन (अंतरर्राष्ट्रीय ग्रांट, अमेरिका) 2005, कथाक्रम सम्मान 2005, पुश्किन सम्मान (रूस) 2007, बनमाली स्मृति कथा पुरस्कार 2008, कृष्ण बलदेव वैद सम्मान 2009, सार्क लिटरेरी अवार्ड 2009; पता–9/2 जज कालोनी, न्याय मार्ग, वैशाली, सेक्टर 9, गाजियाबाद 201010 (उत्तर प्रदेश) दूरभाष 0120-41091121, मो० 09810716409

उदयप्रताप सिंह, 1 सितंबर 1932, गढ़िया, छिनकौरा, मैनपुरी (उ०प्र०); शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, अँग्रेज़ी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–संसद सदस्य, स्वतंत्र लेखन। विधाएँ–गीत, ग़ज़ल, कविता। कृतियाँ–देखता कौन है; अनेक पत्र-पत्रिकाओं एवं संकलनों में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–डा० शिवमंगल सिंह सुमन सम्मान; शायरे-यक़ज़हती', ब्रजभूषण सहित अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित; पैरामारी बू विश्वविद्यालय, सूरीनाम द्वारा आचार्य की मानद उपाधि। पता–12 ए, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड, नई दिल्ली 110001, दूरभाष : 011-23092757, मो० 09868181198

उदयभानु हंस, 2 अगस्त 1926, दायरा दीन पनाह (पाकिस्तान); शिक्षा–एम०ए०, शास्त्री। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त प्राचार्य। कृतियाँ–काव्य–हिंदी रुबाइयाँ, धड़कन, संत सिपाही, सरगम, शंख और शहनाई, देसां में देस हरियाणा, हरियाणा गौरवगाथा, कुछ कलियाँ-कुछ काँटे, अमृतकलश, मयूरपंख, वंदेमातरम्, हंस मुक्तावलि, दोहा सप्तशती, प्रीत लगा बैठा, उदयभानु हंस के प्रतिनिधि गीत, उदयभानु हंस रचनावली (चार खंड); गद्य–हिंदी साहित्य के प्रमुख

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कलाकार, हिंदीभाषा और साहित्य, हंस उड़ा पश्चिम की ओर, निबंध-रत्नाकर, बिहारी की काव्यकला, संस्कृति और समाज, स्मृतियों के शिलालेख, हिंदी नाटक का संक्षिप्त इतिहास, साहित्य परिचय। पुरस्कार-सम्मान–हरियाणा राज्य सरकार द्वारा 'राज्यकवि' सम्मान; संस्कृत लेखन-हेतु कविभूषणम्, साहित्यालंकारः की मानद उपाधियाँ; उ०प्र० सरकार का निराला पुरस्कार; हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा ढाई लाख रुपए का शिखर सम्मान; एक लाख रुपए का सूर पुरस्कार, केंद्रीय साहित्य अकादमी नई दिल्ली की दसवर्षीय सदस्यता का गौरव; 'गीतगंगा' सम्मान; हिमाचल प्रदेश का 'हिमोत्कर्ष' सर्वश्रेष्ठ साहित्यकार सम्मान; महाराष्ट्र दलित साहित्य अकादमी द्वारा प्रेमचंद पुरस्कार; सहस्राब्दी हिंदी साहित्यकार पुरस्कार; हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा साहित्यवाचस्पति की मानद उपाधि। इनके अतिरिक्त देश-विदेश में अनेक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित; दूरदर्शन के दिल्ली तथा जालंधर केंद्रों द्वारा जीवन एवं कृतित्व पर दो वृत्तचित्रों का निर्माण; आकाशवाणी द्वारा (तीन घंटे की प्रसारण अवधि) हंस कविता पाठ एवं जीवनी रिकार्ड कर राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में सुरक्षित। पता–हंसविहार, 202, लाजपतनगर, हिसार 125001 (हरियाणा); दूरभाष : 01662-237448, मो० 09416239666

उदयवीर शर्मा (डॉ०), 4 जून 1932, बिसाऊ। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी), बी०एड्०, साहित्यरत्न, पीएच०डी०। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–शेखावाटी के साहित्य का इतिहास, बिसाऊ दिग्दर्शन, कृपाराम खिड़िया, कुल 29 कृतियाँ, राजस्थानी भाषा में भी पुस्तकें प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–ज़िला प्रशासन झुँझनूँ द्वारा साहित्यसेवा के लिए सम्मानित। पता–द्वारा श्री चिमनलाल भँवरलाल बावलिया, पो० बिसाऊ, 331027 (झुँझनूँ) राज०

उद्भ्रांत (पूरा नाम रमाकांत शर्मा), 4 सितंबर 1948, नवलगढ़ (राजस्थान); शिक्षा–एम०ए० (हिंदी); कार्यक्षेत्र–उपनिदेशक (कार्यक्रम), दूरदर्शन केंद्र, आकाशवाणी भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली। विधाएँ–गीत, ग़ज़ल, समीक्षा/ कृतियाँ–गजरा, प्राण फिर बीन में, गंध नहीं है, आग बोलती है, नाटक तंत्र तथा अन्य कविताएँ, त्रिताल, पाँखुरी-पाँखुरी, देह-चाँदनी, स्वयंप्रभा (प्रबंधकाव्य), प्रज्ञावेणु (श्रीमद्भगवद्गीता का खड़ीबोली मुक्त-छंद में पुनर्सृजन), इस शहर में आ गए, प्रथम किरण, 'प' से पापा, धुआँ तथा अन्य कहानियाँ, कहानी का सातवाँ दशक, किरणों के रथ पर, समय है झरना, क्या शब्द कम ताक़तवर है?, मिलावट का ज़हर, उजाले के बीच, कथाकार भगवतीप्रसाद वाजपेयी, मेरी प्रगतिशील काव्ययात्रा के पगचिह्न, पत्र ही नहीं, बच्चन मित्र हैं, हिरना कस्तूरी, नवगीत सप्तक, लेकिन यह गीत नहीं, प्रहरी ओ देश के, मैंने यह सोचा न था। पुरस्कार-सम्मान–शिवमंगल सिंह सुमन पुरस्कार 1988; बालसाहित्य संस्थान लखनऊ द्वारा बालसाहित्यश्री की उपाधि 1988; स्थायी पता–117/483, पांडुनगर, कानपुर 5 (उ०प्र०); पता–बी-463, केंद्रीय विहार, सैक्टर-51, नोएडा (उ०प्र०); दूरभाष : 0120-2481530 (नि०), 011-23421142 (का०)

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

उपध्यान चंद्र कोचर, 25 दिसंबर 1931, खुजनेर (मालवा); शिक्षा–एम०ए० (इतिहास), एल-एल०बी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेजी। क़ार्यक्षेत्र–वकालत। विधाएँ–आलेख। कृतियाँ–राजस्थान में स्वतंत्रता-संग्राम के अमर पुरोधा–श्री शौक़त उस्मानी, हज़ार हवेलियों का शहर बीकानेर, एशिया के बदलते सामरिक आयाम तथा देश की अनेक पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर आलेखों का प्रकाशन। पुरस्कार-सम्मान–अनेक प्रतिष्ठित संस्थाओं व संगठनों द्वारा सम्मान; प्रसारण–आकाशवाणी-दूरदर्शन के अनेक कार्यक्रमों में भागीदारी। पता–होटल मरुधर हैरिटेज, भगवान महावीर मार्ग (गंगा शहर रोड), बीकानेर (राज०); दूरभाष : 0151-2522524, मो० 09950818065

उपाध्याय विजय मेरठी, 15 फरवरी 1944 उ०प्र०। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, राजनीतिशास्त्र); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेजी। कार्यक्षेत्र–प्रवक्ता, नागरिकशास्त्र से सेवानिवृत्त। विधाएँ–कहानी, कविता। कृतियाँ–साठ से अधिक पुस्तकें प्रकाशनोत्सुक। पता–क्यू०बी० 54/2, हस्तिनापुर (मेरठ) 250404 (उ०प्र०)

उपेंद्रकुमार मिश्र, 4 जनवरी 1967 परागपुर पत्रालय निचलौल, जिला महाराजगंज (उ०प्र०)। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी), बी०एड०, एल०एल०बी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–संपादन समकालीन अभिव्यक्ति (त्रैमासिक पत्रिका); पता–फ्लैट नं० 5, तृतीय तल, 984 वार्ड नं० 7 महरौली नई दिल्ली 110030, मो० 09350899583

उपेंद्रप्रसादसिंह 'उपेंद्र', 1 जून 1945, ग्राम व पोस्ट मुज़फ़्फ़रगंज (मुंगेर); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–डाक विभाग। विधाएँ–कहानी, कविता, दोहा, ग़ज़ल। कार्यक्षेत्र–डाक विभाग से सेवानिवृत्त। कृतियाँ–मुट्ठियों में क़ैद सूरज; अनेक पत्र-पत्रिकाओं एवं संकलनों में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–लौ प्रकाशन, चिरमिरी, कोरिया (छत्तीसगढ़) द्वारा हिंदी विद्यारत्न भारती सम्मान 1999; अखिल भारतीय साहित्य कला मंच चाँदपुर द्वारा साहित्यश्री 2000; साहित्यिक साप्ताहिक 'मुक्तकथन' बेगूसराय द्वारा साहित्यश्री 2000; आचार्य श्रीचंद्र कविता महाविद्यालय एवं शोध संस्थान हैदराबाद द्वारा काव्य महारथी 2000; साहित्यकार संसद समस्तीपुर बिहार द्वारा राष्ट्रीय दुष्यंतकुमार शिखर सम्मान 2002; डगर की शुरुआत, पिपलानी भोपाल द्वारा दर्पण श्रेष्ठ ग़ज़लकार पुरस्कार 2002; पता–पोखड़िया (हरिजन स्कूल से दक्षिण), पोस्ट-बेगूसराय (बिहार) 851101; दूरभाष : 06243-229275

उमाकांत खुबालकर, 7 जून 1953 जलालखेड़ा, महाराष्ट्र। शिक्षा–एम०कॉम, एम०ए० (हिंदी), डिप्लोमा इन एप्लाइड लिंग्विस्टिक्स, बैचलर ऑफ़ मास कम्यूनिकेशन। भाषाज्ञान–हिंदी, मराठी, अँग्रेज़ी, छत्तीसगढ़ी। कार्यक्षेत्र–सहायक निदेशक, वैज्ञानिक तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली। कृतियाँ–कहानी-संग्रह–शहर और पगडंडियाँ, व्यतिक्रम; बालकथा-संग्रह–एक सौ आठ बार, एक था सुब्रतो, नाटक–पेपरवाला, ख़ामोश नहीं है नारी; कविता-संग्रह–रुकती नहीं नदी; लघुकथा-संग्रह–तिर्यक रेखा; संपादन–अद्यतन (काव्य-संग्रह),

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वैज्ञानिक तथा तकनीकी लेखन-एक परिदृश्य, ज्ञानगरिमा सिंधु त्रैमासिक पत्रिका, अर्थशास्त्र मूलभूत शब्दावली, अर्थशास्त्र शिक्षार्थी शब्द-संग्रह, वाणिज्य शब्दावली मूलभूत; पुरस्कार-सम्मान–शकुंतला सिरोठिया बालसाहित्य पुरस्कार 1995, दिल्ली साहित्य कला परिषद नई दिल्ली द्वारा मोहनराकेश नाट्य सम्मान 1996, राष्ट्रीय हिंदीसेवी सहस्राब्दी सम्मान 2000, लघुकथा सृजन सम्मान रायपुर (छ॰ग॰) 2008, पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी सम्मान शिलांग (मेघालय) 2010; विदेश यात्रा–सितंबर 1999 को लंदन (यू॰के॰) में आयोजित छठे विश्व हिंदी सम्मेलन में लेखक के रूप में सम्मिलित। अन्य–दूरदर्शन केंद्र नागपुर के लिए 'नागपुर का हिंदी मोर भवन' का निर्माण एवं निर्देशन 1992; पता–33/11, द्वितीय तल, नोवा अशोक रोड, क्षिप्रा सन सिटी, इंदिरा पुरम्, गाजियाबाद (उ॰प्र॰)201010, मो॰ 98681 51357, ई-मेल–umakant.cstt@gmail. com

उमाकांत त्रिपाठी, 12 अगस्त 1943, घनश्यामपुर, मीरज़ापुर। कृतियाँ–आधुनिक हिंदी व्यंग्य-निबंध : रीतिविज्ञान के निकष पर, हिंदी-गुजराती की आधारभूत शब्दावली, आदिवासी लोकगीत, एक आम हरियर एक आम पीयर, चुनी हुई कहानियाँ, हिंदी निबंध-संग्रह, निबंध और निबंध। पुरस्कार सम्मान–एक आम हरियर एक आम पीयर कृति पर सन् 1987 में उ॰प्र॰हिंदी संस्थान का रामनरेश त्रिपाठी अनुशंसा पुरस्कार; 'आधुनिक हिंदी व्यंग्य-निबंध : रीति विज्ञान के निकष पर' कृति पर उ॰प्र॰ हिंदी संस्थान का श्यामसुंदर दास अनुशंसा पुरस्कार 1988; पता–डाफी (बी॰एच॰यू॰), वाराणसी 221005 (उ॰प्र॰)

उमाकांत द्विवेदी 'भ्रमर', 15 दिसंबर 1950; शिक्षा–स्नातक। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–जे॰के॰ आर्गनाइजेशन। विधाएँ–गीत, ग़ज़ल, सवैया, मुक्तक। कृतियाँ–इंद्रधनुष, शब्दसुमन, पृथ्वीपुत्र, अनुभूति आदि अनेक संकलनों में रचनाएँ प्रकाशित। पता–ग्राम-पहाड़पुर, पोस्ट-कसिगवाँ (कानपुर) उ॰प्र॰

उमा पांडेय भारद्वाज (डॉ॰), 21 दिसबंर 1952; शिक्षा–एम॰ए॰ (प्राचीन भारतीय इतिहास), पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–प्रधानाचार्या, सी॰डी॰एन॰ इंटर कालेज, सी-3955, राजाजीपुरम, लखनऊ। कृतियाँ–मानवता विजयम् (हिंदी काव्यानुवाद सहित), भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास, जनवरी 1976 से प्रभातम् संस्कृत समाचार-सेवा तथा नव प्रभातम् त्रैमासिक की संपादक जनवरी, हिंदी एवं संस्कृत में विभिन्न पत्रों में 50 से अधिक शोध-लेखों का प्रकाशन; आकाशवाणी तथा दूरदर्शन लखनऊ से कार्यक्रम प्रस्तुति; अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन दिल्ली में शोधपत्र प्रस्तुत; पर्यावरण, मानवता तथा संस्कृत के संरक्षण के लिए संस्थापित मानवताकुलम ह्यूमिनिटी क्लब की महासचिव। पुरस्कार-सम्मान–स्वास्थ्य संस्कृत जीवनम्, उ॰प्र॰ संस्कृत संस्थानम् द्वारा पुरस्कृत 1999; धम्मपद श्रमणसुत्तयो: तुलनात्मकम् अध्ययनम् उ॰प्र॰ संस्कृत संस्थानाम् से पुरस्कृत। पता–समन्वय कुटीरम् ई-1052, राजाजीपुरम्, लखनऊ (उ॰प्र॰); दूरभाष : 0522-2416897,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मो॰ 09305420742

उमाशंकर चौधरी (डॉ॰), 1 मार्च 1978 खगड़िया (बिहार); शिक्षा–पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। कृतियाँ–कविता-संग्रह–कहते हैं तब शहंशाह सो रहे थे। कहानी-संग्रह–अयोध्या बाबू सनक गए है। दलित विमर्श कुछ मुद्दे कुछ सवाल (प्रकाशनाधीन); संपादन–हाशिए की वैचारिकी, हिस्सेदारी के प्रश्न-प्रतिप्रश्न। पुरस्कार-सम्मान–अंकुर मिश्र स्मृति पुरस्कार 2007, भारतीय ज्ञानपीठ का युवा पुरस्कार 2008, रमाकांत स्मृति कहानी पुरस्कार 2008; पता–ए-561/2 शास्त्रीनगर, दिल्ली 110052 मो॰ 098102 29111

उमाशंकर तिवारी (डॉ॰), 31 जुलाई 1940, बहादुरगंज, ग़ाज़ीपुर (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ-जलते शहर में, धूप कड़ी है, तोहफ़े काँचघर के; संपादन–नवगीत के प्रतिमान और आयाम, गीतांतर, गद्यवीथिका, कथायात्रा; डॉ॰ शंभूनाथ सिंह द्वारा संपादित नवगीत के ऐतिहासिक संकलनों (नवगीत अर्द्धशती तथा नवगीत दशक दो) में संकलित। पुरस्कार-सम्मान–'धूप कड़ी है' कृति पर उ॰प्र॰ हिंदी संस्थान द्वारा अनुशंसा पुरस्कार एवं 'तोहफ़े काँचघर के' कृति पर शंभूनाथ सिंह पुरस्कार 1996; हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा उ॰प्र॰ के प्रतिनिधि कवि 1973 तथा साहित्य सारस्वत 1995 उपाधियों से विभूषित। पता–प्राचार्य, डी॰सी॰एस॰के॰ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मऊनाथ भंजन 275101 (उ.प्र); दूरभाष : 05464-2811076

उमाशंकर 'मनमौजी', 9 फरवरी 1948 रायगढ़ (म॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ साहित्यरत्न। कार्यक्षेत्र–पुलिस विभाग में अधिकारी भाषाज्ञान–हिंदी। विधाएँ–हास्य-व्यंग्य कविताएँ एवं लेख। कृतियाँ–विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित; विभिन्न संग्रहों में कविताएँ संगृहीत। पुरस्कार-सम्मान–विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं द्वारा काव्य-शिरोमणि, काव्यभूषण तथा साहित्य प्रभाकर की उपाधि से सम्मानित। पता–डी-3, शालीमार पार्क, कोलार रोड, भोपाल (म॰प्र॰); मो॰ 098267 66069

उमाशंकर मिश्र, 1 जून, 1950 आगरा (उ॰प्र॰); शिक्षा–इंटर, साहित्यरत्न साहित्य-महोपाध्याय। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन, साहित्यिक पत्रकारिता, विगत 26 वर्षों से साहित्यिक मासिक यू॰एस॰एम॰ पत्रिका तथा साप्ताहिक सच का साया का संपादन/ प्रकाशन। कृतियाँ–चार स्वर, अनुगूँज कलरव, कवितायन, गीतायन, काव्य सप्तक (1, 2, 3) गद्य सप्तक (1, 2, 3, 4); पुरस्कार-सम्मान–यू॰एस॰एम॰ पत्रिका के संपादन/प्रकाशन के लिए अ॰भा॰ स्तर पर अनेक सम्मान प्राप्त। अखिल भारतीय साहित्यकार अभिनंदन समिति द्वारा 1989 में राष्ट्रभाषारत्न सम्मान, जनपदों के विशेषांकों के प्रकाशन के लिए विशेष साहित्यसेवी सम्मान, स्व॰ प्रतापनारायण मिश्र स्मृति साहित्यकार प्रोत्साहन पुरस्कार भाऊराव देवरस सेवान्यास लखनऊ द्वारा 1995, महावीर सेवा संस्थान प्रतापगढ़ द्वारा साहित्य-शिरोमणि

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सम्मान 1996, साहित्य मंडल, श्रीनाथद्वारा (राजस्थान) द्वारा विशिष्ट हिंदीसेवी सम्मान 2000, सहस्राब्दी विशिष्ट हिंदीसेवी सम्मान 2000, उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए स्व॰ लाला जगतनारायण स्मृति पत्रकारिता सम्मान 2004, श्रीमती शीलादेवी स्मृति सम्मान व पुरस्कार 2005, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मान 2005, मधुबंसरी (चेन्नई) द्वारा पत्रकारिता शिरोमणि सम्मान 2005 साहित्यमहोपाध्याय हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा 2005, राष्ट्रीय हिंदीसेवा महासंघ इंदौर द्वारा हिंदीसेवी सम्मान 2006; हिंदीभूषण सम्मान 2006, विद्यावारिधि सम्मान 2008, साहित्यांचल अभिनंदन 2008, बाबू गोविंदस्वरूप विनयस्वरूप स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार 2009, राष्ट्रीय हिंदी परिषद मेरठ द्वारा हिंदीरत्न सम्मान 2009; पता–695, न्यू कोट गाँव, जी॰टी॰ रोड, ग़ाज़ियाबाद (उ॰प्र॰) दूरभाष : 0120-28601101, मो॰ 09818249902

उमाशंकर शर्मा 'चित्रकार', 15 जून 1947, बिहारीपुर करोलान, बरेली (उ॰प्र॰); शिक्षा–बी॰ए॰, आई॰जी॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेजी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। विधाएँ–काव्य, कविता। कृतियाँ–देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कविताएँ प्रकाशित। पता–बिहारीपुर, बरेली (उ॰प्र॰)

उमेश अपराधी, 1 जुलाई 1951, खेड़ा, हिंडौन, (सवाई माधोपुर); शिक्षा–एम॰ए॰; कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–नई सुबह की राम-राम, तारीख़ नहीं बदलेगी। पता–खेड़ा, हिंडौन 322230 (सवाईमाधोपुर) राज॰

उम्मेदराज उत्पल, 4 जून, 1930, जोधपुर। शिक्षा–मैट्रिक। कृतियाँ–काव्य–चिनगारी, नवसंदेश, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन, लोकतंत्र की रक्षा, शांति और मानवता के प्रेरक आचार्य हस्ती; राजस्थानी–आजादी रो सदारो, रामराज रो सपनो; संपादन–साहित्यसेवक, अमर राह, जनमंगल, साहित्य-साधना। पता-80, बापूनगर, पाली 306401 (राजस्थान)

उर्मि कृष्ण, 14 अप्रैल, हरदा। शिक्षा–एम॰ए॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। विधाएँ–कहानी, यात्रावृत्त, व्यंग्य, नाटक, ललित निबंध, लघुकथा, बाल रचनाएँ, हास्य-व्यंग्य। कृतियाँ–वन और पगडंडियाँ (उपन्यास); मन यायावर, भारत एक भवयात्रा (यात्रावृत्त); बीमार पड़ने का सुख (व्यंग्य); महल दुमहले, नए सफ़ेद गुलाब, अग्निरथ, धुएँ से ऊपर, उँगलियाँ (कहानी-संग्रह); दीदी इंदिरा, खेल-खेल में विज्ञान, मैं बनूँगी सबका प्यारा, चाँद का गुस्सा बादल पे उतरा, मनोरंजक बालकथाएँ, दृष्टि (लघुकथा-संग्रह), इंद्रधनुष, झुकेंगे नहीं (बालसाहित्य); शुभतारिका (मासिकी-संपादन); निदेशक कहानी लेखन महाविद्यालय। पुरस्कार-सम्मान–हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा कई पुस्तकें पुरस्कृत। पता–ए-47 शास्त्री कालोनी, अंबाला छावनी 133001; दूरभाष : 0171-2610483, मो॰ 09896077317

उर्मिला शर्मा 'उर्मि', 4 जुलाई 1948; शिक्षा–एम॰ए॰, साहित्यरत्न, बी॰एड्॰, एम॰टी॰।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विधा–गीत, कहानी, निबंध। कृतियाँ–पत्र-पत्रिकाओं में गीत व कहानियों का प्रकाशन। पता–द्वारा श्री राधेश्याम शर्मा, 454 क/219, अर्जुननगर, आलमबाग़, लखनऊ (उ०प्र०)

उर्मिला शिरीष (डॉ०), 19 अप्रैल 1959; शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी०, डी०लिट्। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। विधाएँ–कहानी, उपन्यास, समीक्षा, निबंध। कृतियाँ–वे कौन थे, मुआवजा, केंचुली, सहमा हुआ कल, शहर में अकेली लड़की, रंगमंच, निर्वासन, पुनरागमन, लकीतर तथा अन्य कहानियाँ, ग्यारह लंबी कहानियाँ, कुर्की और अन्य कहानियाँ, प्रेम-संबंधों की कहानियाँ, मेरी प्रिय कथाएँ (कहानी-संग्रह); संपादन–खुशबू, धूप की स्याही (कहानी-संग्रह), सृजन यात्रा (गोविंद मिश्र), प्रभाकर श्रोत्रिय : आलोचना की तीसरी परंपरा। पता–ई 115/12 शिवाजी नगर, भोपाल 462016 (म०प्र०); दूरभाष: 0755-2559550, मो० 09303132118

उषाकिरण ख़ान (डॉ०), 24 अक्टूबर 1945, लहेरिया सराय, दरभंगा (बिहार); शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–हिंदी तथा मैथिल में समान रूप से लेखन, चार कहानी-संग्रह, एक उपन्यास, एक नाटक सहित अनेक पुस्तकें प्रकाशित, अनेक पत्र-पत्रिकाओं एवं संकलनों में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–राजभाषा विभाग, बिहार सरकार द्वारा सम्मानित। पता–एम 52/22 ए, रोड नं० 25, श्रीकृष्णपुरी, पटना-1 (बिहार)

उषा चौधरी (डॉ०), 11 अप्रैल 1938, हसनपुर (मुरादाबाद) उ०प्र०। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, संस्कृत, भाषाविज्ञान), पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। विधाएँ–कविता, कहानी, उपन्यास, जीवनी, निबंध, आलोचना, संस्मरण आदि। कृतियाँ– कहानी–सिमटती गहराइयाँ, जमा हुआ स्वप्न, किसी मोड़ पर, सुधियों के वातायन; उपन्यास–बहता जीवन मुड़ती धारा; कविता–आस्था की किरण, अंजुरीभर सुगंध; जीवनी–स्वतंत्रता सेनानी जगदीशप्रसाद : एक प्रेरक विभूति; संस्मरण–आशीर्वाद की छाया में, स्मृति-सुमन की पंखुड़ियाँ; निबंध–साहित्यिक निबंध, राजभाषा लोकमानस और संस्कृति; शोध–मुरादाबाद ज़िले के स्थान-नामों का भाषावैज्ञानिक अध्ययन; श्रीमद्भगवद्गीता, प्रशांतिनिलयम् परिचय पुस्तिका, Blossoms of Blessings of Satya Sai Baba, राजभाषा, लोकमानस और संस्कृति (लेख-संग्रह), आत्मकथा–कोलाज घरौंदों का; संपादन–उ०प्र० हिंदी समिति में लगभग 25 ग्रंथों का संपादन, उ०प्र० विधानसभा में 17 वर्षों तक सदन की कार्यवाहियों का संपादन, अध्यक्ष पीठ से दिए गए महत्त्वपूर्ण निर्णयों का संकलन, उ०प्र० विधानसभा में हास-परिहास, उ०प्र० विधानसभा की कार्यवाहियों के काव्यात्मक अंशों का संकलन, विधानसभा सदस्यों का जीवन-परिचय 1985, 1989, 1991, 1993, पलाशवन की बयार (कहानी-संकलन); अनेक ग्रंथों में कविताएँ एवं कहानियाँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–विधानसभा सचिवालय उ०प्र० द्वारा हिंदी की विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित 1996; प्रतिष्ठा साहित्यिक संस्था द्वारा महीयसी महादेवी वर्मा सम्मान 2001; हिंदी साहित्य परिषद् पीलीभीत द्वारा सम्मानित 2003; उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा कहानी-संग्रह 'किसी मोड़ पर' के लिए यशपाल नामित पुरस्कार 2003; उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा 'साहित्यिक निबंध' के

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

लिए महावीरप्रसाद द्विवेदी नामित पुरस्कार 2004; उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता संक्षिप्त टीका पर सर्जना पुरस्कार 2007; इसके अतिरिक्त अनेक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित; उषा चौधरी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा कुमारी निधि चौहान द्वारा पीएच॰डी॰ हेतु शोधकार्य 2004; 3 अन्य शोधकार्य हुए हैं। पता–सी-68, सेक्टर-जे, अलीगंज, लखनऊ (उ॰प्र॰) 226024; दूरभाष : 0522-2762087

उषा देव (डॉ॰), 2 फरवरी 1943, लाहौर (बादामी बाग); शिक्षा–एम॰ए॰ (संस्कृत), पीएच॰डी॰, रूसी भाषा में डिप्लोमा। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, पंजाबी। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त रीडर (संस्कृत विभाग) माता सुंदरी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय। कृतियाँ–द कॉन्सेप्ट ऑफ़ शक्ति इन दि पुराणाज (शोधग्रंथ), स्त्री का संघर्ष (उपन्यास); कहानी-संग्रह–कज़री, द्रौपदी जिंदा है, क्या पाया? क्या खोया, क्या मैं ग़लत थी, संग्राम शेष है; पुरस्कार-सम्मान–महिला विधि भारती द्वारा कांस्टीट्यूशनल क्लब द्वारा सम्मान 2008; संसदीय हिंदी परिषद परिचय हिंदी परिषद और विधि भारती परिषद द्वारा राष्ट्रभाषा गौरव सम्मान 2009; पता–बी॰टी॰ 25 शालीमार बाग, दिल्ली 110088, दूरभाष : 011-27473055

उषा प्रियंवदा (डॉ॰), 24 दिसंबर 1931, कानपुर (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰ (अँग्रेज़ी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, उर्दू, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–प्रोफ़ेसर, हिंदी, भारतीय साहित्य तथा संस्कृति, दक्षिण एशियाई विभाग, विसकांसिन संयुक्त राष्ट्र अमरीका। कृतियाँ–उपन्यास–पचपन खंभे लाल दीवारें 1961, रुकोगी नहीं राधिका 1968, शेषयात्रा 1984; कहानी–ज़िंदगी और गुलाब 1961, फिर बंसत आया 1961, एक कोई दूसरा 1966, कितना बड़ा झूठ 1973, मेरी प्रिय कहानियाँ 1974; पुरस्कार-सम्मान–उ॰प्र॰शासन। पता–साउथ एशियन स्टडीज, यूनिवर्सिटी आफ विस्कांसिन, मैडिसन, विस्कांसिन 53706 (यू॰एस॰ए॰)

उषा प्रवीण मेहता, 17 अप्रैल 1968, केलंबाकम (मद्रास); शिक्षा–एम॰ए॰; कार्यक्षेत्र–लेखन-संपादन। कृतियाँ–विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार–सम्मान–देवराज लकड़ जैन चेरिटेबल ट्रस्ट, मद्रास द्वारा महादेवी वर्मा स्मृति पुरस्कार। पता–द्वारा श्री प्रवीण मेहता, आयल मिल, मेन रोड, पो॰ वानी (यावतमाल) 445304 (महाराष्ट्र)

उषा माथुर (डॉ॰), 1 नवंबर 1938, लखनऊ (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी, भाषाविज्ञान), पीएच॰डी॰, डी॰लिट्॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत, बंगला। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन; पूर्व रिसर्च साइंटिस्ट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली। विधाएँ–समालोचना, भाषाविज्ञान। कृतियाँ–भारतेंदु की खड़ीबोली का भाषा-विश्लेषण, प्राचीन कथाएँ नई प्रेरणाएँ, खड़ीबोली : विकास के आरंभिक चरण, दो सदी : लघुकथाओं की (पांडुलिपि), भूले बिसरे शिशुगीत (पांडुलिपि), सृजन के आयाम (पांडुलिपि), हिंदी का आरंभिक वैज्ञानिक साहित्य; संस्था-संबद्धता–आजीवन सदस्य भारतीय हिंदी परिषद्, इलाहाबाद, भारतीय लेखिका परिवाद, लखनऊ; लगभग 80 शोधपूर्ण, निबंध, लेख प्रकाशित; आकाशवाणी से 20 वार्ताएँ प्रसारित;

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

यात्रा–मॉरीशस, विश्व हिंदी सम्मेलन (द्वितीय); पुरस्कार-सम्मान–उ०प्र० हिंदी संस्थान द्वारा श्यामसुंदर दास नामित पुरस्कार 1992; अनंत ज्योति विद्यापीठ, लखनऊ द्वारा इतिहास मंजूषा सम्मान। पता–'हर निवास', 47 पानदरीबा, चारबाग़, लखनऊ 226004 (उ०प्र०); दूरभाष : 0522-2451449

उषा यादव 'उषा', 1 मई 1969, इलाहाबाद। शिक्षा–एम०ए०, वनस्थली विद्यापीठ, जयपुर (राजस्थान); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। विधाएँ–काव्य, गीत, ग़ज़ल। कृतियाँ–अमराइयाँ, सोज़े-निहाँ, ग़ज़ल-संग्रह तथा काव्यसंकलन प्रकाशनाधीन। पुरस्कार-सम्मान–साहित्य ज्योति सम्मान अखिल भारतीय साहित्य संगम, उदयपुर (राज०) 2006; काव्य-मधुरिमा की मानद सम्मानोपाधि 2006; डॉ० बाबासाहेब अंबेडकर साहित्यरत्न पुरस्कार इंदौर (म०प्र०), अखिल भारतीय भाषा संस्थान, भोपाल (म०प्र०); श्रेष्ठ साधना सम्मान 2005; अक्षरश्री 2005; महादेवी वर्मा सम्मान 2004; हब्बा खातून स्मृति सम्मान 2008; अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलन (म०प्र०) द्वारा साहित्यश्री 2009; पता–23/47/57 बी, किदवईनगर, अल्लापुर (इलाहाबाद) 211006 (उ०प्र०) मो० 09412143604

उषाराजे सक्सेना, 22 नवंबर 1943; शिक्षा–एम०ए० (अँग्रेज़ी साहित्य); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेजी, उर्दू। कार्यक्षेत्र–पूर्व अध्यापक, ए०डी० कॉलेज, भगवतीप्रसाद महाविद्यालय गोरखपुर, उत्तर प्रदेश तथा लंदन में शिक्षण, यू०के० हिंदी समिति की उपाध्यक्ष, सहसंपादक 'पुरवाई' तथा स्वतंत्र लेखन। कृतियाँ–काव्यसंग्रह–इंद्रधनुष की तलाश में 1996, विश्वास की रजत सीपियाँ 1997; कहानी-संग्रह–मिट्टी की सुगंध 1999, प्रवास में 2002, वह रात और अन्य कहानियाँ 2007, वाकिंग पार्टनर। ब्रिटेन में हिंदी (इतिहास), 2006 दीपक द बास्केट मैन सीरीज की चार पुस्तकें अँग्रेज़ी में; संपादन–पुरवाई (सहसंपादन); अनुवाद–आधुनिक हिंदी कहानियों का अनुवाद कार्य (उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त); पुरस्कार-सम्मान–केंद्रीय हिंदी संस्थान, लखनऊ-उत्तर प्रदेश द्वारा विदेशों में हिंदी साहित्यसेवा प्रसार-प्रचार सम्मान से पुरस्कृत एवं सम्मानित 2001, बाबू गुलाबराय स्मृति साहित्य-सेवा सम्मान-(आगरा) 2006; पता–54 Hill Road, Mitcham Surrey, CRU 2HQ, UK, मो० 0919960260771, 09868758530

उषा सक्सेना, 9 फरवरी 1934 उरई। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी महिला (पीजी) कॉलेज लखनऊ, विजिटिंग प्रोफेसर, हिंदी तथा आधनिक भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, संप्रति स्वतंत्र लेखन। कृतियाँ–एक बिरवा चंदन का, बरखा बसंत, मेहनत के मोती, रेडियोनाटक–पथ अभिलाषी, हँसते गाते चेहरे, अनजाने रिश्ते, सत्य की जीत, बहुरंगी बुंदेलधरा, प्रथम स्वतंत्रता-संग्राम और बुंदेली वीरांगनाएँ, रेडियो नाटक लेखन, लोकसाहित्य एवं लोकसंस्कृति, दस्तक, प्रतिनिधि कहानियाँ। संपादन–संचारदर्पण

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

संचारश्री के अनेक संस्करण। पुरस्कार-सम्मान–महादेवी वर्मा पुरस्कार 1991, अनुशंसा पुरस्कार 1996-1997, यशपाल पुरस्कार 2003, साहित्य भूषण पुरस्कार 2004, अनेक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित। पता–नं॰ 6 इच्छा भवन मुन्नेलाल धर्मशाला रोड, पानदरीबा चौराहा चार बाग, लखनऊ 226004; मो॰ 09335262043, 09628995248

ऋता शुक्ल, 14 नवंबर 1949 डिहरी ऑन सोन। शिक्षा–एम॰ए॰ पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, बंगला, संस्कृत, भोजपुरी। कृतियाँ–दंश, अग्निपर्व, समाधान, श्रेष्ठ आंचलिक कहानियाँ, बाँधों न नाव इस ठाँव, शेषगाथा, कनिष्ठा उँगली का पाप, कितने जनम वैदेही, मानुस तन, कायांतरण, अरुंधती, भूमिकमल। पुरस्कार-सम्मान–लोकभूषण सम्मान, उत्तर-प्रदेश हिंदी संस्थान 1994, सत्रहवाँ राधाकृष्ण सम्मान, पांडुलिपि-क्रौंचवध तथा अन्य कहानियाँ भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा पुरस्कृत तथा प्रकाशित। पता–कहानी मोराबादी, टैगोर शिखर पथ, राँची-8; मो॰ 09431174319

ऋषभदेव शर्मा, 4 जुलाई 1957 गंगाधाड़ी, निकट खतौली, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर-प्रदेश); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–हिंदी अध्यापन एवं शोध निर्देशन उच्च शिक्षा और शोध संस्थान, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चेन्नई। आचार्य एवं अध्यक्ष हैदराबाद केंद्र। कृतियाँ–काव्य-संग्रह–तेवरी, तरकस, ताकि सनद रहे, आलोचना तेवरी चर्चा, हिंदी कविता–आठवाँ नवाँ दशक, कविता का समकाल, अनुवाद चिंतन साहित्येतर हिंदी अनुवाद विमर्श (सहलेखन); संपादन–संपादित पुस्तकें पदचिह्न बोलते हैं, कच्ची मिटटी 2, पुस्पक 3, पुष्पक 4, अनुवाद का सामयिक परिप्रेक्ष्य (स्मारिका) भारतीय भाषा पत्रकारिता, शिखर-शिखर (डॉ॰ जवाहरसिंह अभिनंदन ग्रंथ) हिंदी कृषक (काजाजी अभिनंदन ग्रंथ), अतीत एवं संभावनाएँ, अनुवाद नई पीठिका नए संदर्भ, स्त्री सशक्तीकरण के विविध आयाम, प्रेमचंद की भाषाई चेतना, शोधप्रविधि, आलोचना की दृष्टियाँ, अनुवाद का सामयिक परिप्रेक्ष्य (ग्रंथ), प्रेमचंद महेश भारतीय साहित्य ग्रंथमाला (प्रकाश्य) पत्रिकाएँ–संकल्प (त्रैमासिक), पूर्ण कुंभ (मासिक), सहायक संपादक, महिप (त्रैमासिक) सहयोगी संपादक, आदर्श कौमुदी, तमिल कहानी विशेषांक कर्णवती समकालीन तमिल साहित्य विशेषांक, रामायण संदर्शन (मासिक), पाठ्यक्रम पाठ सामग्री लेखन एवं संपादन। पुरस्कार-सम्मान–पं॰ रामेश्वर शुक्ल अंचल काव्य पुरस्कार, शिक्षा-शिरोमणि पुरस्कार, माता कुसुमकुमारी हिंदीतर भाषी हिंदी साधक सम्मान। पता–208 ए॰ सिद्धार्थ अपार्टमेंटस गणेश नगर, रामतापुर, हैदराबाद 500013 (आंध्र प्रदेश) दूरभाष : 040-42102132, मो॰ 09441822661

ऋषिमोहन श्रीवास्तव, 7 सितंबर 1954, दतिया (म॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी, समाजशास्त्र), वैद्यविशारद, विद्यावाचस्पति, संगीत प्रभाकर (जूनियर); कार्यक्षेत्र–सरकारी सेवा। कृतियाँ–गद्य–जीवन : एक कला, हमारे रणबाँकुरे, हम और हमारा पर्यावरण, दस हास्य एकांकी, बुंदेलखंड की लोककथाएँ, बापू के प्रेरक प्रसंग, ऐसा क्यों होता है, सफ़ाई से सेहत,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

आविष्कारों की कहानियाँ, कहानियाँ हास-परिहास की, अनोखे समुद्री जीव, पक्षियों का संसार, बीवी एक डाक्टर की, हमारे मायके में तो, बोधकथाएँ (भाग-1, 2, 3), सयाने की सीख, कुछ सीखो इनके जीवन से (भाग-1, 2, 3); पर्यावरण और प्रदूषण, घाघ-भड्डरी की कहावतें, लोककवि हरदोल आदि। पता–एल॰आई॰जी॰-20, हर्षवर्धननगर, भोपाल 462003; दूरभाष : 0755-2768193

ए॰ अच्युतन, 15 मई 1949 तिरवर, केरल। शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। भाषा-ज्ञान–मलयालम, हिंदी, अँग्रेज़ी और तमिल। कार्यक्षेत्र–आचार्य हिंदी विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय, केरल। कृतियाँ–9 पुस्तकें हिंदी में (नाटक और रंगमंच से संबंधित), तीन नाटक, 80 से अधिक शोधप्रपत्र। संपादन 2 किताबों का संपादन; अनुवाद–नाटकों का अनुवाद 4 मलयालम से हिंदी, 3 हिंदी से मलयालम। पुरस्कार-सम्मान–सौहार्द सम्मान (उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान), अंबेडकर फैलोशिप, ज्योतिबा फुले साहित्यरत्न सम्मान। पता–आचार्य हिंदी विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय, केरल, दूरभाष 0495-2545299, मो॰ 09447884370

ए॰ अरविंदाक्षन (डॉ॰), 10 जून 1949 पालक्काड़ केरल। शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–मलयालम, हिंदी, अँग्रेज़ी और तमिल। कार्यक्षेत्र–प्राफ़ेसर अध्यक्ष, कोचीन विश्वविद्यालय। कृतियाँ–कविता संकलन–बाँस का टुकड़ा, घोड़ा, आसपास, सपने सच होते हैं, राग लीलावती, असंख्य ध्वनियों के बीच, भरापूरा घर (बाल-कविताएँ), पतझड़ का इतिहास। आलोचना (मलयालम)–कविताइले स्थलकालंगल, कवितायुटे रागविस्तारम्, वायना, महत्वतिंटे संकीर्णतनम्, पूंतनम् (मोनोग्राफ़)। आलोचना (हिंदी)–महादेवी वर्मा के रेखाचित्र, अज्ञेय की उपन्यास-यात्रा, समकालीन हिंदी कविता, आधारशिला, कविता का थल और कल, कविता सबसे सुंदर सपना है, रचना के विकल्प, साहित्य, संस्कृति और भारतीयता, समकालीन कविता की भारतीयता, प्रेमचंद : भारतीय कथाकार, आरिगपुड़ी (मोनोग्राफ़)। अनुवाद–आधुनिक मलयालम कविता (मलयालम से हिंदी), भारतपर्यटनम् (मलयालम से हिंदी), प्रेम : एक एल्बम (मलयालम से हिंदी), कोच्ची के दरख़्त (मलयालम से हिंदी), अमेरिका एक अद्भुत दुनिया (मलयालम से हिंदी), एवम् इंद्रजीत (बंगला से मलयालम), अक्षर (कोंकणी से हिंदी), सर्वेश्वरदयाल सक्सेनायुटे कवितकल (हिंदी से मलयालम), मलयालम स्त्री कविता (मलयालम से हिंदी)। संपादन (हिंदी, मलयालम व अँग्रेजी)–कंपेरेटिव इंडियन लिटरेचर, साइंस कम्युनिकेशन (अँग्रेज़ी), कवितायुटे पुतिया मुखम् (मलयालम), आकलन, बहुरंगी कविताएँ, कथाशिल्पी गिरिराज किशोर, कविता का यथार्थ, प्रेमचंद के आयाम, निराला : पुनर्मूल्यांकन, आलोचना और संस्कृति, कविता आज, महादेवी वर्मा, कविता अज्ञेय, बुनियादी शिक्षा (हिंदी); पुरस्कार-सम्मान–'महादेवी वर्मा के रेखाचित्र' पुस्तक हेतु उ॰प्र॰ शासन का पुरस्कार, लखनऊ 1974, सौहार्द सम्मान, उ॰प्र॰ हिंदी संस्थान लखनऊ 1988, केंद्रीय हिंदी निदेशालय नई दिल्ली द्वारा 'बाँस का टुकड़ा' पुस्तक हेतु पुरस्कार 1992, राजभाषा विभाग, बिहार सरकार, पटना से विशिष्ट हिंदीसेवी पुरस्कार 1993, हिंदी

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

साहित्य में उत्कृष्ट योगदान हेतु सहस्राब्दी पुरस्कार, नई दिल्ली 2000, कविता अनुवाद के लिए देवकीकृष्ण ट्रस्ट कोचीन का पुरस्कार 2001, कथयुटे रागविस्तारम् पुस्तक हेतु वीटी मेमोरियल पुरस्कार, कोचीन 2004, कथयुटे रागविस्तारम् पुस्तक हेतु सीपी मेनन मेमोरियल पुरस्कार, कोचीन 2005; भाषासेतु पुरस्कार-अपनी भाषा कोलकाता; विश्व हिंदी सम्मेलन पुरस्कार न्यूयार्क 2007; आचार्य आनंदऋषि साहित्य पुरस्कार हैदराबाद 2008; गंगाशरण सिंह पुरस्कार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली; कमला गोयनका फाउंडेशन पुरस्कार, बैंगलुरु 2009; रामविलास शर्मा पुरस्कार, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चेन्नै; मीरा स्मृति पुरस्कार, मीरा फाउंडेशन, इलाहाबाद 2011; हिंदीरत्न सम्मान, हिंदी समिति, नई दिल्ली 2013; पता–279/VII, सांद्रम, मातेलीपुरम, काल्लनाड, पो॰ ओ॰ कोचीन 682022 (केरल)। मो॰ 09447667313; ई-मेल–arvind@cusat.ae.in

ए॰एन॰ चंद्रशेखर रेड्डी, 10 अप्रैल 1954, नन्थाल कर्नूल (आं॰प्र॰); भाषाज्ञान–तेलुगु, हिंदी, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–हिंदी व्यंग्य साहित्य। पुरस्कार-सम्मान–अंतर्राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति परिषद्, नजीबाबाद का माता कुसुमकुमारी विविध वर्ग पुरस्कार 1989; पता– हिंदी विभाग, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति 517502 (आं॰प्र॰)

एकनाथ देशमुख, 12 सितंबर 1945। शिक्षा–हायर सेकेंडरी। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। विधाएँ–गीत, कविता। कृतियाँ–एकता पल, युगांतर, आभास, नव चेतना आदि सहयोगी संकलनों में रचनाएँ प्रकाशित एवं आकाशवाणी इंदौर से प्रसारित। पुरस्कार-सम्मान–स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान, आगरा द्वारा सम्मानित, महामालव लोकसाहित्य परिषद् द्वारा सम्मानित। पता–7/1 महात्मा गांधी मार्ग (मनिहार बाखल), देवास (म॰प्र॰)

ए॰ कीर्तिवर्धन, 9 अगस्त 1956, शामली (मुज़फ़्फ़रनगर) उ॰प्र॰। शिक्षा–बी॰एस॰सी॰, ए॰एम॰ आई॰एम॰ए॰, डिप्लोमा मर्चेंट बैंकिंग, एक्सपोर्ट मैनेजमेंट। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–नैनीताल बैंक लि॰, मानव संसाधन विकास, मुजफ्फरनगर (उ॰प्र॰) । विधाएँ–आलेख, कविता, हाइकु। कृतियाँ–मेरी उड़ान, मुझे इंसान बना दो, सच्चाई का परिचय-पत्र, दलित चेतना के उभरते स्वर, सुबह सवेरे, जतन से मोठी चदरिया, चिंतन बिंदु। पुरस्कार-सम्मान–विद्यावाचस्पति व विद्यासागर सहित 60 से अधिक सम्मन। पता–53, महालक्ष्मी एन्क्लेव, जानसठ रोड, मुज़फ़्फ़रनगर (उ॰प्र॰) 251001; दूरभाष : 0131-2604950, मो॰ 9911323732, 08265821800

एच॰ बालसुब्रह्मण्यम (डॉ॰), 11 अप्रैल 1932 कायमकुलम (केरल); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), पीएच॰डी॰ साहित्यरत्न अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान डिप्लोमा, पत्रकारिता में डिप्लोमा। भाषाज्ञान–तमिल, मलयालम, हिंदी, संस्कृत, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अनुवाद, लेखन। परामर्शदाता, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली। कृतियाँ–जाग उठा है कालभैरव

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

(कविता-संग्रह), कामयाबी की दस्तान (जीवनी), निबंध-भारती (निबंध-संग्रह), क्या साक्षरता प्रतीक्षा कर सकती है, तिरुक्कुरल का संपूर्ण अनुवाद एवं समीक्षा (सहयोग से 1999); संपादन–उत्तर और दक्षिण सांस्कृतिक समन्वय, समकालीन तमिल कविताएँ अतिथि संपादक, तिशै एट्टुम मैथिली विशेषांक 2008; अनुवाद–तमिल से हिंदी–काली माटी अंचल से (रेखाचित्र), बंदरगाह (उपन्यास), आसम कुरसी (उपन्यास), कहाँ जा रहे हैं हम (उपन्यास), अपना-अपना अंतरग (कहानी-संग्रह), बिंदु की ओर (कविता-संग्रह सहयोग से), पीढ़ियाँ (उपन्यास), भरपूर इच्छा कीजिए (प्रेरणात्मक); (हिंदी से तमिल) फणीश्वरनाथ रेणु की कहानियाँ, संरचनावाद, उत्तर संरचनावाद एवं प्राच्य काव्यदर्शन, यंतिरवाहनन (उपन्यास); (मलयालम से हिंदी) मंदिर का हाथी (नाटक), दुकान की चाबी (कहानी), पढ़ते-पढ़ते कभी न खतम होती किताब, वेदों का देश; पवलाई (उपन्यास) (तमिल से हिंदी), कोयले की खान (उपन्यास) (तमिल से हिंदी); पुरस्कार-सम्मान–सौहार्द सम्मान उत्तरप्रदेश हिंदी संस्थान 1998, साहित्य अकादमी दिल्ली अनुवाद पुरस्कार 2002 संसदीय राजभाषा समिति–राष्ट्रभाषा गौरव 2006 राष्ट्रीय हिंदी परिषद मेरठ द्वारा सम्मान 2007, अखिल भारतीय राष्ट्रभाषा विकास संगठन गाजियाबाद द्वारा राष्ट्रभाषा संरक्षक सम्मान 2007, उच्चतम न्यायालय की साहित्यिक संस्था कवितायन द्वारा सम्मान 2007; पता–776 पाकेट 5 मयूर विहार फेज-1 दिल्ली 110091; दूरभाष 011-22752624, मो॰ 09868566763

एच॰ भीष्म पाल, 1 मई 1934 बीकानेर (राजस्थान); शिक्षा–एम॰ए॰ (राजनीतिविज्ञान), भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–सेना कर्नल तथा भारतीय सूचना सेवा के उपप्रमुख सूचना अधिकारी पद से सेवानिवृत्त। कृतियाँ–58 पुस्तकों की रचना, 28 अँग्रेज़ी तथा 30 हिंदी में; संपादन–टेरियर का संपादन, अनुवाद–दी टेंपल्स ऑफ़ राजस्थान तथा टेरीटेरियल आर्मी का हिंदी अनुवाद। पुरस्कार-सम्मान–भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार, पंडित गोविंदवल्लभ पंत पुरस्कार, डॉ॰ रांगेय राघव पुरस्कार, राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार राजस्थान सरकार के मेरिट पुरस्कार से सम्मानित। पता–सी-5/2 मंगला अपार्टमेंटस 53 आई पी॰ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली 110092, दूरभाष : 222446807, मो॰ 09910341969

एण्जे॰ अब्राहम (डॉ॰), 28 मार्च 1945, अंचानियिल, पंतनमनिट्टा (केरल); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग, मार्तोमा कालेज, तिरुवल्ला। कृतियाँ–हिंदी में–जगत् की ज्योति, मद्य छोड़ो (काव्य); नैतिक मूल्य (गद्य), साक्षरता, बगीचे के फूल आदि; मलयालम में–सृष्टि सृष्टा-विंकलेक, भावियुटे वातिल आदि; अँग्रेज़ी में–सेलक्टेड हिम्स, टुवर्स द क्रियेटर, हेवनली आदि। पुरस्कार-सम्मान–राष्ट्रभाषा रत्न; हिंदी सलाहकार समिति सदस्य (श्रम मंत्रालय, भारत सरकार); स्थायी समिति सदस्य और कार्य समिति सदस्य, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग; सचिव रिसर्च्स फोरम, पत्तनमतिट्टा; अध्यक्ष यूथ फोर प्रोहिविशन। पता–केरल; सचिव, कालेज हिंदी टीचर्स फोरम, केरल। पता–अध्यक्ष, हिंदी विभाग, मार्तोमा कालेज, तिरुवल्ला 689103 (केरल)

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

एन०आर० सागर, 22 जुलाई 1937। शिक्षा–इंटरमीडिएट। कार्यक्षेत्र–सरकारीसेवा। कृतियाँ–धम्मचक्र, ध्वंस का निर्माण, भीम प्रशस्ति। पता--मकान नं० 4/2668, गली नं०6, गोवर्धन बिहारी कालोनी, भोलानाथनगर, शाहदरा, दिल्ली 110032

एन०ई० विश्वनाथ अय्यर (डॉ०), 1920, पालघाट (केरल); शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, तमिल, संस्कृत, मलयालम। कार्यक्षेत्र–पूर्व प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग तथा डीन भाषा संकाय, कोचीन विश्वविद्यालय, कोच्चि। कृतियाँ–आलोचना–आधुनिक हिंदीकाव्य तथा मलयालम काव्य 1970, राष्ट्रभारती को केरल का योगदान 1962, केरल में हिंदीभाषा और साहित्य का विकास 1996, गीतकार 1963; निबंध–उठता चाँद डूबता सूरज 1984, शहर सो रहा है, फूल और काँटे, सीढ़ी और साँप; विविध–मलयालम हिंदी व्यावहारिक कोश 1959, काव्य कथाएँ 1963, प्राचीन कवि केशवदास 1967, केरल की लोककथाएँ 1978, महाकवि रवींद्रनाथ 1950; अनुवाद–आधी घड़ी (मूल- पारप्पुरम), 1977, जड़ें (मूल-मलयाट्टूर रामकृष्णन) 1975, रामराजा बहादुर, मरण सर्टिफ़िकेट, दवा 1995, स्मारक शिलाएँ 1996; पुरस्कार-सम्मान–बिहार राज्य सरकार; उ०प्र० शासन; शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा नातालि पुरस्कार; माता कुसुमकुमारी समग्र लेखन पुरस्कार 1993; राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार 1994; साहित्य अकादमी हिंदी अनुवाद पुरस्कार 1997; पता–26/ 2035, ट्यूटर्स लेन, तिरुवनंतपुरम् 695001 (केरल)

एन०के० जोसफ़, 27 जनवरी 1935 पूवरणी, कोटटयम जिला केरल। शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, मलयालम। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त अध्यापक, संप्रति लेखन कार्य और पुस्तक-संपादन। कृतियाँ–हिंदी उपन्यासों में व्यक्तिवादी चेतना (समीक्षा), हिंदी मलयालम अँग्रेज़ी कोश, लूर्द की बर्गंदे। संपादन–त्रिभाषा बाइबिल चित्रकथा, शोध-क्षितिज (शोध-पत्रिका); अनुवाद–येसु क्रीस्त (अनुवाद); सम्मान-पुरस्कार–हिंदी सेवा पुरस्कार बिहार सरकार (1989); पता–नरितूक्कल, पुलियन्नूर पी०ओ० कोटट, जिला केरल-686573, दूरभाष : 04622-205279, मो० 094476 64463

एन० चंद्रशेखरन नायर (डॉ०), 27 जून 1924, शास्तांकोट्टा (केरल); शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी०, साहित्यरत्न। कार्यक्षेत्र-पूर्व प्रोफ़ेसर व अध्यक्ष हिंदी विभाग, महात्मा गांधी कालेज, त्रिवेंद्रम, मेजर रिसर्च फैलो यू०जी०सी० 1985-87, यू०जी०सी० एमिरिट्स प्रोफेसर 1988-89, अब स्वतंत्र लेखन; विधाएँ–कविता, नाटक, उपन्यास, कहानी, आलोचना, निबंध, आत्मकथा, जीवनी। कृतियाँ–काव्य–हिमालय गरज रहा है (खंडकाव्य), गौरीशंकर, चिरंजीवि, कविताएँ देशभक्ति की; नाटक–द्विवेणी, कुरुक्षेत्र जागता है, युगसंगम, सेवाश्रम, देवयानी, धर्म और अधर्म, कुरुक्षेत्रम् उणरुन्नू, चतुरंगम, भगवान बुद्धन; उपन्यास–सीतम्मा; कहानी–हार की जीत, प्रोफ़ेसर और रसोइया; चिरंजीव (महाकाव्य) 2008; समीक्षा–मंजूषा, भारतीय साहित्य, भारतीय साहित्य और कलाएँ, प्रतीक : पूर्वी तथा पश्चिमी, प्रतीकी कवि

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सुमित्रानंदन पंत, श्रेष्ठ सिंबालिक कवि जी॰ शंकर कुरुप, प्रतीकी कवि पंत और जी॰ शंकर कुरुप, हिंदी और मलयालम के दो सिंबालिक कवि, अतीत के दिन, केरल के हिंदी साहित्य का बृहत् इतिहास, हिंदी-मलयालम-अँग्रेज़ी कोश, डॉ॰ नायर की साहित्यिक रचनाएँ, बहुचर्चित कहानियाँ, गांधी जी भारत के प्रतीक, चित्रकला सम्राट् रवि वर्मा अध्यात्मरामायण, ललिता सहस्रनाम की बृहद् व्याख्या और कुल 45 ग्रंथ। पुरस्कार- सम्मान–भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा तीन बार पुरस्कृत; हिंदी प्रतिष्ठान हैदराबाद से पुरस्कार 1972; कला-संस्कृति साहित्य सम्मेलन द्वारा पुरस्कृत; 'राष्ट्रीय कवि' की मानद उपाधि; साहित्य मार्तण्ड; देशरत्न; तृतीय विश्व हिंदी सम्मेलन द्वारा सम्मानित 1983; अंतर्राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति परिषद् नजीबाबाद द्वारा पुरस्कृत 1988; उ॰प्र॰ हिंदी संस्थान द्वारा पुरस्कृत 1994; मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा एक लाख रुपए का पुरस्कार 2003, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य पुरस्कार (एक लाख रुपए) एवं अन्य अनेक पुरस्कार; प्रसिद्ध चित्रकार, देश-भर की असंख्य साहित्यिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के अध्यक्ष अथवा माननीय सदस्य। अब तक 250 सम्मेलनों में अध्यक्षता ग्रहण की है; पचास से अधिक इंटरनेशनल, एशियाई, 'हू इज हू' में विशद परिचय; केंद्र सरकार के 13 मंत्रालयों में सलाहकार समिति में सदस्य। पता–श्रीनिकेत, लक्ष्मीनगर, पट्टम पोस्ट, त्रिवेंद्रम 695004 (केरल); दूरभाष : 0471-2541355

एम॰एस॰ विनयचंद्रन (डॉ॰), 14 मई 1961 अरुमानूर ज़िला त्रावणकोर। शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), बी॰एड्॰, पीएच॰डी॰, हिंदी अनुवाद और पत्रकारिता में स्नातोकत्तर डिप्लोमा। भाषाज्ञान–मलयालम, हिंदी, अँग्रेज़ी, तमिल। कार्यक्षेत्र–प्राध्यापक, हिंदी विभाग यूनिवर्सिटी कॉलेज, तिरुवनंतपुरम्। कृतियाँ–करीब बीस-पच्चीस रचनाएँ (लेख, संस्मरण, अनुदित रचनाएँ); संपादन–साहित्यिक पत्रिका संग्रथन; अनुवाद–कई रचनाओं का अनुवाद। मछुआरे उपन्यास की समीक्षा (अनुवाद-मलयालम से); पुरस्कार-सम्मान–संपादन हेतु जैमिनी अकादमी पानीपत से पुरस्कृत। पता–टी॰सी॰ 49/280 कुलंगरा वीडु कमलेश्वरम्, मणक्काडु तिरुवनंतपुरम् (केरल) दूरभाष : 0471-2453930, मो॰ 09447657301

एन॰पी॰ कुट्टन पिल्लै (डॉ॰), 29 अगस्त 1935 तट्टयिल (केरल); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त, हिंदी विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी मेथॉडिस्ट कॉलेज, वर्तमान में अध्ययन और लेखन। विधाएँ–समीक्षा, काव्यानुवाद, व्याकरण, निबंध, कोश, जीवनी आदि। कृतियाँ–समीक्षा–प्रसाद और कामायनी 1959, पंत : छायावादी व्यक्तित्व और कृतित्व 1970, पंतकाव्य में बिंब-योजना 1974, संत कबीर 1975, अध्ययन और अनुसंधान 1975, हमारे कलाकार 1976, केरली वैभव 1976, केरल की संस्कृति 1979, केरल : साहित्य और संस्कृति 1979, काव्यबिंब 1982, छायावादी बिंब-विधान और प्रसाद 1986, हमारे ऋषि-मुनि (तीन भाग) 2004, हमारे तीर्थ : पुराणों के झरोखे से, पौराणिक आख्यान, अध्ययन और अनुशीलन 2000, विचार और विवृति, विचार-वीथिका 2005, समीक्षालोक 2005, भारतीय

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

संस्कृति और अध्यात्म; कोश-ग्रंथ–हिंदी पर्याय कोश 1977, पौराणिक संदर्भ कोश 1984, हिंदी-हिंदी तेलुगु कोश 2005, पौराणिक संदर्भ कोश परिशिष्ट 1990; व्याकरण–तुलनात्मक व्याकरण 1959, भाषा प्रयोग 1998, सरल हिंदी व्याकरण एवं रचना 1961, निबंध-संग्रह–प्रबंध-प्रदीप 1963, विद्यार्थी हिंदी-निबंध 1973, हिंदी-साहित्य का सुगम इतिहास 1970; जीवनी–स्वतंत्रता-सेनानी अल्लूरि सीतारामराजु 1981, शबरिमला धर्मशास्ता स्वामी अय्यप्पन 2003; अनुवाद–अध्यात्मरामायण (सानुवाद लिप्यंतरण) 1978, उत्तररामायण (सानुवाद लिप्यंतरण) 1978, दर्शन (काव्यानुवाद) 1991, धरती के संतुष्टतम लोग (अनुवाद) 1980, मलयालम की प्रतिनिधि कहानियाँ 2005, धूपदान 1998, अमृतवर्षा (अनुवाद) 2001, काव्यदीपिका , दक्षिण में रामकथा 1974, महाकवि जी : शंकर कुरुप 2002, कालम् (मलयालम उपन्यास का अनुवाद) 1998; पुरस्कार-सम्मान–उ०प्र० हिंदी संस्थान द्वारा 'पंत काव्य में बिंब-योजना' पुरस्कृत 1976; अध्यात्मरामायण पर उ०प्र० हिंदी संस्थान का पुरस्कार 1979; उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा 'पुरुषोत्तमदास टंडन पुरस्कार' 1991; उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का सौहार्द सम्मान 1998, हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद का 'हीरक जयंती पुरस्कार' 1996; भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत 1978, 1984 और 1991, दक्षिण भारत हिंदी प्रतिष्ठान, हैदराबाद द्वारा सम्मान 1985, आ०प्र० हिंदी अकादमी, हैदराबाद द्वारा समग्र लेखन पुरस्कार 1988, केरल हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा समग्र लेखन पुरस्कार 1991, रोटरी इंटरनेशनल, बरेली द्वारा 2001 में सम्मानित; नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी द्वारा सम्मानित 2003; नागरी लिपि परिषद का विनोबा राष्ट्रीय सम्मान 2004; उस्मानिया विश्व विद्यालय द्वारा सम्मानित 2004; मानद उपाधियाँ–विद्याभास्कर, साहित्यमार्तंड तथा शब्दसम्राट्। पता–190, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया कालोनी, गांधीनगर, हैदराबाद 500080 (आंध्र); दूरभाष : 040-27533438

एन०सिंह (नगीनासिंह) डॉ०, 1 जनवरी 1956 चतरसाली, (सहारनपुर) उ०प्र०। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी), पीएच०डी०, डी०लिट्०। कार्यक्षेत्र–प्राचार्य, विजयसिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैराना (मुज़फ़्फ़रनगर) उ०प्र०। कृतियाँ–संतकवि रैदास : मूल्यांकन और प्रदेय, सतह से उठते हुए 1991, संपुट, दर्द के दस्तावेज़, दलित साहित्य : चिंतन के विविध आयाम, विचार-यात्रा में, मेरा दलित चिंतन, चेतना के स्वर, यातना की परछाइयाँ, शिखर की ओर (श्री माताप्रसाद अभिनंदन-ग्रंथ); कठौती में गंगा, काले हाशिए पर, रैदास ग्रंथावली 2003, आचार्य पद्मसिंह शर्मा और हिंदी-आलोचना, व्यक्ति और विमर्श, दलित साहित्य और युगबोध, सुश्री मायावती और दलित चिंतन; विभिन्न स्फुट रचनाएँ आदि; अनेक पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–साहित्यिक सेवाओं के लिए साहित्य मंथन शामली द्वारा नागरिक अभिनंदन 1991; उ०प्र० हिंदी पत्रकार संघ सहारनपुर द्वारा साहित्यश्री 1983; डॉ० अंबेडकर राष्ट्रीय अस्मितादर्शी साहित्य अकादमी उज्जैन द्वारा सारस्वत साहित्य सम्मान 1994; डॉ० अंबेडकर विशिष्ट सेवा पुरस्कार 1995; उ०प्र० हिंदी संस्थान, लखनऊ का सर्जना पुरस्कार 1998; म०प्र० दलित साहित्य अकादमी उज्जैन का अकादमी पुरस्कार 1999; भारतीय साहित्य

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

एवं पत्र-लेखन अकादमी सहारनपुर का सर सैय्यद खाँ फैलोशिप सम्मान, उ०प्र० हिंदी पत्रकार संघ सहारनपुर का साहित्यश्री सम्मान 1983, समन्वय, सहारनपुर द्वारा समन्वय-सृजन सम्मान 1997, सहारनपुर महोत्सव समिति द्वारा रामधारी सिंह 'दिनकर' सम्मान 2005; पता–'विमर्श' 286, नया आवास विकास, सहारनपुर 247001 (उ०प्र०); दूरभाष : 01398-2762056, मो० 094123 55707

एम०एस० जयराम (डॉ०), 5 जून 1949, मदुरै (तमिलनाडु); शिक्षा–एम०ए०, एम०एड्, एम० फिल०। कार्यक्षेत्र–अध्यापन, सॉथम हायर सेकेंड्री स्कूल, मद्रास। कृतियाँ–व्याकरण पुस्तिका। संपादन–मद्रास के हिंदी-कवि। कमलेश्वर की कहानियों में शहरी नारी (शोध); पता–सॉथम हायर सेकेंडरी स्कूल, माइलापुर (Mylapore), चेन्नई 600004 (तमिलनाडु)

एम० गोविंदराजन (डॉ०), 13 जुलाई 1944 तंजाऊर (तमिलनाडु); शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी० (हिंदी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेजी, (तेलुगु, मलयालम बोलना मात्र); कार्यक्षेत्र–अवकाशप्राप्त हिंदी शिक्षक। संप्रति महासचिव भाषा संगम (इलाहाबाद); कृतियाँ–आलवार एवं अष्टछाप के भक्तिकाव्य का तुलनात्मक अध्ययन, श्रीशक्ति तमिल-मालै (हिंदी द्वारा तमिल सीखें), तमिल साहितय का संक्षिप्त इतिहास। हिंदी में आदर्श लड़का, तमिल में पाप्पाप् पाडगल (बालगीत), करुत्तुप पाडलगल (आदर्श गीत तमिल), समण अरमुन नवकार महामंदिरमुम (जैनधर्म और जैन आचार्य-तमिल में) समण अरमुम समण तुरवियरुम (जैनधर्म और जैन आचार्य-तमिल में) आचार्य नानेशजीयिन बाल्क्कै चुरुक्कम (आचार्य नानेशजी की संक्षिप्त जीवनी-तमिल में); संपादन–मैथिलीशरण गुप्त जी की जन्मशती स्मारिका, आदान-प्रदान हिंदी-तमिल त्रैमासिक पत्रिका। सूर-सौरभ हिंदी त्रैमासिक पत्रिका का सहसंपादन। अनुवाद–विद्यापति कंडकादल चुवै, तुलिगल, सिल (विद्यापति की पदावलियों का तमिल पद्य अनुवाद), सेथ्टरलृ मलंर्द सेन्नदामरै (हिंदी कहानियों का तमिल अनुवाद) पुदिय उलहमुम पुदिय मनिदनुम (नया विश्व व नया मानव-हिंदी से तमिल अनुवाद) वाल्क्कै अरिवियल (जीवन विज्ञान-हिंदी से तमिल अनुवाद), ताय, नाडें उनक्काह (ए वतन! तेरे लिए–हिंदी कविताओं का तमिल पद्यानुवाद) सिलैयुम नाने, सिरपियुम नाने (शिल्प भी मैं हूँ शिल्पी भी मैं हूँ–अँग्रेज़ी से तमिल अनुवाद); पुरस्कार-सम्मान–तमिलनाडु हिंदी अकादमी द्वारा सम्मानित 2001, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चेन्नई द्वारा कृष्णमाचारी एंडोनमेंट पुरस्कार 2002, गंगाशरण सिंह पुरस्कार 2002, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा चेन्नई द्वारा सम्मानित 2003, साहित्य मंडल नाथद्वारा सम्मानित 2008, त०ना० कुमारसामी जन्मशती समारोह में सम्मानित 2008; पता–वेस्ट वुड जेन नं० 6, चौथी गली राज, राजेश्वरी नगर मडिप्पाक्कम, चेन्नई 600091

एम०डी० मिश्रा 'आनंद', 6 मई 1936, आनंद भवन प्रश्नीपुर (टीकमगढ़), म०प्र०। शिक्षा–स्नातक। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–मध्यप्रदेश शासन में नायब तहसीलदार

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

के पद से सेवानिवृत्त। विधा–कहानी, नाटक, कविता। कृतियाँ–मोक्ष की राह, बद्रीनाथ सहित शिवलोक की यात्रा, मैं कौन हूँ, इंद्रधुनुष से रंग जीवन के संग (कहानी-संग्रह); प्रसारण–आकाशवाणी छतरपुर से काव्यधारा एवं आकाशवाणी भोपाल अन्य कार्यक्रमों में प्रसारण; वाह-वाह कार्यक्रम सब टी०वी० मुंबई से रचनाओं का प्रसारण, राष्ट्रीय स्तर की अनेक पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित; पुरस्कार-सम्मान–मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति भोपाल द्वारा एवं साहित्यपीठ ग्वालियर (म०प्र०) द्वारा सम्मानित; काव्यकेशरी अखिल भारतीय साहित्यसंगम उदयपुर; कलम कलाधर अ०भा०सा० संगम उदयपुर (राज०); डॉ० पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सम्मान हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर (म०प्र०); पता–मध्य प्रदेश लेखक संघ, ई-पृथ्वीपुर (टीकमगढ़) 472336; दूरभाष : 07680-233218, मो० 09424345355

एम० रंगैया (डॉ०), 10 जुलाई 1937, मेदक (आं०प्र०); शिक्षा–एम०ए०, बी०एड्०, पीएच०डी०, साहित्यरत्न। भाषाज्ञान–तेलुगु, हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त प्राध्यापक। कृतियाँ–अनुवाद–आधुनिक तेलुगुकाव्य परिमल, नदी ने मुझसे कहा, मंदिर खाँस रहा है, हम सब एक हैं, श्रम में स्वर्ग, अनागत हेमंत, अर्पण, समसामयिक तेलुगु कविता, अस्मिता, पेर्वारम् की कविताएँ, नगर, स्फुलिंग, युगचेता श्री०श्री०, सर्पदंश, मेरा देश, वास्तुभूमि, ज़लज़ला, दिगंबर कविता, श्रीमद् आंध्र भागवत (पोतनाकृत भागवत के पाँचवें, छठे स्कंध का लिप्यंतरण सहित अनुवाद); शोध–समकालीन काव्य में प्रगतिवादी चेतना; विविध–स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरि सीतारामराजु, हिंदी-तेलुगु स्वबोधिनी। पुरस्कार-सम्मान–अंतर्राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति परिषद्, नजीबाबाद का माता कुसुमकुमारी अनुवाद पुरस्कार 1993; पता– 5-1-408, पुरानी घासमंडी, सिकंदराबाद 500003 (आ०प्र०); दूरभाष : 040-66323235 मो० 08008971371

एम० लोकनाथम् (डॉ०), 6 नवंबर 1942 वेल्लूरु (आं०प्र०); शिक्षा–एम०ए० (अँग्रेज़ी, हिंदी), पीएच०डी० (हिंदी) शिक्षाविशारद। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, तेलुगु, तमिल। कार्यक्षेत्र–पूर्व प्रधान सचिव, द० भा० हिंदी प्रचार सभा मद्रास। हिंदी परामर्शदाता लूकास टी०वी०एस० चेन्नई। कृतियाँ–साहित्यिक आलोचनाएँ, निबंध एवं कविताएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित। संपादन–त्रिभाषा कोश हिंदी अँग्रेज़ी, तमिल, पूर्व संपादन दक्षिण भारत हिंदी प्रचार समाचार, 2006, सह-संपादन अन्य विशेषांक। अनुवाद–जयकांत की लघु कहानी–वडकुवासना। पता–एफ लक्ष्मी अपार्टमेंट्स, 16 जकारिया कालोनी चौथी गली, चूलैमैड्, चेन्नई 600053, दूरभाष : 044-65325522, मो० 09282130443

एम० शेषन (डॉ०), 7 अक्टूबर 1932, मदुरै (तमिलनाडु); शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी० कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त अध्यक्ष, हिंदी विभाग, द्वारिकादास गोवर्धनदास वैष्णव कालेज, अरुम्बाक्कम्, मद्रास। कृतियाँ–दक्षिण के शैव संत, कथाकार कल्कि, तमिल साहित्य : एक झाँकी, तमिल साहित्य का इतिहास, भारती : युग और चिंतन, नीला चाँद (तमिल अनुवाद), तमिल भक्ति-आंदोलन, तमिल नवजागरण एवं सुब्रह्मण्य भारती, सुब्रह्मण्य भारती का आधुनिक तमिल

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

काव्य पर प्रभाव (विषयगत एवं शिल्पगत), कंबन और तुलसी के नारीपात्र, वृंदावनलाल वर्मा, कल्कि एवं के॰एम॰मुंशी के ऐतिहासिक उपन्यास : एक तुलना, तमिल साहित्य पर वैदिक संस्कृति का प्रभाव, समकालीन तमिल कहानियाँ, तमिल साहित्य : एक परिदृश्य, रामचरितमानस (संपूर्ण) का तमिल गद्यानुवाद, तमिल सामाजिक इतिहास : (डी॰लिट् शोधप्रबंध), तमिल : उसका इतिहास, सभ्यता और संस्कृति, तमिल-हिंदी शृंगार काव्य : तुलना। पता–प्लाट नं॰ 790, डॉ॰ रामस्वामी रोड, के॰के॰ नगर (पश्चिम), चेन्नई 600078 (तमिलनाडु) दूरभाष : 044-24723425; मो॰ 9444763055

एम॰सिंह 'पड़ोसी', 17 नवंबर 1932, सिरसा गंज (मैनपुरी) उ॰प्र॰। शिक्षा–एम॰ए॰, एम॰एड्॰, तमिल भाषा में डिप्लोमा। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, तमिल। कार्यक्षेत्र–मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त। विधा–काव्य, बालसाहित्य। कृतियाँ–राजा बेटा (बालगीत), पशुओं का विद्रोह (किशोरोपयोगी उपन्यास), कनक-भुवन (प्रगीत शतक : संक्षिप्त), सब नावों में एक ही बार (प्रगीत शतक : संक्षिप्त), कल्पतरु (प्रगीत शतक), कल्पलता (प्रगीत शतक), शौर्यश्रुति (जौहरकाव्य); पता–142/63, अमानीगंज (अमीनाबाद), लखनऊ 226018 (उ॰प्र॰); मो॰ : 09793180283

एल॰वी॰के॰ श्रीधरन (डॉ॰), 3 अक्टूबर 1948 मदुरै तमिलनाडु। शिक्षा–एम॰ए॰, एम॰ फिल॰, पी॰एच॰डी॰, प्रचारक। भाषाज्ञान–तमिल, हिंदी, अँग्रेज़ी, तेलुगु, सौराष्ट्रम। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त हिंदी प्राध्यापक, लयोला कालेज, चेन्नई। संप्रति हिंदी अध्यापक, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद कालेज, चेन्नई। कृतियाँ–कई पुस्तकों में आलेख। अनुवाद–इंडियन ओवरसीज बैंक के मैनुअल और आचार संहिताओं का अँग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद, आरक्षण क्यों? पुस्तक का अँग्रेजी से हिंदी में अनुवाद, चेन्नई में स्थित उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के लिए भारत में दुर्ग पुस्तिका का हिंदी से अँग्रेज़ी में अनुवाद, काँची के शंकराचार्य के उदपदेशों का परम वाणी भाग 2 का करीब 500 पृष्ठों का तमिल से हिंदी में अनुवाद, इंडियन इकोनॉमी, माइक्रो इकोनॉमिक्स आदि पुस्तिकाओं का अँग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद, आनंदरंगम पिल्लै डायर भाग 2 (पांडिचेरी के गवर्नर दूब्ले का दुभाषिया) का तमिल से हिंदी में अनुवाद, डॉ॰ मनोजकुमार पटेरिया द्वारा लिखित विज्ञान पत्रकारिता पुस्तक का तमिल में अनुवाद, ईसाई धर्म की कई पुस्तकों का अँग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद। संघम साहित्य का कविता में रूपांतरण। पुरस्कार-सम्मान–तमिलनाडु हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा उत्तम अध्यापन सम्मान। पता–12/73 सौराष्ट्रनगर, 10वीं गली, चूलैमेडु, चेन्नई 600094, दूरभाष : 4248287, मो॰ 09840281636

एलिजाबेथ कुरियन (श्रीमती), 18 अक्टूबर 1949, हैदराबाद (आंध्र); शिक्षा–बी॰एस॰सी॰। भाषाज्ञान–मलयालम, अँग्रेज़ी, तेलुगु, हिंदी। कार्यक्षेत्र–भारतीय रिजर्व बैंक में अधिकारी। कृतियाँ–विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पता–93, मेथोडिस्ट कालोनी, बेगमपेट, हैदराबाद 500016 (आं॰प्र॰)

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

एस०आर० हरनोट, गाँव चनावग (हि०प्र०); शिक्षा–बी०ए० (ऑनर्स), एम०ए० (हिंदी), पत्रकारिता, लोकसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार में उपाधि-पत्र। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–सहायक महाप्रबंधक, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम, शिमला। विधा–कहानी एवं उपन्यास आदि। कृतियाँ–पंजा, आकाशबेल, पीठ पर पहाड़, जीनतकाठी तथा अन्य कहानियाँ, माफ़िया, दरोश तथा अन्य कहानियाँ (कहानी-संग्रह); हिडिम्ब (उपन्यास); हिमाचल की कहानी (इतिहास); यात्रा (यात्रावृत्त); हिमाचल एट ए ग्लांस। पुरस्कार-सम्मान–'दारोश तथा अन्य कहानियाँ' पुस्तक के लिए वर्ष 2003 का अंतर्राष्ट्रीय इंदु शर्मा कथा सम्मान (लंदन में) तथा हिमाचल में हिमाचल राज्य अकादमी पुरस्कार; क्रिएटिव न्यू फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा विशिष्ट साहित्यकार सम्मान; अखिल भारतीय भारतेंदु हरिश्चंद्र एवार्ड; हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ, हमीरपुर द्वारा साहित्यकार सम्मान; हिमाचल गौरव सम्मान; भाषा और संस्कृति विभाग, हि०प्र० द्वारा कहानी और निबंध लेखन के लिए सम्मानित; प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ द्वारा श्रेष्ठ साहित्य सम्मान; हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा साहित्य सम्मान; हिमाचल केसरी एवार्ड। विशेष–कहानी 'दारोश' पर दिल्ली दूरदर्शन द्वारा 'इंडियन क्लासिक्स सीरीज के तहत फ़िल्म का निर्माण। पता–ओम भवन, मोरले बैंक इस्टेट, निगम विहार, शिमला-2 (हि०प्र०); दूरभाष : 0177-2625092; ई-मेल–s r harnot@ rediffmail.com

एस०ए० रहमान (डॉ०), 10 मार्च 1945 दिल्ली। शिक्षा–पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, उर्दू, अँग्रेज़ी, अरबी। कार्यक्षेत्र–प्रोफ़ेसर स्कूल ऑफ़ लैग्वेज, जे०एन०यू०। कृतियाँ–अरबी में अनुवाद की परंपरा, उर्दू-हिंदी कोश, भारतीय भाषा कोश में उर्दू पर्याय लेखन (आधुनिक नागरी लिपि में); अनुवाद–कुछ पत्रिकाओं में अरबी से हिंदी में अनुदित कहानियाँ। पुरस्कार-सम्मान–राष्ट्रपति पुरस्कार भारत में अरबी की उन्नति हेतु 2002; पता–एन-266, न्यू पालम विहार, गुड़गाँव; मो० 09350212940

एस० कालरा, 3 सितंबर 1951, फतेहगंज (प०), (बरेली) उ०प्र०। शिक्षा–इंटरमीडिएट। कार्यक्षेत्र–व्यवसाय। विधाएँ–उपन्यास, कहानी, लघुकथा, नाटक, निबंध, गीत, ग़ज़ल आदि। कृतियाँ–संपादन–अभिव्यक्ति; विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित; आकाशवाणी रामपुर, बरेली व दूरदर्शन केंद्र लखनऊ से प्रसारण। पुरस्कार-सम्मान–हीरोज़ क्लब द्वारा नेहरू शताब्दी वर्ष पर प्रकाशित बालगीत 1989 में प्रथम पुरस्कार। संस्थापक, साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था बरेली कलामंच, बरेली। पता–क़िला, बरेली 243003 (उ०प्र०)

एस०के० भट्टाचार्य, 21 फरवरी 1964, अजमेर (राज०); शिक्षा–बी०बी०ए०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–राष्ट्रीय अध्यक्ष, सिटीजन फ़ोरम ऑन ह्यूमन राइट, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक। विधाएँ–ग़ज़ल, शायरी, कविता, लेख। कृतियाँ–विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में 1100 से भी अधिक रचनाएँ तथा कविता-संग्रहों में प्रकाशन। पुरस्कार-सम्मान–गुजरात दलित, बिहार दलित साहित्यकार पुरस्कार व अनेक देशी-विदेशी सम्मानों से सम्मानित। पता–बी-204,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अंजलि विला, पो॰बा॰ 57, गांधीधाम 370201; दूरभाष : 02836-239565, मो॰ 094262 15334; ई-मेल–nchrcr-india@yahoo.com.in

एस॰ तंकमणि अम्मा (डॉ॰), 18 मार्च 1950 तिरुवनतपुरम्, केरल। शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), पीएच॰डी॰ (हिंदी); भाषाज्ञान–मलयालम, हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–प्राफ़ेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, केरल विश्वविद्यालय, तिरुवनंतपुरम्, उपाध्यक्ष केरल हिंदी प्रचार सभा, अध्यक्ष विनोबा निकेतन। कृतियाँ–मलयालयम के खंडकाव्य 1976, आधुनिक हिंदी खंडकाव्य 1987, संस्कृति के स्वर 1989, प्रेरक जीवनियाँ 1997, विविध पत्र-पत्रिकाओं एवं सदंर्भ-ग्रंथों में 200 से ज़्यादा आलेख प्रकाशित। संपादन–चार कृतियों का सहसंपादन। सहसंपादक–केरल ज्योति मासिक पत्रिका। अनुवाद–हिंदी से मलयालयम में मोहन राकेश, कर्मयोगी। मलयालम से हिंदी में गोत्रयान, स्वयंवर, एक सौ से ज़्यादा मलयालम कविता व कहानियों के अनुवाद प्रकाशित। सम्मान-पुरस्कार–प्रो॰चंद्रहासन पुरस्कार 1971, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान पुरस्कार 1976, केंद्रीय हिंदी निदेशालय पुरस्कार 1989, दविवागीश पुरस्कार 1999, विशिष्ट हिंदीसेवा पुरस्कार 1999, सौहार्द पुरस्कार (उ॰प्र॰हि॰स) 2000, विश्व हिंदी सम्मान सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन (सूरीनाम) 2003) राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार-केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा 2003; पता–मणिमंदिरम्, आनयरा (डाक) तिरुवनंतपुरम 695029 (केरल), मो॰ 09349193272

एस॰ विजया (डॉ॰), 15 जुलाई 1960 चेन्नई। शिक्षा–बी॰एस॰सी॰, बी॰एड॰, एम॰ए॰ (तमिल, हिंदी, अँग्रेज़ी) एम॰फिल॰, पीएच॰डी॰, सी॰ए॰आई॰आई॰बी॰। भाषाज्ञान–तमिल, हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–बैंकर भारतीय स्टेट बैंक। कृतियाँ–कण्णदासन बच्चन तुलना दोतरफा रास्ता। संपादन–दक्षिण वाणी, कोर्वे अमृत वाणी, वटवृक्ष। पता–2/1657 लक्ष्मीनगर 8वीं स्ट्रीट, मदीपक्कम्, चेन्नई 600091

एस॰ हरिहरन, 7 जनवरी, 1953 सु कंबुपटटु पवित्रम गाँव, तिरुवण्णामलै, तमिलनाडु। शिक्षा–हिंदी प्रवीण प्रचारक। भाषाज्ञान–तमिल, हिंदी और अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–हिंदी अध्यापक। कृतियाँ–पत्र-पत्रिकाओं में लेख, कविताएँ प्रकाशित, रेडियो से प्रसारित। पता–26, 11वाँ क्रॉस, कुरिंजी नगर, लॉसपेट पोस्ट, पुदुचेरी 605008, दूरभाष : 0413-2256516, मो॰ 09443210578; ई-मेल–hariharankmr4@gmail.com

एहसान आवारा, 28 मार्च 1931, बाँदा। कृतियाँ–सवेरा तो सबके लिए है, उजबेक अफ़साने (अनुवाद); पुरस्कार-सम्मान–1986 में सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार। पता–छावनी, बाँदा 210001 (उ॰प्र॰)

ओंकार गुलशन, 15 नवंबर 1950, मेरठ (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, एल-एल॰बी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–ज़िला न्यायालय मेरठ में वकालत। विधाएँ–ग़ज़ल, रुबाइयाँ,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मुक्तक। कृतियाँ–हिंदी की सर्वश्रेष्ठ ग़ज़लें, हिंदी रुबाइयाँ और मुक्तक, हिंदी ग़ज़ल-यात्रा, ग़ज़लें ही ग़ज़लें, ग़ज़लें हिंदुस्तानी आदि अनेक संकलनों एवं स्मारिकाओं में रचनाएँ संकलित; अनेक शीर्षस्थ पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित; आकाशवाणी के अनेक केंद्रों एवं दूरदर्शन द्वारा रचनाओं का प्रसारण, आकाशवाणी दिल्ली की विदेश-प्रसारण सेवा हिंदी तथा उर्दू में वर्षों तक निरंतर काव्यपाठ; विगत 25 वर्षों से देश के विभिन्न प्रांतों में आयोजित कवि-सम्मेलनों एवं मुशायरों में काव्यपाठ; हिंदी-ग़ज़ल पर हुए अनेक शोध-ग्रंथों में उद्धरित। पुरस्कार-सम्मान–हिंदी की शीर्षस्थ साहित्यिक पत्रिका कादंबिनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गीत-ग़ज़ल प्रतियोगिता में श्रेष्ठ ग़ज़लकार के रूप में पुरस्कृत।

ओंकारनाथ चतुर्वेदी (डॉ॰), 17 जून 1938, कोटा। शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–पूर्व विभागाध्यक्ष एवं शोध निदेशक। विधा–उपन्यास और व्यंग्य। कृतियाँ–ढाई आखर, संत परंपरा और साहित्य, कबिरा आप ठगाइए, आँखिन देखी, अब दादुर वक्ता भये, महाठगनी-हम जानी, मेरे तो सत्ता गोपाल, बोल मेरी मछली, इतवार की तलाश, मैं नाच्यो बहुत गोपाल, आभार साहित, व्यंग्यशतकम् (व्यंग्य-संग्रह); भोर की प्रतीक्षा में (उपन्यास); शताब्दी मंजूषा, सूर्यमल्ल स्मृति-ग्रंथ (संपा॰), विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में शोध-निबंध, संस्मरण, व्यंग्य-लेख, नाटक, ललित निबंध आदि का प्रकाशन; आकाशवाणी से नाटकों का प्रसारण। पुरस्कार-सम्मान–'संत परंपरा और साहित्य' कृति पर संत दादू राष्ट्रीय शिखर सम्मान; 'कबिरा आप ठगाइए' कृति पर राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा कन्हैयालाल सहल पुरस्कार; भारतेंदु समिति कोटा द्वारा साहित्यश्री; 'आँखिन देखी कृति' पर ज़िला प्रशासन द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान; 'अब दादुर वक्ता भये' कृति पर पूर्व छात्र मंडल, कोटा द्वारा साहित्य सेवा पुरस्कार; जुपिटर इको क्लब कोटा द्वारा राष्ट्रगौरव सम्मान; संत सुंदरदास राष्ट्रीय समारोह समिति भीलवाड़ा द्वारा साहित्य मनीषी सम्मान। पता–'प्रणव', 130/4, शिवाजी लेन, सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, कोटा 234002 (राज॰); दूरभाष : 0744-2325966, ईमेल–onkarnath.chatc@yahoo.com

ओंकारलाल वर्मा 'माखन', 1 जनवरी 1922, ऊन (प॰निमाड़) म.प्र.। कार्यक्षेत्र–सेवा निवृत्त अध्यापक। कृतियाँ–नवगीत, उत्सर्ग, नया प्रभात, विकासगीत, बागवानी, कताई शिक्षा, मन की झंकार, युग की आवाज़, वीणा के तार, संत सिंगा की धरती, जवाहर जौहर। पता–मु॰पो॰ ऊन (खरगौन) म॰प्र॰

ओ॰पी॰ गर्ग (डॉ॰), 26 नवंबर 1956, खरकड़ा तह॰ महम ज़ि॰ रोहतक (हरियाणा); शिक्षा–ए॰एम॰ए॰, एम॰फिल॰, एम॰ए॰ (अनुवाद एवं भाषाविज्ञान), पीएच॰डी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, पंजाबी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। विधाएँ–अनुवाद, काव्य, साहित्य, व्यंग्य। कृतियाँ–कबीर काव्य में सगुण तत्त्व, महाराजा अग्रसेन वैश्य प्रश्नोत्तरी, पवित्र प्रतीक, इंसान, कुछ बंद नहीं होता, जगमगाता शीर्षक, स्वतंत्रता के देश में, ज़िंदगी, गठड़ी, हम

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

आज़ाद हुए इतना, समकालीन हिंदीव्यंग्य, हिंदीव्यंग्य के जनक बाबू बालमुकुंद गुप्त, तिरंगा त्रिमूर्ति; आजीवन सदस्य–नागरी लिपि परिषद, नई दिल्ली; अंतर्राष्ट्रीय भाषासम्मेलन न्यास नई दिल्ली; हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग। पुरस्कार-सम्मान–अंतर्राष्ट्रीय नागरी लिपि सम्मेलन में सम्मान व प्रशस्तिपत्र 1999, राजभाषा हिंदी स्वर्ण जयंती समारोह में सहस्राब्दी सम्मान, जय तुलसी फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय सम्मान 2002, राजस्थानी अकादमी द्वारा बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य सम्मान 2003, अणुव्रत विश्व भारतीय राजसमंद द्वारा अहिंसा एवं अणुव्रत लेखक पुरस्कार 2003, मानवाधिकार समिति द्वारा नई दिल्ली में मानवाधिकारसेवी अंतर्राष्ट्रीय प्रशस्ति व पुरस्कार 2003, वैज्ञानिक व तकनीकी शब्दावली आयोग मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित तकनीकी कार्यशाला में चंडीगढ़ में सहभागिता 2004; पता–5/546, इंद्रा कॉलोनी, रेलवे रोड, सोनीपत 131001 (हरियाणा); दूरभाष: 0130-2251171, 094164 27716

ओम उपाध्याय, 11 जुलाई 1949, ग्राम झापड़ी (मंडलेश्वर) पश्चिम निमाड़ (म०प्र०); शिक्षा–विज्ञान स्नातक, पत्रोपाधि (ना० यांत्रिकी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। विधा–बालकाव्य, व्यंग्य-संग्रह, नाट्यसंग्रह। कृतियाँ–कौतूहल (बालकाव्य-संग्रह), बंदर मामा बूम बड़ाम (बालकाव्य-संग्रह), अमर उठ वोट लेने चल (व्यंग्य-संग्रह), हम स्वतंत्र हैं (व्यंग्य-संग्रह), प्रश्नचिह्न (नाट्यसंग्रह); प्रसारण–आकाशवणी केंद्रों क्रमशः इंदौर, भोपाल से कहानियों, कविताओं, नाटकों, समीक्षाओं, व्यंग्य-लेखों आदि-आदि का नियमित प्रसारण, दूरदर्शन से भी प्रसारण। पुरस्कार-सम्मान–वन विभाग (म०प्र०) से प्रादेशिक स्तर का प्रथम पुरस्कार एवं सम्मान; 'बंदर मामा बूम बड़ाम' (बालकाव्य-संग्रह) भारतीय बाल व युवा कल्याण संस्थान खंडवा से पुरस्कृत एवं सम्मानित; महाराष्ट्र दलित साहित्य अकादमी भुसावल से कविराज की शासन मान्य उपाधि एवं काव्य साधना पुरस्कार से सम्मानित; 'राष्ट्र धर्म' (मासिक) लखनऊ द्वारा आयोजित श्री राधेश्याम चिंतलांगिया स्मृति अ०भा० हिंदी कहानी प्रतियोगिता 2003 में तृतीय पुरस्कार; नागरी बालसाहित्य संस्थान बलिया (उ०प्र०) से सम्मानित; रंजनकलश शिव सम्मान (भोपाल) 2004; नार्मदीय गौरव सम्मान, इंदौर 2005; साहित्यश्री सम्मान 2005; मौन सेवा सम्मान, भा०बा० युवा कल्याण संस्था खंडवा। पता–एफ 69/30, दक्षिण (साउथ) तात्याटोपे नगर, भोपाल 462003 (म०प्र०); दूरभाष : 0755-4233591(नि०), 0755-2677591 (कार्यालय)

ओम गोस्वामी (डॉ०), 11 सितंबर 1947 जम्मू तवी (ज०क०); शिक्षा–एम०ए० (हिंदी) पीएच०डी०। भाषाज्ञान–हिंदी, डोगरी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–राज्य सरकार के उपक्रम से अतिरिक्त सचिव के पद से सवानिवृत्ति। संप्रति भाषा, संस्कृति एवं लोकवार्ता पर शोध तथा स्वतंत्र लेखन। कृतियाँ–हिंदी तथा डोगरी में रचनात्मक साहित्य के अलावा शोधपरक, विश्लेषणात्मक, आलोचनात्मक विषयों पर 38 पुस्तकों का प्रणयन। संपादन–40 ग्रंथों का संपादन, छह

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पत्रिकाओं का संपादन। अनुवाद–हिंदी से डोगरी और डोगरी से हिंदी में अनेक अनुवाद प्रकाशित। मुख्यतः उपन्यास कगार की आग (हिमांशु जोशी) का धारा ते लोरे शीर्षक से डोगरी अनुवाद। पुरस्कार-सम्मान–साहित्य अकादमी (नई दिल्ली) द्वारा 1986 में पुरस्कृत अकादमी ऑफ़ आर्ट कल्चर एंड लैंग्वेजिज द्वारा भिन्न-भिन्न वर्षों में पुरस्कार, केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा 1987 में पुरस्कार। पता–भवन क्रमांक 181, पहाड़ियाँ स्ट्रीट, जम्मू तवी 180001; दूरभाष : 0191-25410861, मो॰ 09419203453

ओम तिवारी (श्रीमती, डॉ॰), 12 जनवरी 1950 लखनऊ। शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी, राजनीतिशास्त्र), एल-एल॰बी॰, पीएच॰डी॰ (हिंदी); कृतियाँ–खंडहर का दर्द, दस्तक ज़िंदगी की; दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से नियमित प्रसारण; पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन। सदस्य भारतीय लेखिका परिषद्। पता–109/31, मॉडल हाउस, लखनऊ 226001 (उ॰प्र॰)

ओमदत्त आर्य (डॉ॰), 31 जुलाई 1940, अब्बुलफज़लपुर, किरतपुर (बिजनौर) उ॰प्र॰। शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी एवं अर्थशास्त्र); बी॰एड्॰; पीएच॰डी॰ (हिंदी); कार्यक्षेत्र–शिक्षा एवं समाजसेवा। पूर्व कार्यालय अधीक्षक; प्राध्यापक हिंदी विभाग, संप्रति विशेष कार्यकारी अधिकारी (प्रबंधकीय व्यवस्था के अंतर्गत) वर्धमान कालेज, बिजनौर (उ॰प्र॰); संस्था संबद्धता–माँ केलादेवी स्मृति ग्रामोद्योग विकास समिति, नौरंगाबाद (धामपुर) बिजनौर के मंत्री; एम॰के॰डी॰ चिल्ड्रंस स्कूल धामपुर के संरक्षक; एन॰एस॰एम॰ एजू॰वि॰डे॰ सोसायटी, बिजनौर के अध्यक्ष; बहुजन समाज पार्टी के पूर्व ज़िला महासचिव। विधाएँ–काव्य, निबंध एवं भाषाविज्ञान; कला एवं शिल्प। कृतियाँ–बिजनौर क्षेत्र की ग्रामोद्योग-संबंधी शब्दावली का अध्ययन (शोध-प्रबंध) 2008; जीवन-धारा (काव्य-संग्रह), खोजें जीवन-सत्य, अपनी एक लकीर (दोहावली), फूलों की महक (ललित निबंध); विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कविताओं, निबंधों का प्रकाशन; आकाशवाणी नजीबाबाद से वार्ताएँ प्रसारित। पता–नई बस्ती, बी-14, बिजनौर 246701 (उ॰प्र॰); दूरभाष : 01342-262905, मो॰ 09412635587

गौरव-पुरुष, भारत के महान संत, भूला जनपद–बिखरा इतिहास, रायबरेली–बीसवीं सदी, भारत-दर्शन आदि कृतियाँ। संपादन–स्वरधारा (मासिक), अरुणोदय पत्रिका, बालसाहित्य समीक्षा (मासिक); सम्मान-पुरस्कार–उ०प्र० हिंदी संस्थान लखनऊ द्वारा निरंकारदेव सेवक बालसाहित्य इतिहास लेखन सम्मान; सरस्वती सम्मान (बालकल्याण संस्थान कानपुर), पं० हरिप्रसाद पाठक साहित्य सम्मान (सुल्तानपुर मानस संगम संस्थान कानपुर), मराठी बालकुमार साहित्य परिषद् का साहित्यसेवी सम्मान, मनोहरसिंह मेहता स्मृति बालसाहित्य सम्मान, भीलवाड़ा (राज०), साहित्य सभा सीतापुर द्वारा आजीवन हिंदीसेवा सम्मान, नागरी बालसाहित्य सम्मान बलिया, भारतीय बाल युवाकल्याण संस्थान खंडवा (म०प्र०) का केडिया सम्मान, डॉ० रामकुकार वर्मा बालनाटक पुरस्कार, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग तथा मानस मंडल कानपुर का मानस मंडलमनीषी सम्मान 2007; भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित, साहित्यवारिधि, अवधरत्न, साहित्य-शिरोमणि, बालसाहित्यश्री, काव्यश्री सम्मानोपाधि। अमेरिका द्वारा प्रकाशित फाइव थाउजैंड पर्सनाल्टीज ऑफ़ द वर्ल्ड कृति में संयोजन, इंग्लैंड द्वारा अंतरराष्ट्रीय वर्ग-पुरुष की घोषणा, साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा का हिंदीसेवी सम्मान, पता–प्रभुटाउन, रायबरेली 226024; दूरभाष : 0522-2332606

चक्रधर प्रधान (डॉ०), 19 जून 1975; तराकना (उड़ीसा); शिक्षा–एम०ए०, पीएच०डी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। भाषाज्ञान–ओड़िया, बंगला, हिंदी, अँग्रेज़ी, असमिया, नेपाली। कृतियाँ–हिंदी–उड़िया रामकाव्य। संपादन–साक्षात्कारों में डॉ० सियाराम तिवारी। अनुवाद–प्रसिद्ध हिंदी-कविताओं का ओड़िया और संबलपुरी में अनुवाद। सम्मान-पुरस्कार–जूनियर फ़ैलोशिप अवार्ड (भारतीय संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, भारत सरकार; पता–ग्राम-तरकाना, पोस्ट-जटला, ज़िला बरगढ़ 768028, (ओडिशा); कार्यालय–हिंदी विभाग, दार्जिलिंग राजकीय महाविद्यालय, दार्जिलिंग, राजकीय महाविद्यालय, दार्जिलिंग 734101, (प० बंगाल); दूरभाष : 0354-2254078; मो० 09474035219; ईमेल–ckdpadhan22@gmail.com

चक्रधर शुक्ल, 18 जनवरी 1957, खजुहा (फतेहपुर) उ०प्र०। शिक्षा–बी०एस-सी०, एम०ए० (अर्थशास्त्र); संप्रति–स्वतंत्र लेखन। विधा–हास्य-व्यंग्य, क्षणिका, दोहा, बालगीत, मुक्तक, आलेख आदि। कृतियाँ–विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में एक हज़ार रचनाएँ प्रकाशित; सहसंपादक–कुछ उपमेय : कुछ उपमान; विशेष–30 संकलनों में रचनाओं का प्रकाशन; वृत्तचित्र अतीत की धरोहर : खजुहा; संपादन–डॉ० बालकराम नागर आलेख विशेष सहयोग; वृत्तचित्र का दिल्ली दूरदर्शन से प्रसारण। अप्रकाशित–मीठे बोलो बोल, जय-जय हिंदुस्तान की (बालगीत)। पुरस्कार-सम्मान–भारतीय बालकल्याण संस्थान कानपुर द्वारा बालसाहित्य हेतु सम्मानित 1996; मानस संगम कानपुर द्वारा सम्मान 2006; पता–एल०आई०जी०-1, सिंगल स्टोरी, बर्रा-6, कानपुर 208027 (उ०प्र०); दूरभाष : 0512-2283416; ईमेल–chakradhar shukl@gmail.com

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

चतुर्भुज शर्मा, 7 फरवरी 1910, राजपुर खरग, सीतापुर (उ०प्र०); कृतियाँ–कुत्ता-भेहड़ा की लड़ाई, खैराबाद का शफ़ाख़ाना, बाल रामायण, मथई काका की चौपारि, किसान कथा, किसान की विनती, हरिजन, मक्का की रेलयात्रा, अछूतोद्धार, नहर का मुक़दमा, स्वतंत्रता दिवस, परशुराम-प्रतिज्ञा, ताराबाई। पुरस्कार सम्मान–मलिक मुहम्मद जायसी पुरस्कार। पता– राजपुर खरग, बीहट, बीरम, सीतापुर 261001 (उ०प्र०)

चवाकुल नरसिंह मूर्ति (डॉ०), 15 जून 1932; माटूरु कृष्णा, ज़िला (हैदराबाद); शिक्षा–एम०ए० (हिंदी एवं तेलुगु), हिंदी शिक्षण निष्णात, एम०एड०, प्रवीण और प्रचारक, साहित्यरत्न। कार्यक्षेत्र–ज़िला हिंदीप्रेमी मंडली के अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश हिंदी पंडित संघ के अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश नागरी परिषद् के कार्याध्यक्ष, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चेन्नई के शिक्षापरिषद् सदस्य। प्राचार्य, श्री वेंकटेश्वर हिंदी महाविद्यालय। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, तेलुगु तथा उर्दू। कृतियाँ–हिंदी-तेलुगु क्रियाओं की संरचना का तुलनात्मक अध्ययन (शोध-ग्रंथ), हिंदी भारती-रीडर। संपादन–अखिल भारतीय नागरी लिपि परिषद की स्मारिका। अनुवाद–लोकराज्य (तेलुगु अनुवाद), प्रेमचंद की कई कहानियों का तेलुगु में अनुवाद। सम्मान-पुरस्कार–दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा चेन्नई व आंध्रप्रदेश द्वारा वरिष्ठ प्रचारक के रूप में सम्मान, आंध्रप्रदेश हिंदी अकादमी द्वारा पुरस्कार एवं सम्मान, भारतीय संस्कृति निर्माण परिषद् द्वारा शिक्षामार्तंड और शिक्षा-शिरोमणि उपाधियाँ और कई पुरस्कार, आं०प्र० हिंदी प्रचारक मंडली और हिंदीप्रेमी मंडलियों, कई कॉलेजों, हाईस्कूल एवं धार्मिक संस्थाओं तथा अन्य संस्थाओं द्वारा सम्मान एवं पुरस्कार, हिंदीप्रेमी मंडली, हिंदी महाविद्यालय तेनाली द्वारा गुरुपीठ पुरस्कार एवं साहित्यिक एवं शैक्षणिक परिषद् द्वारा राष्ट्रभारती पुरस्कार। पता–31/2 RT, विजयनगर कालोनी, हैदराबाद 500067; कार्यालय–अध्यक्ष, हिंदीप्रेमी मंडली, हैदराबाद। दूरभाष : 040-23340277; मो० 09908128333

चाँद 'शेरी', 8 जुलाई 1966, झरमोड़ी (झालावाड़) राज०। शिक्षा–हायर सेकेंड्री। विधा–गीत, ग़ज़ल, कविता। कार्यक्षेत्र–निजी व्यवसाय। कृतियाँ–ज़र्द पत्ते हरे हो गए (ग़ज़ल-संग्रह); विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित; दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से ग़ज़लों का प्रसारण। पुरस्कार-सम्मान–राज० साहित्य अकादमी का सुमनेश जोशी पुरस्कार 2002-03; जैमिनी अकादमी हरियाणा द्वारा ग़ज़ल सम्मान, डा०भीमराव अंबेडकर समिति द्वारा फैलोशिप, नगर निगम कोटा एवं बिजनौर (उ०प्र०) द्वारा कौमी एकता अवार्ड। पता–के०-30, आई०पी० आई०ए०, रोड नं० 1, कोटा 324005 (राज०); मो० 094611 88530; 09829098530; ईमेल–chandsheri@gmail.com

चिंतामणि नखणे (डॉ०), कोल्हापुर (महा०); शिक्षा–एम०ए० (समाजशास्त्र मनोविज्ञान), आयुर्वेदभिषक्, जनस्वास्थ एवं जनस्वास्थ्य शिक्षा प्रमाणपत्र। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त-प्रचार अधिकारी, स्वा० से० मत निदेशालय स्वास्थ्य एवं प०क० मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली;

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

आयुर्वेद चिकित्सक एवं दैनिक उपचार; कई साहित्यिक एवं धार्मिक सामाजिक संस्था का सदस्य एवं समाजसेवा, पत्र-पत्रिका में लेखन प्रकाशन। विधा–लेख। कृतियाँ–विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लेखों का प्रकाशन। पुरस्कार-सम्मान–अनेक संस्थाओं द्वारा प्रशस्तिपत्र प्रदत्त। पता–4 अनंत अपार्टमेंट, एच॰-1, अहिल्यापुरी, नवलखा दिगंबर जैन स्कूल के पास, इंदौर 452001(म॰प्र॰); दूरभाष–0731-2702264, मो॰ 9425906641

चिङांबम निशान निङतंबा, 22 अगस्त 1939; क्वाकैथेल चिङांबम लैकाइ, इंफाल। शिक्षा–पारंगत। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। भाषाज्ञान–हिंदी, मणिपुरी, बंगला, असमिया, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–मणिपुरी हिंदी शब्दमाला 1959, खंबा-थोइबी हिंदी नाटक 1961, तड़पती आत्मा (नाटक), थरोशङबी स्क्रीन प्ले, अनंत के उस पार, गीत लेखन-हिंदीगीतों का कैसेट आदि, फुं॰ गोकुलानंद शर्मा की बचपन की घटना, अतीत की ओर। अनुवाद–हिंदी से मणिपुरी–चित्रलेखा, गोदान, गबन, सेवासदन, अँग्रेज़ी लौथोकउ, प्रेमचंद गी अखन्नबा वारी, कुंवारी धरती (लमहल), तोत्तोचान जापानी, जवाहरलाल नेहरू; मणिपुरी से हिंदी–माधबी, सनामनिक, जहेरा, इलिस मास का स्वाद, पिस्टोल और रजनीगंध, पिकनिक पिकनिक, दिव्यलोक से लौटने के बाद। संपादन–आधुनिक दैनिक पत्रिका, मणिपुर की लोककथाएँ, मणिपुर की लोककथाएँ, नोंदोननु, नोंदोननु का अनुवाद जापानी भाषा में, हिंदी में सर्वप्रथम गीतों का लेखन; सम्मान-पुरस्कार–शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा पुरस्कार 1977-79, अखिल मणिपुरी शिक्षक संघ द्वारा हिंदीसेवा रत्न, 1993 में हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा राष्ट्रभाषा रत्न, इंडिया इंटरनेशनल फ्रेंडशिप सोसाइटी द्वारा विजयश्री 1997, गुजरात हिंदी विद्यापीठ अहमदाबाद द्वारा लेखक एवं अनुवादक (शांति साधना) सम्मान 2000, प्रेमचंद राष्ट्रीय शिखर साहित्य सम्मान, भारतीय साहित्यकार संसद समस्तीपुर 2004, हिंदी गरिमा सम्मान, साहित्यिक सांस्कृतिक कला संगम अकादमी प्रतापगढ़ 2007, केंद्रीय हिंदी निदेशाालय एवं मणिपुरी शिक्षक संघ इंफाल द्वारा पुरस्कृत, फ्रेंडशिप फॉर इंडिया, नई दिल्ली द्वारा ग्रोथ एंड नेशनल यूनिटी सर्टिफ़िकेट ऑफ़ द इअर 2008 से सम्मानित। सर्टिफ़िकेट ऑफ़ एक्सिलेंस फ़ॉर द यिअर 2008। पता–क्वाकैथेल लमदों लैकाइ, इंफाल 795001, मणिपुर। मो॰: 09774268952, 09856690382; ईमेल–nishan1939@gmail.com

चितरंजन भारती, 5 मई 1961, डालमिया नगर (बिहार); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), पी॰ जी॰जे॰एम॰सी॰। कार्यक्षेत्र–हिंदुस्तान पेपर कारपोरेशन लि॰, कछाड़ पेपर मिल में वरिष्ठ सहायक वि॰श्रे॰ (राजभाषा) के पद पर कार्यरत। विधा–कविता, कहानी, लेख, व्यंग्य, उपन्यास। कृतियाँ–किस मोड़ तक (कहानी-संग्रह) 1987, आम जनता के लिए (लघुकथा) 1993; अब और नहीं (कहानी-संग्रह), कन्हैया की होली (व्यंग्य), नई यात्रा (उपन्यास); पुरस्कार-सम्मान–साहित्यलोक परियांवा, प्रतापगढ़ द्वारा साहित्यश्री; अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच, पटना द्वारा अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच सम्मान; साहित्यमित्र शिलचर (असम) द्वारा साहित्यमित्र; बराक हिंदी साहित्य समिति, शिलचर (असम) द्वारा

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सम्मानित; पता–बरनवाल भवन, नई गंगौली, डालांमया नगर, रोहतास, बिहार

चित्रा मुद्गल, 10 सितंबर 1944; चेन्नई। शिक्षा–एम०ए०, फ़ाइन आर्ट (बेसिक पाठ्यक्रम), भरतनाट्यम प्रशिक्षित। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र पत्रकारिता, लेखन, सामाजिक कार्य। भाषाज्ञान–गुजराती, अँग्रेज़ी, मराठी, हिंदी। कृतियाँ–कथा-संग्रह-जहर ठहरा हुआ, लाक्षागृह, अपनी वापसी, इस हमाम में, जगदंबाबाबू गाँव आ रहे हैं, ग्यारह लंबी कहानियाँ, चर्चित कहानियाँ, मामला अभी आगे बढ़ेगा, जिनावर, दी हाइना एंड अदर स्टोरी, लपटें, केंचुल, भूख, बयान, आदि-अनादि। उपन्यास–एक ज़मीन अपनी, आवाँ, दि क्रूसेड, गिलिगड़। बालकथा संकलन–बंगाल का रण, देश-विदेश की लोककथाएँ, नीति कथाएँ, सूझ-बूझ, पेड़ पर ख़रगोश, दूर के ढोल, काँच की किरच, देश-विदेश की लोककथाएँ। बालउपन्यास–मणिमेखलै, जीवक, माधवी, कन्नागी। लेख–तहख़ानों में बंद आइनों के अक्स। विचारसंग्रह–बयार उनकी मुट्ठी में। नाटक–पंच परमेश्वर तथा अन्य नाटक, सद्गति तथा अन्य नाटक, बूढ़ी काकी तथा अन्य नाटक। संपादन–असफल दांपत्य की कहानियाँ, भीगी हुई रेत, पुरस्कृत कहानियाँ, देह-देहरी, प्रेमचंद की कहानियाँ। अनुवाद–गुजरती की श्रेष्ठ व्यंग्य-कथाएँ तथा गुजराती, मराठी, अँग्रेज़ी में कई कहानियों का अनुवाद। सम्मान-पुरस्कार–राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना के लिए प्रज्ञा सम्मान 1986, हिंदी अकादमी का साहित्यिक कृति सम्मान 1986-87, बालसाहित्य पुरस्कार, बिहार राजभाषा द्वारा राजा राधिकारमण प्रसाद सिंह पुरस्कार 1987, ग्रामीण विकास संगठन, मुंबई द्वारा फणीश्वनाथ रेणु साहित्य पुरस्कार, हिंदी अकादमी साहित्यकार सम्मान 1995, इंदु शर्मा कथा सम्मान (यू०के०), हिंदी अकादमी दिल्ली द्वारा साहित्यिक सम्मान 2000, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा साहित्यभूषण सम्मान 2000, म०प्र० साहित्य अकादमी का वीर देश सम्मान 2000, मध्यप्रदेश का चक्रधर सम्मान 2005-06, गोयनका सम्मान 2005-06, के०के० बिड़ला का प्रतिबिंब व्यास सम्मान 2007; पता–बी-105, वर्धमान अपार्टमेंट्स, मयूर विहार, फेज-1, दिल्ली 110091; दूरभाष : 011-22711371; मो० 09873123237; ईमेल–mail@chitramudgal.info वैबसाइट–www.chitramudgal .info

चिरंजीलाल माथुर 'पंकज', 17 जुलाई 1926, पाली (राज०); शिक्षा–बी०ए०। कार्यक्षेत्र–पत्रकारिता। कृतियाँ–कहानी–जीवन के पथ; आलोचना–कीर्तिकृत भक्ति साहित्य; घूमते हुए पहिए, सहकार के स्वर, खुशी के आँसू, बदलते रास्ते, (प्रौढ़शिक्षा कहानियाँ); विभिन्न संकलनों व पत्र-पत्रिकाओं में कहानियाँ, कविताएँ, लेख प्रकाशित; सहदेव वर्ष 1961, पीले हाथ 1963; आकाशवाणी से 200 से अधिक नाटक, कहानियाँ प्रसारित। पुरस्कार-सम्मान–वर्ष 1996; भारतीय कृषि पत्रकार संघ द्वारा कृषि पत्रकारिता में नये आयाम स्थापित करने पर 2100 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त; राज्यस्तरीय सहकारिता नाटक प्रतियोगिता में तीन वर्ष तक प्रथम पुरस्कार। पता–13, बिरद विला, तेजाजी मार्ग, न्यू सांगानेर रोड, सोढ़ाला, जयपुर 302019, (राज०)दूरभाष : 0141-212258

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

चुन्नीलाल भट्ट, 5 अगस्त 1949, जेठाना, डूँगरपुर। शिक्षा–बी॰एस-सी॰, एम॰काम॰, एम॰ एड्॰। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–जिजीविषा (कहानी संग्रह); विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कहानी, कविता, लेख, नाटक आदि प्रकाशित। पता–ग्राम जेठाना, ज़िला डूँगरपुर (राज॰)

चेतन दुबे 'अनिल', 1 जनवरी 1956, ग्राम मदरावली, तहसील करहल (मैनपुरी) उ॰प्र॰। शिक्षा–बी॰ए॰ साहित्यरत्न। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–रेलसेवा, परिमल (साहित्यिक संस्था) के सचिव, भारती संगम के संस्थापक, अनुसंधान (प्रकाशन) के प्रबंध-निदेशक, राजश्री पुस्तकालय के संस्थापक। विधाएँ–बालगीत, लघुकथा, मुक्तक, कहानी, काव्य। कृतियाँ–मूर्खांजलि, सौ श्रेष्ठ बालगीत, सात सपने (कहानी-संग्रह), सौ श्रेष्ठ लघुकथाएँ, सुमन-संचय (डॉ॰ शिवमंगल सिंह 'सुमन' की अस्सी कविताएँ), विराट-वैभव (चंद्रसेन 'विराट' के गीत, ग़ज़लें, मुक्तक), छविग्रह (आचार्य आसी पुरनवी कटिहार की ग़ज़लें), आँसुओं का दर्द (मुक्तक), दिनकर : कलम का जादूगर (औपन्यासिक जीवनी), नारियों की श्रेष्ठ प्रेम-कहानियाँ, दस दिशाएँ (कहानी-संग्रह), दर्द अपना-अपना (कहानी-संग्रह), इक्कीसवीं सदी की इक्कीस कहानियाँ, सुधियों के दंश (विरह-काव्य), दिल बहुत बेचैन है (ग़ज़ल-संग्रह), नारी-जीवन की कहानियाँ, अश्कनामा, भारत के श्रेष्ठ कहानीकारों की कहानियाँ, अनेक काव्य-संग्रहों एवं पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–साहित्यशिरोमणि की उपाधि, उर्मिला मिश्रा बैजयंती सम्मान। पता–अनुसंधान, 703-ए, न्यू मॉडल कॉलोनी, बरेली 243122 (उ॰प्र॰); मो॰ 09528910861

छबिलकुमार मेहेर (डॉ॰), 18 जून 1973; लाउमुंडा (बरगढ़), ओड़िशा। शिक्षा–एम॰ए॰, एम॰फिल॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–डॉ॰ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में हिंदी अधिकारी। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, ओड़िआ। कृतियाँ–समीक्षा का आयतन (आलोचना); संपादन–प्रतिनिधि महिला कथासृजन, निर्मल वर्मा–एक सहयात्रा, करतूते मरदां, तुलनात्मक साहित्य, गंगाधर सृष्टि : अमृत दृष्टि। अनुवाद–ओड़िआ से हिंदी कहानियों का अनुवाद। पता–राजभाषा प्रकोष्ठ, डॉ॰ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म॰प्र॰) 470003; स्थाई पता–मु॰पो॰-लाउमुंडा, ज़िला-बरगढ़, ओड़िशा 768048; दूरभाष : 07582-265828; मो॰ 08989154228; ईमेल–chhabilameher@yahoo.co.in; meherchhabilakumar@gmail.com

छाया भटनागर (श्रीमती), 13 दिसंबर 1945, मेरठ (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, डिप्लोमा पत्रकारिता। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन व पत्रकारिता। कृतियाँ–तुलसी-दर्शन, भारत के शास्त्रीय नृत्य। पुरस्कार-सम्मान–साहित्य शिरोमणि। पता–सी-86, डी॰डी॰ए॰ फ़्लैट्स, साकेत, नई दिल्ली 110017

छोटेलाल दीक्षित; कृतियाँ–तुलसीदास का सौंदर्यबोध, रामकृष्णोत्तर सगुण भक्तिकाव्य, दिनकर का रचनासंसार, दिनकर : सृष्टि और दृष्टि, जायसी का शिल्पविधान, आधुनिक काव्य

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

में प्रगतिशील सौंदर्यबोध, आधुनिककाव्य में फन्तासी विधान, सकारात्मक सोच की दिशाएँ, दीप जलते रहने दो, हम अकेले नहीं हैं, चेतना के स्तर : कर्म के संदर्भ; संपादन–महात्मा गांधी और हिंदी साहित्य, बालकृष्ण शर्मा नवीन : सृजन के विविध आयाम। पता–530 सिविल लाइंस, गोंडा (उ०प्र०) 271001; कार्यालय–प्राचार्य, एल०बी०एस० कालेज, गौंडा (उ०प्र०); मो० 09450526032

जंघाले झेंडू मौजीराम (डॉ०), 1 जुलाई 1957 औरंगाबाद। शिक्षा–एम०ए०, एम०फिल०, पीएच०डी०, बी०एड्०, एम०ए० (इतिहास); कार्यक्षेत्र–अध्यापक। भाषाज्ञान–हिंदी, मराठी, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–डॉ० रामदरश मिश्र के उपन्यासों में यथार्थ (आलोचना), फुलझड़ियाँ (काव्य-संग्रह) संपादन–कर्मयोगी बैजनाथ (दादा) आकान गौरवग्रंथ-सहसंपादक। अनुवाद–योग और व्यायाम। सम्मान-पुरस्कार–जैमिनी अकादमी, पानीपत (हरियाणा) द्वारा कबीर सम्मान। पता–बालाजी नगर, रेलवे स्टेशन परनूर, ज़िला जालना (महाराष्ट्र); कार्यालय–ला०ब० शास्त्री महाविद्यालय, परनूर 431501, ज़िला जालना (महाराष्ट्र); मो० 09423458440, 09421595861

जगतनंदन सहाय, 10 अक्टूबर 1946, ग्राम-सरेयाँ, पो० दिनारा (रोहतास) बिहार। शिक्षा–बी०एस-सी० ऑनर्स, एस०टी०सी०, डिप्लोमा इन टीचिंग, सा०टी० व शो०ट्रे०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, भोजपुरी। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। कृतियाँ–गीत गुंजन, मैं अमर संगीत हूँ (कविता-संग्रह); अमंद पुष्पधन्वा (गीति नाटिका), कैक्ट्स के फूल (कहानी-संग्रह); माटी के गमक (भोजपुरी); जगत रामायण, माई पायेट्री (अँग्रेज़ी), गीत जो गा न सका; इसके अतिरिक्त विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कविताएँ-कहानियाँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–मैथिलीशरण गुप्त सम्मान; सनातन सेवा केंद्र, आरा द्वारा सम्मानित; रोटरी क्लब वेस्ट, आरा द्वारा शिक्षक सम्मान प्रधाप संपादक सृजनलोक राष्ट्रभाषा गौरव। पता–गायत्री सदन, मौहल्ला संकटमोचन नगर, पो० नवादा, आरा, जिला-भोजपुर (बिहार); मो० 09431070355; ई-मेल–jgtnndn.shy@rediffmail.com

जगतसिंह विष्ट, 11 अक्टूबर 1954; शिक्षा–एम०एस-सी०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक। विधाएँ–व्यंग्य। कृतियाँ–तिरछी नज़र (व्यंग्य-संग्रह); पता–ग्राम व पोस्ट-नौला, पट्टी वल्ला नया, तहसील भिकियासेन (अल्मोड़ा) उत्तरांचल

जगदंबाप्रसाद त्रिपाठी 'प्रसाद', 3 जुलाई 1945, ज़िला-फ़ैज़ाबाद (उ०प्र०); शिक्षा–एम० ए०; कार्यक्षेत्र–वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय में सेवारत। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, गुजराती। कृतियाँ–कोई नहीं, भिखारी, गाँव से दूर, नींव का पत्थर, अवध की लोककथाएँ, चौराहा, नीली-पीली लड़की। पुरस्कार-सम्मान–साहित्यमणि, साहित्य मार्तण्ड, उ०प्र० पत्रकार संघ द्वारा सम्मानित। पता–सैक्टर 1/1151, रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली 110022

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

जगदीश उज्ज्वल, 3 जनवरी 1939, मलसीसर, ज़िला झुँझनूँ। शिक्षा–एम०ए०, बी०एड्०, प्रभाकर। कार्यक्षेत्र–युगसंदर्भ (काव्य), अनब्याही ख़ामोशी (कहानी), युगचेतना का मसीहा (मुंशी प्रेमचंद), हाथ जो कल्पतरु हैं (बालोपयोगी कहानियाँ) आदि; विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–राज्य सरकार द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मानित। पता–मलसीसर, ज़िला झुँझनूँ (राज०)

जगदीश किंजल्क, 9 नवंबर 1948, टीकमगढ़ (मध्यप्रदेश); शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, अँग्रेज़ी), बी०एड्०। कार्यक्षेत्र– आकाश वाणी के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी; वरिष्ठ पत्रकार। कृतियाँ–ज़िंदगी कुछ पृष्ठों की, परतें, बोलते पृष्ठ, अनाम सीमाएँ, थी ही नहीं आवरू अपनी, सुकूने-जिगर, हम तो परनिंदा करिवे। पुरस्कार-सम्मान–'ज़िंदगी कुछ पृष्ठों की' पर मध्य प्रदेश युवक कल्याण संचालनालय का द्वितीय पुरस्कार; अखिल भारतीय लोककथा प्रतियोगिता में म०प्र० पंचायत एवं समाजसेवा संचालनालय का सन् 1976-77 में दो बार पुरस्कार; प्रेमचंद जन्म शताब्दी समारोह समिति जबलपुर द्वारा उत्कृष्ट लेखन के लिए 1982 में सम्मान; केशव जयंती समारोह समिति ओरछा द्वारा अभिनंदन 1989; रिफ्रेंस एशिया में परिचय शामिल; प्रगतिशील लेखक संघ छतरपुर द्वारा वसंत पंचमी को अभिनंदन; मध्य प्रदेश कला संगम पन्ना द्वारा अभिनंदन 1993; संस्कृति, साहित्य और कला विद्यापीठ मथुरा द्वारा साहित्यालंकार की उपाधि 1977; अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलन द्वारा साहित्यश्री अलंकरण 1992; अन्य–संपादक 'दिव्यालोक' पत्रिका; संयोजक, अखिल भारतीय अंबिकाप्रसाद दिव्य स्मृति प्रतिष्ठा पुरस्कार। पता–145-ए, साईंनाथ नगर, सी-सेक्टर, कोल्हार रोड, भोपाल 462042 (म०प्र०); मो० 09977782777

जगदीशचंद्र, 23 नवंबर 1930; गोड़ेवाहा, होशियारपुर (पंजाब); शिक्षा–एम०ए० (अर्थ); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, उर्दू, पंजाबी, संस्कृत। कार्यक्षेत्र–भूतपूर्व समाचार संपादक, दूरदर्शन जालंधर। कृतियाँ–उपन्यास–यादों के पहाड़, धरती धन न अपना, आधा पुल, मुट्ठीभर कर, कुंडालाट, कभी न छोड़े खेत, घास गोदाम; कहानी–पहली रपट; नाटक–सबके लिए, नेता का जन्म। पुरस्कार-सम्मान–गुरु गोविंदसिंह, रमेशचंद्र, डॉ० इंद्रनाथ मदान पुरस्कार, शिरोमणि साहित्यकार (सम्मान); पता–एल-4 मॉडल टाउन, जालंधर शहर 144001

जगदीशचंद्र पंड्या, 15 सितंबर 1946, उज्जैन। शिक्षा–एम०एस-सी० (विज्ञान); भाषा ज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–पंजाब नेशनल बैंक में अधिकारी। विधाएँ–कविता, कहानी, उपन्यास, ललित-निबंध, ग़ज़ल। कृतियाँ–मुहब्बत का सफ़रनामा, पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन। पता–डी-807, सूर्यविहार, डंडा हेड़ा, गुड़गाँव 122016; दूरभाष : 0124-2360498 (नि०), 011-25724613 (का०)

जगदीशचंद्र शर्मा, 29 अप्रैल 1937; ग्राम-गिलूंड, ज़िला-राजसमंद (राजस्थान); शिक्षा–एम०ए०,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

बी॰एड्॰ (लैंग्वेजेस), आर॰ई॰एस॰-मानद-काव्य कल्पेश, बालकाव्यरत्न, युग सेवाश्री, डी॰आर॰लिट॰, विद्यालंकार। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त प्राचार्य, साहित्यकार, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, राजनयिक। भाषाज्ञान–हिंदी, राजस्थानी, संस्कृत और अँग्रेज़ी। कृतियाँ–बालगीत, चौके-छक्के, किरणों की मुस्कान, विद्यालय बाल-एकांकी, गुनगुनाते झरने, हमारी पगडंडियाँ, नीतिज्ञ विदुर, मेवाड़-मंजरी, शब्दों के शिलाखंड, डोर आपणी, पद्य प्रसंग नेहरू के संग, शिशुगीत, चलो सुनाएँ पद्य कथाएँ, ज्योति का जुलूस, सहस्राब्दियों की पगडंडियाँ, वृक्षों की वंदना, पर्यावरण के बालगीत, प्रदूषण रोकथाम के गीत, पशु भी मनुष्य से बढ़कर, अनोखे आभूषण, आजादी का मतवाला, प्रतिनिधि-बाल कहानियाँ। संपादन–बुलंद बनास (पाक्षिक), नवोदिता (मासिक), बालसाहित्य समीक्षा के दो विशेषांक संपादित, नटखट सपने, प्रतिनिधि बाल-कहानियाँ। अनुवाद–विभिन्न कविताओं का अँग्रेज़ी, मराठी, गुजराती, मलयालम, राजस्थानी में अनुवाद। सम्मान-पुरस्कार–कादंबिनी नई दिल्ली, राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित, अभिषेकश्री इलाहाबाद, मनीषिका कोलकाता, लाइफ़ टाइम अचीवमेंट्स अवार्ड नई दिल्ली, कादंबरी सम्मान जबलपुर, पं॰ भूपनारायण दीक्षित बालसाहित्य पुरस्कार हरदोई (उ॰प्र॰), पर्यावरण विभाग जयपुर द्वारा आठ पुरस्कार जयपुर, मित्र संगम सम्मान दिल्ली, राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2009, अखिल भारतीय साहित्य संगम सम्मान उदयपुर, राजीव गांधी समरसता स्वर्णपदक सम्मान नई दिल्ली। पता–पो॰गिलूंड, ज़िला राजसमंद, राजस्थान 313207; दूरभाष : 02952-266242

जगदीश चतुर्वेदी, 13 जनवरी 1933; शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली से सेवानिवृत्त, स्वतंत्र लेखन। विधाएँ–कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, समीक्षा। कृतियाँ–काव्य–वित्रप, इतिहास-हंता, सूर्यपुत्र, डूबते इतिहास का गवाह, पूर्वराग, नए मसीहा का जन्म; कहानी–जीवन का संघर्ष, अंतराल के दो छोर, निहंग, अँधेरे का आदमी, विवर्त, चर्चित कहानियाँ, प्रेम-संबंधों की कहानियाँ 1992, डेलिया का फूल, आदिम गंध; नाटक–कपास के फूल, पीली दोपहर; समीक्षा–आधुनिक हिंदी-कविता, दस्तावेज़; संपादन–22 पुस्तकें संपादित। पुरस्कार-सम्मान–अखिल भारतीय सूर पुरस्कार 1971; हिंदी अकादमी, दिल्ली द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित 1988; प्रियदर्शिनी पुरस्कार 1989; बलगारिया का पैगासस स्वर्णपदक 1990। पता–सी-2/32-ए, लारेंस रोड, नई दिल्ली 110035; दूरभाष : 011-27185806, 27195536; मो॰ 09810280525

जगदीश जोशीला, गोगावाँ (खरगोन) म॰प्र॰। शिक्षा–साहित्य विशारद। कार्यक्षेत्र–मध्यप्रदेश (इंदौर संभाग); विधा–उपन्यास, कहानी, एकांकी, अनुवाद। कृतियाँ–क्रांति ज्योत, भलइ की जड़ पताल मऽ (उपन्यास), निमाड़ी लघुकथाएँ (भाग-1, 2, 3) कहानी, गाँव की पयचाण (निमाड़ी), निमाड़ी मऽकवितानऽ (निमाड़ी), अमर दानवीर कर्ण (नाटक), दायित्व (उपन्यास), जननायक टंट्या मामा (उपन्यास), अबिमन्यू की हत्या (निमाड़ी खंडकाव्य),

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नारी (खंडकाव्य), भारत-व्यथा (उपन्यास), हिंदुस्तान महान (हिंदी मात्रिक छंद), सरग-नरक ग्हांज छे (निमाड़ी उपन्यास), प्रथम क्रांति प्रणेता गोपाल पांडे (उपन्यास), जननायक टंट्या मामा (जीवनी-हिंदी), निमाड़ी मुहावरा (लोक से संकलित संग्रह), आद्धर सी हेटऽ तक (निमाड़ी मात्रिक छंद), आह्वान (हिंदी एकांकी), यो केखो चमत्कार छे? (निमाड़ी उल्लासा छंद), निमाड़ी मऽ हिंदी की खास नानी वारता नऽ (राष्ट्रीय लघुकथाकारों की लघुकथाओं का निमाड़ी अनुवाद), निमाड़ी गीत, मध्यप्रदेश लोकसेवा अधिनियम, कपड़ा ढाटा (हाइकु), मेरे हिंदुस्तान में (काव्य), घायल है विश्वास (दोहा); पुरस्कार-सम्मान-निमाड़ साहित्यिक एवं सांस्कृतिम संस्था बड़वाह प्रथम जिरोती सम्मान 1999; निमाड़ लोकसंस्कृति न्यास खंडवा द्वारा गणगौर सम्मान 2000; सुरभि साहित्य-संस्कृति अकादमी खंडवा द्वारा निमाड़ सम्राट 2001; मध्य प्रदेश लेखक संघ भोपाल द्वारा पुष्कर सम्मान 2002; दलित साहित्य अकादमी उज्जैन द्वारा दलित साहित्य अकादमी पुरस्कार 2002; अखिल निमाड़ लोकपरिषद् द्वारा निमाड़ लोकसाहित्य पुरस्कार 2003; ऊँकार सोशल वेलफेयर आर्गनाइजेशन द्वारा साहित्यश्री सम्मान 2004; नर्मदा सृजनसाधना सम्मान 2004; नर्मदाप्रसाद दिव्य रजत अलंकरण 2004; पत्रकार प्रेस क्लब इंदौर द्वारा कृष्णकांत व्यास स्मृतिसम्मान 2005; साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा ईसुरी पुरस्कार 2007, विविधा सांस्कृतिक संस्था खरगोन द्वारा निमाड़ विभूति सम्मान 2008; पता-अंबिकापुरी, गोगावाँ, खरगोन 451335 (म०प्र०); दूरभाष : 07287-221155, मो० 09424069577

जगदीश पीयूष, 6 अगस्त 1950; कसारा (अमेठी) सुलतानपुर। कृतियाँ-तथागत, सुयोधन, पानी पर हिमालय, अंधे के हाथ बटेर (खंडकाव्य), अवधी लोककथाएँ, अवधी साहित्य : सर्वेक्षण और समीक्षा, लोकसाहित्य: सरस प्रसंग, गांधी : गांधी : गांधी, मेरा भारत महान, पंचायती राज और राजीव गांधी, रामनरेश त्रिपाठी : एक युग एक व्यक्ति आदि 30 पुस्तकें। पता-गौरीगंज, सुल्तानपुर 228001 (उ०प्र०)

जगदीशप्रसाद शर्मा (डॉ०), 23 मार्च 1935, करौली। शिक्षा-एम०ए०, पीएच०डी०; कार्यक्षेत्र-अध्यापन। कृतियाँ-रामचरितमानस का मनोवैज्ञानिक अध्ययन, कामायनी का प्रतिपाद्य, साहित्य की हैसियत, रामचंद्रिका : परंपरा परिवेश, रामकाव्य की भूमिका, काव्यसिद्धांत और सौंदर्यशास्त्र, मुक्तिबोध : एक साहित्यिक इकाई, मोहन राकेश की रंगसृष्टि, निराला : काव्य-संरचना और व्यक्तित्व, साहित्य और कला की पहचान, आचार्य रामचंद्र शुक्ल : साहित्य-चिंतन और समीक्षा-सृष्टि। पता-56 गोल कोर्स, जोधपुर 342001 (राज०)

जगदीशप्रसाद श्रीवास्तव (डॉ०), 26 अप्रैल 1934, तलेन (राजगढ़) म०प्र०। शिक्षा-एम०ए०, पीएच०डी०, एलएल०बी०। भाषाज्ञान-हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र-सेवानिवृत्त प्राचार्य। विधा-कविता, निबंध, लेख, आलोचना। कृतियाँ-नवीन और उनका काव्य, रागाकाश (कविता-संग्रह); विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लेख-निबंध तथा कविता का प्रकाशन। पता-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अर्चना निवास, शास्त्रीनगर, बिस्ठान रोड, खरगोन (म०प्र०) 451001; दूरभाष: 07282-241020 मो० 09406666030

जगदीशशरण विलगइयाँ 'मधुप' द्विवेदी (डॉ०), संवत् 1993, श्रावण शुक्ल सप्तमी, दतिया (म०प्र०); शिक्षा–एम०ए०, बी०टी०, पीएच०डी०। कार्यक्षेत्र–अध्यक्ष, म०प्र० बाल साहित्यकार परिषद् शाखा, दतिया। कृतियाँ–केवट पच्चीसी 1965, चामुंडा चालीसा, देवी चालीसा, पीतांबरा चालीसा, कामधेनु स्वास्थ्य चालीसा; संपादन–सृजन, बच्चों की मीठी मुस्कान 1983, साधना के चरण स्मारिका 1988, दतिया काव्यधारा (दो भाग) 1970, साधक और साधना 1992, काव्यगंगा 2006, चारु चंचला 2007; अनुवाद–गणेश-जन्म, शिवतांडव स्तोत्रम्, शिवशतनाम स्तोत्रम्। पुरस्कार-सम्मान–बुंदेलखंड रामायण महासभा झाँसी द्वारा कविभूषण सम्मान; बुंदेली साहित्य परिषद खरैला द्वारा सम्मान 1966; श्रीरामचरितमानस चतुश्शती प्रशिक्षण शिविर विशिष्ट नैपुण्य 1974; युवा साहित्य समिति, दतिया द्वारा अभिनंदन 1984; रा०क०मै०श०गुप्त का० प्रतियोगिता भीरेंद्रसिंह जूदेव मगरोरा पुरस्कार 1990; भा०प्रा०वि० सं० व्यावर, राजस्थान, ज्यो० तंत्र सम्मेल, तंत्र शिरोमणि 1990; विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ, भागलपुर द्वारा विद्यावाचस्पति 1991; नवोदित साहित्यकार परिषद् लखनऊ द्वारा साहित्य-मार्तंड 1998; श्यामजन समुदाय विकास, दतिया द्वारा सम्मान 1998; मांगलिक सेवा संस्थान द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान 2002; बुंदेल हिंदी शोध संस्थान झाँसी द्वारा प्रशस्ति-पत्र 2003; गणेश महोत्सव ईदगाह दतिया द्वारा कर्मवीर सम्मान 2008; मृगेश पुस्तकालय भवन द्वारा मानस मृगेश साहित्यकार सम्मान 2008; भारतीय प्राच्य विद्या संस्थान ब्यावर (राज०) द्वारा तंत्र-शिरोमणि सम्मान 1990; बुंदेलखंड रामायण महासभा झाँसी द्वारा कविभूषण; सांस्कृतिक साहित्य परिषद् जबलपुर द्वारा साहित्यालंकार 1973; पता–चामुंडा महाशक्ति पीठम्, दतिया 475661 (म०प्र०); दूरभाष : 07522-408917

जगदीश व्योम (डॉ०), 1 मई 1960; शंभूनगला, फर्रुखाबाद (उ०प्र०); शिक्षा–एम०ए० (हिंदी), एम०एड्०, पीएच०डी०। कार्यक्षेत्र–शिक्षा निदेशालय, दिल्ली प्रशासन में प्रचार्य। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत, पालि। कृतियाँ–इंद्रधनुष, भोर के स्वर (काव्य-संग्रह), कन्नौजी लोकगाथाओं का सर्वेक्षण ओर विश्लेषण (शोध-ग्रंथ), कन्नौजी लोकोक्ति और मुहावरा कोश (कोश), नन्हा बलिदानी, डब्बू की डिबिया (बाल-उपन्यास), सगुनी का सपना (बाल कहानी-संग्रह); संपादन–हाइकु कोश, आज़ादी के पास-पास, कहानियों का कुनबा (कहानी-संग्रह), हाइकु दर्पण (हाइकु पत्रिका), बाल प्रतिबिंब (बाल-पत्रिका), हिंदी साहित्य, हाइकु दर्पण, राजभाषा संवाद, हाइकु कानन, काव्यकुंज, कवि सरल आदि लगभग सौ से अधिक (ब्लॉग) चिट्ठे। हिंदीगगन–जालघर का संपादन। सम्मान- पुरस्कार–प्रकाशिनी हिंदी निधि कन्नौज द्वारा सम्मानित, नन्हा बलिदानी बाल-उपन्यास के लिए पाँच पुरस्कार, 2005 का माइक्रोसॉफ़्ट वर्ल्ड पुरस्कार, इंटरनेट पर हिंदी वेबसाइट के लिए अनुभूति पुरस्कार। पता–बी 12 ए, फ्लैट 58-ए, धवलगिरि, सेक्टर-34, नोएडा (उ०प्र०); दूरभाष :

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

011-22715869; मो॰ 09868304645; ईमेल–jagdishvyom@gmail.com; वैबसाइट–www.haikudarpan.com, www. hindisahitya.blogspot. com

जगदीश श्रीवास्तव, 15 नवंबर 1937, मालवा अंचल। शिक्षा–एम॰ए॰ (भूगोल, हिंदी); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। विधाएँ–गीत, ग़ज़ल, कहानी, उपन्यास। कृतियाँ–तारीखें, शहादत के हस्ताक्षर, जलते हुए सवाल। पता–गुप्तेश्वर मंदिर, अंदर किला, विदिशा (म॰प्र॰); दूरभाष : 07592-211136

जगन्नाथप्रसाद बघेल (डॉ॰), 12 अगस्त 1954; गाँव सीस्ता (मथुरा) उ॰प्र॰; शिक्षा–एम॰ एस॰सी॰ (गणित), एम॰ए॰ (हिंदी), पी-एच॰ डी॰, संचार तथा पत्रकारिता में डिप्लोमा। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, गुजराती, मराठी। कार्यक्षेत्र–भारतीय दूरसंचार सेवा में मंडल अभियंता के पद पर कार्यरत। विधाएँ–गीत, ग़ज़ल, इतिहास। कृतियाँ–स्वप्न और समय, घुटने की पीर, युग शतपदी (गीतिकाव्य); अजपथ के कीर्ति-पुरुष, खुशहाली (इतिहास); गीतामृतीय, भारतपुरुष, सोया है सम्राट (अप्रकाशित); अनेक संकलनों एवं पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पता–डी-204, प्लीजेंट पार्क, दहिसर पुल, दहिसर (प॰), मुंबई 400068; दूरभाष : 022-28954957, मो॰ 09869078485

जगन्नाथ शर्मा 'हंस' (डॉ॰), 15 जुलाई, 1934, मोदीनगर (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰, डी॰लिट्॰। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। भाषा ज्ञान–हिंदी, उर्दू, संस्कृत, पंजाबी, अँग्रेज़ी, पालि। कृतियाँ–काव्यांग एवं संस्कृत, अलंकार मंजरी, महाकवि गंगादास एवं उनका साहित्य, उदासीन संप्रदाय के हिंदीकवि और उनका काव्य, हंसमुक्ता, गंगादास काव्यसौरभ। पुरस्कार-सम्मान–विश्वधर्म संसद द्वारा 'ब्रह्मर्षि' की उपाधि; उदासीन परिषद बंबई द्वारा सम्मानित। पता–3364, रामनगर, शाहदरा, दिल्ली 110032

जगमल सिंह (डॉ॰), 22 दिसंबर 1939; राजियावास (राजस्थान) शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰ डी॰। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, राजस्थानी, मणिपुरी। कृतियाँ–राजस्थानी एवं गुजराती लोकगीतों का तुलनात्मक अध्ययन 1986, राजस्थानी लोकगीतों के विविध रूप 1987, राजस्थान के त्योहार गीत 1988, मणिपुर 1988, मणिपुर में राजभाषा की प्रगति 1988, मणिपुर की संस्कृति 1990, मणिपुर की विभूतियाँ 1990, भारत के पर्व एवं त्योहार 1993, पूर्वोत्तर के स्वतंत्रता-सेनानी 1999; लोककथा संग्रह–मणिपुरी की लोककथाएँ 1987, मणिपुर की लोककथाएँ 1990, तलाश (मणिपुर की लोककथाएँ) 1990, मणिपुर की लोककथाएँ (भाग 1 एवं 2) 1999, त्रिपुरा की जनजातीय लोककथाएँ 2012, पूर्वोत्तर की जनजातीय लोककथाएँ 2013, संत बषना 2013, संत पीपाजी 2013, संपादन–मणिपुर–विविध संदर्भ 1988, मणिपुर–भाषा और संस्कृति 1988, स्मारिका–वीरशिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान 1992, केशरीनाथ त्रिपाठी अभिनंदन ग्रंथ 2004; अनुवाद–बराक की गोद में 2002, मुझे मेरी तरह जीने दो (डॉ॰ रामेंदु भट्टाचार्य की बंगला कविताएँ) 2001; सम्मान-पुरस्कार–अखिल

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मणिपुर शिक्षक संघ, इंफाल द्वारा हिंदी सेवकरत्न 1998, इंडिया इंटरनेशनल फ्रेंडशिप सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा विजयश्री 1997, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा साहित्य सारस्वत 1997, राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति, श्री डूँगरगढ़ राजस्थान द्वारा समिति की सर्वोच्च उपाधि साहित्यश्री 2000, साहित्य मित्र, सिलचर द्वारा साहित्य मित्र 2004, भारतीय परिषद्, प्रयाग द्वारा लखनऊ अधिवेशन में हिंदी-मार्तंड 2004, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संघ (भारत) लखनऊ द्वारा मानवाधिकार रत्न 2005, साहित्य-मंडल नाथद्वारा द्वारा हिंदी भाषाभूषण 2007, राष्ट्रीय हिंदी परिषद द्वारा हिंदीरत्न 2006, उद्भव संस्था दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय मानव सेवा सम्मान 2007; पता–2/48, प्रतापनगर, ब्यावर 305901, राजस्थान; दूरभाष : 01462-250653; मो॰ 09413950117; फैक्स : 01462-224558

जगमोहनसिंह परिहार (डॉ॰), 3 मार्च 1947; जोधपुर। शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी, दर्शनशास्त्र), पीएच॰डी॰ (हिंदी, दर्शनशास्त्र, राजस्थानी), डी॰लिट्॰ (हिंदी); कार्यक्षेत्र–सहायक आचार्य, राजस्थानी विभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, राजस्थानी। कृतियाँ–राजस्थानी भाषा और साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, मध्यकालीन चारण-काव्य : आलोचनात्मक अध्ययन, रक्ताभिषेक, प्रतिदिन–ऐतिहासिक नाटक, मीराबाई : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, राजस्थान का भक्तिसाहित्य : आलोचनात्मक अध्ययन, राजस्थान के लोकदेवता, समकालीन हिंदी-कविता में व्यंग्यात्मक यथार्थ। संपादन–सांस्कृतिक राजस्थान। पता–11/904, चौपासनी आवासन मंडल, जोधपुर (राज॰); दूरभाष : 0291-2708099, 2707102

जगवीरसिंह वर्मा, 22 फरवरी 1941, बिसारा, अलीगढ़। शिक्षा–साहित्य विशारद के माध्यम से इंटरमीडिएट। कार्यक्षेत्र–लेखन एवं कृषि। विधा–कहानी, उपन्यास। कृतियाँ–कहानी–वेश्या तेरे रूप अनेक 1968, मुक्ति के लिए 1978, और एक धुँधलापन 1983; उपन्यास–विकल्पहीन 1982, एक और अभिमन्यु 1972; बाल-साहित्य–शाहजहाँ का हाथी 2004; पुरस्कार-सम्मान–नए संदर्भ पुरस्कार 1977; प्रेमचंद लेखन सम्मान 1999; सहस्राब्दी हिंदीसेवी साहित्य सम्मान 2000; सुभद्राकुमारी चौहान जन्मशताब्दी सम्मान 2004; साहित्य भारती हरगाँव, नए संदर्भ (इटावा) से पुरस्कृत; आशीर्वाद साहित्य पुरस्कार बंबई से; हम सब साथ-साथ नई दिल्ली से लाइफ़ टाइम अचीवमेंट सम्मान। पता–ग्राम व पोस्ट-बिसारा (लाओत्सेराम चैतन्य भवन), अलीगढ़ 251310 (उ॰प्र॰); मो॰ 09719314977

जनक सचदेव, 21 नवंबर 1945; शिक्षा–एम॰ए॰। कार्यक्षेत्र–पत्रकारिता। कृतियाँ–मिनी पुलिसमैन, बच्चों के लिए लोककथाएँ, समुद्र अभियान, भक्ति। पता–रमणी मासिक, 2994/1-ए, रंजीतनगर, नई दिल्ली 110008

जनकराज पारीक, 17 सितंबर 1947, श्री करनपुर (राज॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी),

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

बी०एड्०। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, राजस्थानी। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य। विधाएँ–कहानी, कविता, बालसाहित्य, व्यंग्य। कृतियाँ–काव्य-संग्रह–सूखा गाँव, अब आगे सुनो 1, बाँटा हुआ प्रकाश (बाल-कविताएँ), गाड़ी तैयार है (बाल कहानियाँ), शिकार तथा अन्य कहानियाँ; अप्रकाशित–सोच, सोच कम्बख़्त (कहानी-संग्रह) तुम्हें एक नाम देता हूँ (कविता-संग्रह), पनिया कैसे भरूँ (व्यंग्य), पाठ से पहले (बाल-कहानियाँ); आकाशवाणी जयपुर, जोधपुर, सूरतगढ़ केंद्र से अनेक रूपकों, नाटकों, कविताओं और कहानियों का प्रसारण। पुरस्कार-सम्मान–राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर से विशिष्ट साहित्यकार सम्मान 1991-92; राजस्थान सरकार शिक्षा विभाग द्वारा राज्यस्तरीय पुरस्कार 1992, शिकार तथा अन्य कहानियाँ पर राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा रांगेय राघव पुरस्कार 1995; पता–29 मंडी ब्लॉक, श्रीकरनपुर 335073 (राज०); दूरभाष : 01501-220550; मो० 09414452728

जनार्दनराय नागर, 16 जून 1911, उदयपुर। शिक्षा–एम०ए० साहित्यरत्न। कार्यक्षेत्र–संस्थापक कुलपति, राजस्थान विद्यापीठ। विधा–कहानी, उपन्यास, नाटक, बालसाहित्य आदि। कृतियाँ आचार्य चाणक्य, पतित का स्वर्ग, उदार हत्यारा (नाटक), पं० जनार्दनराय नागर की कहानियाँ भाग-1 व 2, जगतगुरु शंकराचार्य (आठ भाग प्रकाशित) (उपन्यास), एक शांत आलोक में प्रसन्न (गद्यगीत), घर में बालक, शाला में बालक (बालसाहित्य) आदि; संपादन–वसुंधरा, जनमंगल, जनसंदेश, अरावली (साप्ताहिक) तथा मधुमती (हिंदी), स्वर मंगला (संस्कृत), नखलिस्तान (उर्दू), समाज-शिक्षण, बालहित आदि पत्र-पत्रिकाओं की स्थापना व संपादन; विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–अजमेर विश्व परिषद् द्वारा साहित्य भूषण व राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर द्वारा साहित्य मनीषी; भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ नई दिल्ली द्वारा नेहरू साक्षरता पुरस्कार; महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन, उदयपुर द्वारा हरित ऋषि। पता–द्वारा श्रीदेव कोठारी, निदेशक इंस्टीट्यूट आफ़ राजस्थान स्टडीज, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर 313001 (राज०)

जबरनाथ पुरोहित (डॉ०), 7 जनवरी 1934, जोधपुर। शिक्षा–एम०ए०, एम०एड्०, पीएच० डी०। कार्यक्षेत्र–पूर्व प्रोफ़ेसर, काबरा शिक्षक महाविद्यालय, जोधपुर (राज०); कृतियाँ–काव्य–बिगुल बज उठा 1963, अर्गला 1964, समर्पण 1966, सत्यमेव जयते 1968, फिर एक वर्ष बीत गया 1970, समय की शिला पर 1983, परकटा पक्षी 1973, नई पीढ़ी के नाम 1975, सपने और शब्द 1991, जो मुझे तोड़ती है 1993, ये भी हो सकता है 1997, रेंगती हैं चीटियाँ 2000, मुझको सपना आता 2003, जो मुझमें रहते हैं 2004, आख़िर कब तक 2007; संस्मरण–स्नेह के सान्निधय के क्षण 2001, स्नेहिल क्षण समवेत कण 2006; जीवन चरित–लोकनायक जयनारायण व्यास : व्यक्तित्व और विचार 1997, संस्कृति के शिखर पुरुष 1991, हमारे पुरोधा जयनारायण व्यास 1999, एक सूरज और 2004; बालसाहित्य–ये तो गीत हमारे हैं 1980, हम भी ऐसे बनें 1980, यह धरती उपजाऊ है 1981, राजस्थान के कवि 1981;

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नवसाक्षर साहित्य–आओ घेरों को तोड़ें 1981, अँधेरे से उजाले में 1981; शिक्षा–भाषा शिक्षण 1964, शिक्षा एवं भारतीय समाज 1966, शिक्षा में नवाचार 1966, शैक्षिक प्रबंध एवं शिक्षा की समस्याएँ 1967, भारतीय शिक्षा की समस्याएँ 1968, स्वतंत्र भारत में शिक्षा का विकास 1970, शिक्षा : नवचिंतन एवं अनुसंधान 1985, भारतीय शिक्षा : विशेषताएँ एवं चिंताएँ 1995; संपादन–शिक्षा के नए क्षितिज, पंख और आकाश। पुरस्कार-सम्मान–राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर द्वारा 'सुधींद्र' पुरस्कार 1991; राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर द्वारा विशिष्ट साहित्यकार सम्मान 1999; सहस्राब्दी विश्व हिंदी-सम्मेलन नई दिल्ली में राष्ट्रीय हिंदीसेवा सहस्राब्दी सम्मान 2000; राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर का मीरा पुरस्कार 2001; शिक्षा समिति मेड़ता (राज॰) का महाकवि वृंद पुरस्कार 2003; अरावली साहित्य संस्थान (मारवाड़ पाली) का दुरसाआढ़ा पुरस्कार 2003; शेरे-ए-राजस्थान जयनारायण व्यास साहित्य पुरस्कार 2003; कविसभा चक्रधरपुर (झारखंड) का राष्ट्रकवि दिनकर पुरस्कार 2001; अखिल भारतीय साहित्य परिषद मुंबई का महाप्राण निराला पुरस्कार 2004; महरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट जोधपुर का महाराजा मानसिंह स्मृति पुरस्कार 2006; अखिल भारतीय साहित्य परिषद जोधपुर का महादेवी वर्मा पुरस्कार 2008; महाराणा मेवाड़ चैरिटेबिल ट्रस्ट, उदयपुर का महाराणा कुंभा सम्मान 2008; साहित्य परिषद जोधपुर द्वारा महादेवी वर्मा स्मृति समग्र साहित्य अवदान सम्मान 2008। पता–ज्योति, 394, गांधीचौक, जोधपुर 742001 (राज॰); दूरभाष: 0291-2628379, मो॰ 09413252533

जब्बार ढाँकवाला, 14 दिसंबर 1955, रायपुर (म॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, एल॰एल॰बी॰। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कार्यक्षेत्र–राजकीय अधिकारी। विधाएँ–व्यंग्य, कविता, कहानी। कृतियाँ–बादलों का तबादलों से संबंध; अनेक पत्र-पत्रिकाओं में रचनाएँ प्रकाशित एवं आकाशवाणी से प्रसारित। पुरस्कार-सम्मान–'बादलों का तबादलों से संबंध' पुस्तक को म॰प्र॰ हिंदी राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा 'मीर' सम्मान से पुरस्कृत। पता–कार्यपालक निदेशक, ज़िला ग्रामीण विकास अभिकरण, छतरपुर (म॰प्र॰); दूरभाष : 232073 (निवास), 232072 (कार्या॰)

जमनालाल बायती (डॉ॰), 20 नवंबर 1938, पारसोली, ज़िला चित्तौड़। शिक्षा–एम॰ए॰, एम॰काम॰, एम॰एड॰, एम॰ए॰आई॰ई॰, पीएच॰डी॰, डी॰लिट्॰, साहित्यरत्न, पत्रकारिता में डिप्लोमा। कार्यक्षेत्र–अध्यापन। कृतियाँ–शिक्षा के नए उभरते क्षितिज, शैक्षिक विचार, बालकों की सामान्य समस्याएँ, शिक्षा मोड़ पर, नई राष्ट्रीय शिक्षा, शैक्षिक विधा आदि। पता–पोस्ट पारसोली (चित्तौड़)

जयकुमार जलज (डॉ॰), 2 अक्टूबर 1934 ललितपुर (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–पूर्व प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर, महाविद्यालय, रतलाम। विधा–कविता, समीक्षा, भाषाविज्ञान। कृतियाँ–सूरज-सी आस्था (कविता) 1958, ध्वनि और ध्वनिग्रामशास्त्र (भाषाशास्त्र), तुम कहाँ से आए (बालविज्ञान), संस्कृत नाट्यशास्त्र : एक

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पुनर्विचार (समीक्षा), ऐतिहासिक भाषाविज्ञान , संस्कृत और हिंदी नाटक : रचना एवं रंगकर्म (शोध और समीक्षा), भगवान महावीर का बुनियादी चिंतन, (अब तक उन्नीस संस्करण); अनुवाद–संस्कृत से हिंदी–परमप्पयासु (आचार्य जोइंदुकृत); योगसार (आयार्च जोइंदुकृत); प्राकृत से हिंदी–अट्ठ पाहुड (आचार्य कुंदकुंद कृत), ध्यानशतक (अज्ञात आचार्यकृत), द्रव्यसंग्रह (आचार्य नेमिचंद्र सिद्धांतिदेव); पुरस्कार-सम्मान–मध्यप्रदेश शासन का कामताप्रसाद गुरु पुरस्कार; मध्यप्रदेश शासन का अखिल भारतीय विश्वनाथ पुरस्कार; मध्यप्रदेश शासन का भोज पुरस्कार; हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की साहित्य-सारस्वत उपाधि; मध्यप्रदेश लेखक संघ का अक्षर आदित्य अलंकरण। पता–30, इंदिरानगर, रतलाम 457001 (म०प्र०); दूरभाष : 07412-260911, 404208, मो०09893635222; ईमेल–jaykum arjalaj@yahoo.com

जयकुमार 'रुसवा', 10 अगस्त 1957, रतनगढ़ (राज०); शिक्षा–माध्यमिक। कार्यक्षेत्र–मंचीय काव्यपाठ एवं स्वतंत्र लेखन। विधाएँ–हास्य-व्यंग्य। कृतियाँ–टुकड़े-टुकड़े सोच (हास्य-व्यंग्य-संग्रह), हंगामा (संपादित, हास्य-व्यंग्य-संग्रह); दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से नियमित प्रसारण। पुरस्कार-सम्मान–अनेक साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित। अन्य–आकाशवाणी जयपुर के साहित्य परामर्शदात्री समिति के तीन वर्ष तक सदस्य, जयपुर दूरदर्शन तथा आकाशवाणी से निरंतर कविगोष्ठियों में रचनाओं का निरंतर पठन। पता–66, पथुरिया घाट स्ट्रीट, कोलकाता 700006; दूरभाष : 033-25430399

जय चक्रवर्ती, 15 नवंबर 1958, कीरतपुर (कन्नौज) उ०प्र०। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी), मैकेनिकल इंजीनियरिंग। कार्यक्षेत्र–हिंदी अधिकारी, आई०टी०आई०लि०, रायबरेली। विधाएँ–गीत, नवगीत, ग़ज़ल, दोहा आदि। कृतियाँ–देश की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं एवं सहयोगी संकलनों में रचनाएँ प्रकाशित। पुरस्कार-सम्मान–एक दर्जन से अधिक साहित्यिक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित। अन्य–अखिल भारतीय मंचों पर काव्य-पाठ। पता–एम-1/149, जवाहर विहार, रायबरेली 229010 (उ०प्र०); दूरभाष : 0535-2208161

जयजयराम आनंद (डॉ०), ग्राम लायकपुर (नगलासेवा) पो० परौखा, (मैनपुरी) उ०प्र०; शिक्षा–एम०ए० (मनोविज्ञान), एम०एड० (इलाहाबाद), पीएच०डी० (शिक्षा), विशारद, साहित्यरत्न (मानद); कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र एवं लेखन। विधाएँ–कहानी, दोहा, कविता, संस्मरण, बालगीत समीक्षा; कृतियाँ–शिक्षा–बुनियादी शिक्षा में समवायी शिक्षण-पद्धति, विश्व के महान शिक्षाशास्त्री, शैक्षिक अनुसंधान एवं सांख्यिकी, जनसंख्या शिक्षा, सामाजिक एवं आर्थिक संरचना एवं भारत की संस्कृति के तत्त्व आदिकाल से 1958 तक। गोवावासियों का अमानवीयकरण, शैक्षिक अनुसंधान प्रतिवेदन लगभग डेढ़ दर्जन बाल-समस्याएँ आदि; साहित्यिक–(गीत बाल-गीत) माटी धरे महावर, चंदन, चाँद सितारो में आनंद धूल भरे हीरे आनंदघर-घर में वसंत, घर के अंदर घर, बोला कागमुंडेर (दोहा-संग्रह), बूँद-बूँद आनंद,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अमरीका में आनंद, हास्ययोग आनंद, दोहा-दोहा आनंद; पुरस्कार-सम्मान–राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 1971-72; प्रशिक्षक 1974-75 रा॰ शै॰अ॰प्र॰प॰, नई दिल्ली, प्रशासक रा॰ शै॰ योजना एवं प्रशासनिक संस्थान, नई दिल्ली; महामहिम राष्ट्रपति वी॰वी॰ गिरि 1971, प्रो॰ मुनीस रजा निदेशक रा॰शै॰यो॰एवं प्रशासनिक संस्थान नई दिल्ली 1983, 1984, बंबई हिंदी विद्यापीठ 1991, महा॰ ज्योतिराव फूले एवं प्र॰ परिषद बंबई 1992, अ॰भा॰भा॰सा॰ सम्मेलन 1999, 2006, 2007 महा॰ ज्योतिबा फूले सम्मान 2003, सरस्वती साधना परिषद, मैनपुरी द्वारा सारस्वत सम्मान 2003, लोहिया स्मृति सम्मान, गया 2004, भा॰द॰सा॰अ॰ मध्यप्रदेश आश्वस्त हिंदी गरिमा सम्मान 2005, अ॰भा॰भा॰सा॰ सम्मेलन, भोपाल बैताल सम्मान 2008 दोहाश्री शिव संकल्प सा॰ प॰ नर्मदापुरम 2010, अमृत, सम्मान 2013 कला मंदिर, बालकल्याण साहित्य सम्मान 2012 एवं अनेक सामाजिक शैक्षिणिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित। पता–आनंद प्रकाशन, प्रेम निकेतन, ई 7/70, अशोका सोसायटी, अरेरा कालोनी, भोपाल 462016 (म॰प्र॰); दूरभाष : 0755-2467604, मो॰ 08517912504; ईमेल–jjranand1934@rediff.com

जयदेव तनेजा (डॉ॰), 15 मार्च 1943, ओकाड़रा (अब पाकिस्तान); शिक्षा–एम॰लिट्॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। भाषाज्ञान–हिंदी, पंजाबी, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–रंगकर्म और मीडिया, रंग-साक्षात्कार, हिंदी नाटक आजकल, अंधायुग–पाठ और प्रदर्शन, मोहन राकेश–रंग शिल्प और प्रदर्शन, नई रंग-चेतना और हिंदी नाटकार, आधुनिक भारतीय रंग-परिदृश्य, हिंदी रंगकर्म–दशा और दिशा, अंधायुग और भारती के अन्य नाटक-प्रयोग, आज के हिंदी रंग-नाटक–परिवेश और परिदृश्य, समकालीन हिंदी-नाटक और रंगमंच, लहरों के राजहंस–विविध आयाम, समसामयिक हिंदी-नाटकों में चरित्र-सृष्टि, रंगकर्मी कोश, आधुनिक भारतीय रंगलोक; संपादन–पूर्वाभ्यास, बी॰एम॰शाह, मनोहरसिंह, मेरे साक्षात्कार–मोहन राकेश, ब॰व॰ कारंत, पुनश्च (राकेश और अश्क का पत्राचार), एकत्र (मोहन राकेश की अनुपलब्ध, अप्रकाशित रचनाएँ), राकेश और परिवेश–पत्रों में; 'अभिनय' अंतर्देशीय नाट्यपत्र (पाक्षिक) संयुक्त संपादन (100 अंक); सम्मान- पुरस्कार–साहित्यिक कृति पुरस्कार (हिंदी अकादमी), विश्व रंगमंच दिवस सम्मान (दिल्ली नाट्यसंघ), परिषद्-सम्मान (साहित्य कला परिषद्), साहित्यकार-सम्मान (हिंदी अकादमी, दिल्ली); पता–165, नेहरू अपार्टमेंट्स, आउटर रिंग रोड, नई दिल्ली 110019; दूरभाष: 011-26473772; मो॰ 09899547647

जयनाथमणि त्रिपाठी, 28 अगस्त 1936; देवरिया (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी), साहित्यरत्न, विद्यावाचस्पति (पीएच॰डी॰) मानद। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्ति के बाद समाजसेवा एवं अंचल भारती का संपादन। भाषाज्ञान–हिंदी, भोजपुरी, संस्कृत, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–फुहार (गीत-संकलन); पतझर का बसंत, नहीं मैं सच नहीं बोलूँगा (काव्य-संकलन); परिवेश के बिंदु, लोध्ररज मेरे विचार (अंचल भारती के कुछ चुने हुए संपादकीयों का संकलन) (निबंध-संग्रह); कोहरे का सूरज (कथा-संग्रह); संपादन–बोध का विद्रोह (कहानी-संग्रह),

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

प्रगति चेतना के समकालीन कवि व अनेक स्मारिकाओं एवं काव्य-संकलनों का संपादन, अंचल भारती (त्रैमासिक); सम्मान-पुरस्कार–उ०प्र०हिंदी संस्थान का सरस्वती नामित पुरस्कार, म०प्र०, बिहार की अनेक सामाजिक-साहित्यिक संस्थाओं से सम्मानित/पुरस्कृत। पता–2/109, देवरिया रामनाथ, देवरिया (उ०प्र०) 274001; मो० 09415320854, 08423074140; ईमेल–anchalbharti_80@rediffmail.com

जयनारायण अरुण, 2 फरवरी 1934, बास्टा (बिजनौर) उ०प्र०। शिक्षा–एम०ए० (त्रय), एल०टी०, विद्यावाचस्पति, आई०जी०डी० (बंबई), आर०डी०एस० (लंदन); कार्यक्षेत्र–अवकाश प्राप्त, शिक्षक, हिंदू इंटर कालेज, चाँदपुर (बिजनौर), सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार। विधा–गीत, ग़ज़ल, लेख। कृतियाँ–विभिन्न संकलनों और पत्र-पत्रिकाओं में गीत, ग़ज़ल और लेखों का प्रकाशन; आकाशवाणी व दूरदर्शन से रचनाओं का प्रसारण; प्रसाद के फूल साप्ताहिक के संपादक। विशेष–अनेक साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं में विशिष्ट पदों पर आसीन। पता–प्रसाद अकादमी, सिविल लाइंस, बिजनौर 246701 (उ०प्र०); दूरभाष : 01342-2621684

जयनारायण कौशिक (डॉ०), 4 नवंबर 1935; जहाँगीरपुर, ज़िला झज्जर, हरियाणा। शिक्षा–एम०ए० (हिंदी, अँग्रेज़ी), एम०एड०, जे०डी०, पीएच०डी०। कार्यक्षेत्र–सेवानिवृत्त पूर्व निदेशक, हरियाणा साहित्य अकादमी। संप्रति स्वतंत्र लेखन। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, उर्दू। कृतियाँ–संस्कृति–दिल्ली की अपनी कहानी (वैदिकयुग से अद्यतन), दिल्ली अंचल की लोकसंस्कृति, साहित्य में वर्णित इंद्रप्रस्थ, रामकथा और लोकसाहित्य, कृष्णकथा और लोकसाहित्य, हमारे तीज-त्योहार और मेले, यमुना तेरा कैसा पानी, लोकसंस्कृति और लोकसाहित्य, लोकसाहित्य और संस्कार संस्कृति, लोकसाहित्य और संस्कृति दिग्दर्शन (निबंध), फास्ट्स ऑफ़ द हिंदू (तीन भाग); यात्रावृत्त–मेरी कैलास-मानसरोवर यात्रा, राइन नदी से सिंधु तक। आत्मकथा–अतीत की परछाइयाँ। उपन्यास कहानी–माटी का मोल, बूढ़ सुहागिन, धरती का सिंदूर, कामरूप के गलियारे, पेड़ की कहानी, चुनमुन की कहानियाँ, पर्यावरण प्रदूषण, राष्ट्रीय कलेंडर के विकास की कहानी, अंकों की कहानी, मृत कन्या तथा अन्य, फोक टेल्स ऑफ़ हरियाणा, फोक टेल्स ऑफ़ द लैंड ऑफ़ महाभारत। एकांकी–प्रहसन दशक, वृद्धकन्या, राजधर्म। कोश–हरियाणवी हिंदी कोश, वैदिक हरियाणवी कोश, देवीभागवत सूक्ति सुधा कोश। बेसिक हिंदी वोकेबलरी। भाषा–हिंदी शिक्षण, पाठ योजना निर्देशिका, शुद्ध हिंदी लेखन, उच्चारण की शिक्षा। अनुवाद–धरा का गीत (वैदिक मंत्र), यात्रा के पड़ाव (भर्तृहरि शतकत्रय), बुद्धवाणी (धम्मपद); सम्मान-पुरस्कार–दिल्ली हिंदी अकादमी, हरियाणा साहित्य अकादमी, प्रौढ़ शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय हिंदीसेवा सहस्राब्दी सम्मान, राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार, नागरी प्रचारिणी सभा शुक्रवारी मंच, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रपति द्वारा शिक्षक पुरस्कार, दिल्ली राज्य शिक्षक पुरस्कार, एन०सी०ई० आर०टी०-टीचर एजूकेटर; पता–सी-605, सरस्वती विहार, दिल्ली 110034; दूरभाष : 011-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

27014738; मो॰ 09811445953; ईमेल–sagunkaushik@yahoo.com

जयनारायण मिश्र 'हेम' (डॉ॰) 2 जनवरी 1931, पुनास वैद्यालय (समस्तीपुर) बिहार। शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–एल॰एन॰ मिथिला विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में पूर्व प्राध्यापक। विधा–काव्य, गीत, आलोचना। कृतियाँ–गीत–गीत हेम के, नौनिहाल (बालसाहित्य); आलोचना–द्विजदेव के काव्य का आलोचनात्मक अध्ययन; रत्नावली खंडकाव्य। संप्रति–पक्षधर वाचस्पति राजेंद्र शोध संस्थान हिंदी विद्यापीठ, देवघर, वैद्यनाथ धाम (बिहार); साक्षरता निकेतन लखनऊ, अयोध्या, दिल्ली, कलकत्ता; आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों से काव्यपाठ; समीक्षा से संबद्ध विभिन्न उच्चकोटि की साहित्यिक संस्थाओं से संबद्ध; अनेक पत्र-पत्रिकाओं में काव्य एवं समीक्षाएँ निरंतर प्रकाशित। पता–भावना भवन, प्रोफ़ेसर कालोनी, ताजपुर रोड, समस्तीपुर 848101 (बिहार); दूरभाष : 06274-222489

जयनारायण वर्मा 'संतोषी' (डॉ॰) 12 जून 1933, रोहतक (हरियाणा); शिक्षा– एम॰ए॰ (हिंदी, संस्कृत, अँग्रेज़ी), एम॰लिट्॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–पूर्व प्राध्यापक, ज़ाक़िर हुसैन कालेज, दिल्ली। भाषाज्ञान–हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी, बंगला, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–हरियाणवी लोकोक्तियाँ : शास्त्रीय विश्लेषण, काव्यशास्त्र एक नव्य परिबोध, हिंदीभाषा के विकास में आंचलिक उपन्यासों का योगदान, हिंदी साहित्य का इतिहास–रीतिकाल तक, हिंदी साहित्य का इतिहास–आधुनिककाल। पुरस्कार-हरियाणा सरकार द्वारा पुरस्कृत। पता–640-42, अरुणा लेन, नं॰ 1, पुल मिठाई, दिल्ली 110006

जयप्रकाश कर्दम (डॉ॰), 5 जुलाई 1958; ग्राम-इंदरगढ़ी, गाजियाबाद (उ॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰, (दर्शनशास्त्र, हिंदी, इतिहास), पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (भारत सरकार) में संयुक्त निदेशक (रा॰भा॰); भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी। कृतियाँ–उपन्यास–छप्पर, करुणा। बाल-उपन्यास–श्मशान का रहस्य। कविता-संग्रह–गूंबा नहीं था मैं, तिनका तिनका आग। कहानी संग्रह–तलाश। शोधप्रबंध–श्रीलाल शुक्ल कृत रागदरबारी का सामाजशास्त्रीय अध्ययन। आलोचना-निबंध–इक्कीसवीं सदी में दलित आंदोलन (साहित्य एवं समाज चिंतन), दलित विमर्श–साहित्य के आईने में, बौद्धधर्म के आधार-स्तंभ, जर्मनी में दलितसाहित्य। राहुल (खंडकाव्य); संपादन–धर्मांतरण और दलित, जाति–एक विमर्श, दलितसाहित्य (वार्षिकी); अनुवाद–चमार (दि चमार्स का हिंदी अनुवाद); सम्मान-पुरस्कार–राष्ट्रपति द्वारा 2007 में पद्मभूषण मोटूरि सत्यनारायण पुरस्कार से सम्मानित। पता–बी-634, डी॰डी॰ए॰ फ्लैट्स, ईस्ट ऑफ़ लोनी रोड, दिल्ली 110093, दूरभाष : 011-22814887; मो॰ 09871216298; ईमेल–jpkardam@rediffmail.com

जय वर्मा, जिवाना, मेरठ, (उत्तर प्रदेश); शिक्षा बी॰ए॰ (अँग्रेज़ी, अर्थशास्त्र, आर्ट्स), बी॰टेक॰, एडवांस डिप्लोमा (सर्विस मैनेजमेंट), पी॰जी॰ सर्टिफ़िकेट (प्रैक्टिस मैनेजमेंट); कार्यक्षेत्र–संस्कृति यू॰के॰ की संपादकीय सलाहकार, ब्रिटिस हिंदी लेखक संघ की कोषाध्यक्ष,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नेशनल हैल्थ सर्विस में प्रेक्टिस मुख्य प्रबंधक। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रजी। कृतियाँ–सहयात्री हैं हम (काव्य-संग्रह) 2008; भारत और ब्रिटेन की विभिन्न पत्रिकाओं और काव्य-संकलनों में लेख और कविताएँ प्रकाशित। सम्मान-पुरस्कार–नॉटिंघम में 2006 में हिंदी गतिविधियों के लिए सम्मानित, सरस्वती साहित्यिक संस्था द्वारा 2007 में सम्मानित, अक्षरम प्रवासी हिंदी सेवा सम्मान 2008, भारतीय उच्चायोग लंदन द्वारा नवोदित लेखक पुरस्कार, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त प्रवासी भारतीय साहित्यकार सम्मान, महीयसी महादेवी वर्मा सम्मान 2009, चौ॰ चरणसिंह विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित 2009; पता–3, डॉरमी क्लोज, ब्रामकोट, नॉटिंघम एनजी 93 डीई, इंग्लैंड। ईमेल–jaiverma777@yahoo.co.uk

जयशंकर, 25 दिसंबर 1959; नागपुर। शिक्षा–एम॰ए॰ (समाजशास्त्र); कार्यक्षेत्र–भारतीय स्टेट बैंक से संबद्ध। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, मराठी। कृतियाँ–कथा-संग्रह–शोकगीत, लाल दीवारों का मकान, करुस्थल, बारिश, ईश्वर और मृत्यु। सम्मान-पुरस्कार–विजय वर्मा कथा सम्मान, श्रीकांत वर्मा स्मृति पुरस्कार। पता–पी॰के॰ साल्वे रोड, मोहन नगर, नागपुर-1 (महाराष्ट्र); दूरभाष : 07147- 288027; मो॰ 09425670177, 09421800071

जयशंकर त्रिपाठी, 31 दिसंबर 1929, बदोली, इलाहाबाद। कृतियाँ–धरती के गीत, आंजनेय, मातृभूमि, गाता हुआ पहाड़, कुरुक्षेत्र का सवेरा, अकेले अमृत नहीं पीऊँगा, आठवाँ दंडी एवं संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास-दर्शन, कवि का रचना-व्यापार और साहित्य शास्त्र आदि। पता–40 ए, मोतीलाल नेहरू रोड, इलाहाबाद 211002 (उ॰प्र॰)

जयशंकर शुक्ल 'किरण' (डॉ॰), 2 जुलाई 1970; ग्राम व पोस्ट सैदाबाद, इलाहाबाद, उ॰प्र॰। शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी, इति॰), एम॰एड॰, पीएच॰डी॰, साहित्यरत्न। कार्यक्षेत्र–हिंदी शिक्षक, शिक्षा विभाग, दिल्ली सरकार। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत। कृतियाँ–काव्य संकलन–किरण, क्षितिज के सपने, सरस्वती वंदना शतक, उद्घोष, गीताभ भाग-3, कविता बोलती है, गीताभ भाग-चार, आँगन-आँगन चाँदनी, त्रिधारा, गीताभ भाग-छह, त्रिधारा, गीताभ भाग-7, कलमकार, दोहों की चौपाल, नूपुर; संपादन–मानसहंस श्रीराम (त्रैमासिक), विश्ववंद्य श्रीराम (त्रैमासिक), नवोदय की आस (काव्य-संग्रह), उद्घोष (काव्य-संग्रह)। पुरस्कार-सम्मान–व्याख्यान-वाचस्पति 2002, काव्यरत्न 2003, काव्यगौरव 2004, सर्वोत्तम शिक्षक सम्मान (जनपदीय) 2005, सर्वोत्तम शिक्षक सम्मान (प्रादेशिक) 2007, लोक एवं संगीत-साधक 2008, श्री संतोष शर्मा अवार्ड 2009, युवा गीतकार सम्मान 2009, देव गुरु बृहस्पति सम्मान 2009, परशुरत्न सम्मान 2010; पता–म॰नं॰ 49, गली नं॰ 6, बैंक कालोनी, नंदनगरी, दिल्ली 110093; मो॰ 09968235647

जयसिंह 'नीरद' (डॉ॰), 2 जनवरी 1954; ऊमरी, ज़िला जालौन, उ॰प्र॰। शिक्षा–एम॰ए॰, पीएच॰डी॰। कार्यक्षेत्र–आचार्य, हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, कन्हैयालाल

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ (डॉ॰ बी॰आर॰ अंबेडकर विश्वविद्यालय) आगरा। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, संस्कृत। कृतियाँ–ढलान पर चढ़ता सूरज, मैं तुम्हारा आईना (कविता-संग्रह), आधुनिकता के हाशिए में उर्वशी, दिनकर के काव्य में परंपरा और आधुनिकता, रामचंद्र शुक्ल (आलोचना), राधामोहन गोकुल का आर्थिक चिंतन; संपादन–दिनकर : व्यक्ति और सृजन, सूरदास, भारतीय साहित्य (शोध-पत्रिका); सम्मान-पुरस्कार–उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय सम्मान, कलमकार सभा (गाजियाबाद), हरिशंकर आदेश आदि अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित। विशेष–चाल्स विश्वविद्यालय प्राग (चेक गणराज्य) में एक वर्ष आचार्य के रूप में हिंदी शिक्षण। पता–ए-2, यूनिवर्सिटी कैंपस, पालीवाल पार्क, आगरा (उ॰प्र॰) 282004; दूरभाष : 0562-2526994; मो॰ 09412300925; ईमेल–prof.jaisingh@gmail.com

जया जादवानी, 1 मई 1959; कोतमा (शल्डोल, म॰प्र॰); शिक्षा–एम॰ए॰ (हिंदी, मनोविज्ञान); कार्यक्षेत्र–स्वतंत्र लेखन। भाषाज्ञान–हिंदी, अँग्रेज़ी, सिंधी। कृतियाँ–मैं शब्द हूँ, अनंत संभावनाओं के बाद भी, उठाता है कोई एक मुट्ठी ऐश्वर्य (कविता-संग्रह); मुझे ही होना है बार-बार, अंदर के पानियों में कोई सपना काँपता है, उससे पूछो, मैं अपनी मिट्टी में खड़ी हूँ अपना हल लिए, प्रतिनिधि कहानियाँ (कहानी-संग्रह); कुछ न कुछ छूट जाता है, मिठो पाणीं खारो पाणीं (प्रकाश्य); सम्मान-पुरस्कार–कुछ छोटे-छोटे पुरस्कार। पता–प्लाट नं॰बी/136, वी॰आई॰पी॰इस्टेट, विधानसभा मार्ग, खमारडीह, रायपुर 492001 (छ॰ग॰); मो॰ 09827947480; ईमेल–jaya.jadwani@yahoo.com

